लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 84, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, परिवार का महत्व और बदलता स्वरूप व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम | 39.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 23 | सूर्यास्त 18 : 47 | हल्द्वानी, रविवार, 12 मई 2024

सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं आमिर...- 15

नवाबों के शहर में मेहमान नवाजी

लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए शनिवार को लखनऊ पहुंचे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का लोगों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत। बता दें कि चौथे चरण में उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर मतदान 13 मई को होगा। ● एजेंसी

मणिशंकर अय्यर के परमाणु बम वाले बयान पर प्रधानमंत्री ने कसा तंज

पाकिस्तान बम बेचने के लिए तलाश रहा खरीदार : मोदी

ओडिशा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 50 सीट भी नहीं जीत पाएगी और चुनाव के बाद उसे विपक्षी दल का दर्जा भी नहीं मिलेगा। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के पाकिस्तान के पास परमाणु बम संबंधी बयान पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि इन डरे हुए लोगों (कांग्रेस) ने देश की जनता के उत्साह को खत्म कर दिया है। आज पाकिस्तान ऐसी स्थिति में है कि वह अपने पास मौजूद बम को

● ओडिशा में बोले प्रधानमंत्री-50 सीट भी नहीं जीत पाएगी कांग्रेस

संभाल नहीं पा रहा है। वे अब अपने बम बेचने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उन्हें खरीदार नहीं मिल रहे हैं क्योंकि लोगों को पता है कि उनके बम खराब गुणवत्ता के हैं।

कंधमाल, बोलंगीर और बारगढ़ लोकसभा सीट पर चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने दावा किया कि ओडिशा की 'अस्मिता' खतरे में है। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार बनेगी और ओडिशा में भाजपा सरकार का मुख्यमंत्री वही बेटी या बेटा बनेगा जो उड़िया भाषा और उड़िया संस्कृति को समझता हो। मोदी ने दावा किया कि कांग्रेस को लोकसभा में प्रमुख विपक्षी दल बनने के लिए 10 प्रतिशत सीट नहीं मिल पाएंगी। राहुल गांधी पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे 2014 के चुनाव के बाद से वही स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं...।

मोदी के चुनावी भाषण में होती हैं खोखली बातें: प्रियंका

नंदूरबार। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने चुनावी भाषणों में खोखली बातें करते हैं, उनकी बातों में कोई विजन नहीं होता है। उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत इंदिरा गांधी के साहस और दृढ़ संकल्प जैसे गुणों को अपनाने चाहिए। वह नंदूरबार से कांग्रेस प्रत्याशी गोवाल पाडवी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं।

मोदी की डोर टेंपो वाले अरबपतियों के हाथ : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए उन्हें टेंपो वाले अरबपतियों का एक कठपुतली राजा बताया। कांग्रेस को अडाणी और अंबानी से टेंपो में नकदी मिलने की टिप्पणी को लेकर मोदी पर हमलावर हुए गांधी ने एक्स पर एक वीडियो साझा किया जिसमें शुक्रवार को लखनऊ में एक कार्यक्रम में उनके भाषण के कुछ अंश शामिल हैं।

बागेश्वर में महसूस हुए भूकंप के झटके

अल्मोड़ा, अमृत विचार : बागेश्वर नगर समेत आसपास के इलाकों में शनिवार की दोपहर भूकंप के झटके महसूस किए गए। झटके महसूस होते ही लोग घरों से बाहर निकल आए और काफी देर तक दहशत का माहौल बना रहा।

शनिवार को बागेश्वर जिला मुख्यालय समेत कपकोट क्षेत्र में दोपहर करीब 12 बजकर 14 मिनट के आसपास स्थानीय लोगों ने भूकंप के झटके महसूस किए। जिसके बाद लोग घरों से बाहर निकल आए और काफी देर तक अंदर नहीं गए। जिले में भूकंप आने की खबर आग की तरह फैल गई। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय की जानकारी के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गई है। हालांकि तीव्रता कम होने से अधिकांश लोगों को इसका पता नहीं चल पाया, लेकिन जिस किसी ने भी भूकंप के झटके महसूस किए। वह दहशत के चलते घरों से बाहर निकल आया।

केजरीवाल का दावा: शाह बनेंगे प्रधानमंत्री, योगी हटा दिए जाएंगे

भाजपा चुनाव जीतती है तो दो महीने के भीतर जेल में होंगे विपक्षी नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अगले साल रिटायर हो जाएंगे। वह (मोदी) अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट मांग रहे हैं। यह भी कहा कि यदि भाजपा सत्ता में आई तो पार्टी दो महीने के भीतर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बदल देगी। दावा किया कि यदि भाजपा लोकसभा चुनाव जीतती है तो पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव समेत सभी विपक्षी नेताओं को जेल में डाल दिया जाएगा।

केजरीवाल ने यहां आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि भाजपा सत्ता में वापस नहीं आएगी और चार जून

को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी पार्टी केंद्र में सरकार का हिस्सा बनेगी। हम दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे।

केजरीवाल ने कहा कि ये लोग 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस' (इंडिया) गठबंधन से उनके चेहरे के बारे में पूछते हैं। मैं भाजपा से पूछता हूं कि उनका प्रधानमंत्री कौन होगा? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। उन्होंने नियम बनाया था कि 75 साल की उम्र वालों को 'रिटायर' कर दिया जाएगा। उन्होंने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन को रिटायर (सेवानिवृत्त) कर दिया। उन्होंने कहा कि मोदी भी अगले साल रिटायर हो जाएंगे। जब केजरीवाल जेल में थे तो भाजपा ने उनसे इस्तीफे की मांग की थी। इस्तीफा नहीं देने के बारे में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का पद मेरे लिए महत्वपूर्ण नहीं है। मैंने मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ा क्योंकि एक फर्जी मामले में मुझे इस्तीफा देने के लिए मजबूर करने की साजिश रची गई थी। केजरीवाल ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सभी चोरों और डकैतों को पार्टी में शामिल कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार से लड़ना सीखना है तो उन्हें अरविंद केजरीवाल से सीखना चाहिए। हमने भ्रष्टाचारियों और यहां तक कि अपने मंत्रियों को भी जेल भेजा। मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने हमारी पार्टी को कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी और एक साल में आप के चार शीर्ष नेताओं को जेल भेज दिया।

शाह का जवाब-मोदी ही करते रहेंगे नेतृत्व

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल के दावे पर गृहमंत्री अमित शाह ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। शाह ने कहा पूर्व हो, पश्चिम हो, उत्तर हो या दक्षिण होइस देश की जनता हर कोने में प्रधानमंत्री मोदी के प्रचंड समर्थन में खड़ी है। इंडिया गठबंधन के नेताओं को पता है कि भाजपा 400 पार करने जा रही है और मोदी तीसरी बार इस देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। इसलिए, केजरीवाल इस प्रकार की अफवाह फैला रहे हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी ही 2029 तक नेतृत्व करेंगे और मोदी ही आने वाले चुनाव का नेतृत्व करेंगे।

दून पुलिस ने कॉल सेंटर में कार्यरत दो लोगों को पकड़ा

फर्जी अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 15 को नोटिस

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : एसओजी तथा पटेलनगर पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कॉल सेंटर में कार्यरत आठ युवतियों व सात युवकों को नोटिस दिए गए हैं। टीम ने 14 लैपटॉप मय हेड फोन, 07 मोबाइल फोन, ब्रॉड बैंड कनेक्शन के उपकरण तथा 7 स्क्रिप्ट बरामद की हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पटेलनगर क्षेत्र में अवैध इंटरनेशनल कॉल सेंटर संचालित होने की सूचना मिली थी। इसके बाद एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में पटेलनगर थाना पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम को जांच में लगाया। टीम ने इंद्रेश अस्पताल के पास स्थित रिद्धिम टावर में प्रथम तल पर चल रहे इस अवैध कॉल सेंटर पर छापा मारा। वहां युवक/युवतियां लैपटॉप व कंप्यूटर सिस्टम के सामने बैठे हैडफोन लगाकर कॉल

कॉल सेंटर से बरामद किए गए लैपटॉप व अन्य उपकरण। ● अमृत विचार

पर बात कर रहे थे। अभियुक्तों द्वारा कॉल सेंटर के माध्यम से स्वयं को माइक्रोसॉफ्ट का प्रतिनिधि दर्शाकर कंप्यूटर सिस्टम में स्वयं द्वारा भेजे गए बग/ वायरस को ठीक करने के बहाने विदेशों में लोगों से ठगी की जाती थी।

कॉल कर रहे युवक/युवतियों ने बताया कि वे विवेक तथा निकिता नाम के व्यक्तियों के लिए काम करते हैं। कॉल सेंटर में वह अपना नाम बदलकर स्वयं को कंपनी का प्रतिनिधि बताकर विदेशी कॉल आने पर बात करते हैं। विदेशी कस्टमर से कंप्यूटर सिस्टम में वायरस होने व हैक होने संबंधित समस्या हल करने की आड़ में गिफ्ट कार्ड अथवा क्रिप्टो करेंसी में पेमेंट प्राप्त कर उनके साथ धोखाधड़ी करते हैं। यह वायरस भी पहले उन्हीं के द्वारा भेजा जाता है। इसके बाद टीम ने कॉल सेंटर संचालक अगरोहा, हिसार हरियाणा निवासी विवेक पुत्र अनिल और विलीज सोनादा (दार्जिलिंग) निवासी निकिता पुत्री किरन को गिरफ्तार कर लिया। कॉल सेंटर में कार्य कर रहे सात युवकों व आठ युवतियों को 41सीआरपीसी का नोटिस दिया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ आईटी एक्ट व षड़यंत्र रचकर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज किया है।

दिल्ली में तूफान से दो की मौत, 23 घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

● तेज हवाओं से उखड़े पेड़ और बिजली के खंभे

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तूफान से संबंधित घटनाओं में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। कई स्थानों पर तेज हवाओं के कारण पेड़, बिजली के खंभे उखड़ गए और दीवारों के कुछ हिस्से गिर गए। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार देर रात आई धूल भरी आंधी के कारण कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो गई। पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में जनकपुरी फ्लाईओवर के पास एक पेड़ की शाखा गिरने से दोपहिया वाहन सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना में एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन उसमें सवार लोग सुरक्षित हैं। रात करीब 11 बजे केएन काटजू मार्ग पर आईबी ब्लॉक के पास एक पेड़ के नीचे दबने एक मजदूर की मौत हो गई।

वहीं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शुक्रवार रात आई तेज आंधी के चलते नोएडा के सेक्टर 62 स्थित एलआईसी भवन के पास स्थित एक इमारत में लोहे की शटरिंग गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई है और तीन अन्य की हालत नाजुक बताई जाती है। ये मजदूर शटरिंग गिरने से लोहे के पाइप के नीचे दब गए थे।

प्रख्यात पंजाबी कवि और लेखक सुरजीत पातर का निधन

लुधियाना। प्रख्यात पंजाबी कवि एवं लेखक सुरजीत सिंह पातर (79) का शनिवार की सुबह निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े छह बजे उनकी पत्नी भूपिंदर कौर ने उन्हें जगाने की कोशिश की लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पातर के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं जिनमें से एक ऑस्ट्रेलिया में रहता है। पातर के करीबी सहयोगी गुरभजन गिल ने कहा कि सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया जा सकता है।

कर्नाटक सेक्स स्कैंडल : भाजपा नेता देवराजे गौड़ा गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता देवराजे गौड़ा को हासन के सांसद एवं जनता दल सेक्युलर (जदएस) नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना को फंसाने वाले कथित अश्लील वीडियो को लीक करने के आरोप में पुलिस ने चित्रदुर्ग जिले से गिरफ्तार कर लिया है। उनके खिलाफ एक महिला का यौन शोषण करने का भी मामला है।

पुलिस ने भाजपा नेता एवं पेशे से अधिवक्ता गौड़ा को जिले के गुलीहाल टोल गेट से शुक्रवार रात गिरफ्तार किया। उन पर रेवन्ना और पीड़ित महिलाओं के वीडियो लीक



● प्रज्ज्वल रेवन्ना से संबंधित अश्लील वीडियो लीक करने में पुलिस ने की कार्रवाई

करने का आरोप है। गौड़ा पर हासन के होलेनरसीपुर की एक महिला ने यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। महिला ने उनके खिलाफ एक अप्रैल 2024 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। महिला ने प्राथमिकी में आरोप लगाए कि गौड़ा ने उसकी संपत्ति बेचने में मदद करने के बहाने करीब 10 महीने तक उसका यौन शोषण किया। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2023 में लोकसभा चुनाव को लेकर जदएस के साथ गठबंधन होने से पहले गौड़ा ने रेवन्ना के कथित यौन शोषण के मामले को केंद्रीय नेतृत्व के ध्यान में लाया था। इस मामले की जांच करने वाली एसआईटी ने गौड़ा को गवाही देने और चल रही जांच में सहयोग करने के लिए बुलाया था।

आज प्रातः छह बजे खुलेंगे बदरीनाथ धाम के कपाट

बदरीनाथ धाम, एजेंसी

उत्तराखंड स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री बदरीनाथ धाम के कपाट रविवार यानी 12 मई को प्रातः छह बजे ग्रीष्मकालीन दर्शनार्थ श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएंगे। इससे पूर्व , राज्य के अन्य तीन धाम श्री केदारनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री के कपाट बीते शुक्रवार, अक्षय तृतीया, 10 मई को खुल चुके हैं।

बदरी नाथ के कपाट खुलने की श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) द्वारा सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। इसके लिए मंदिर को श्री बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति, ऋषिकेश के सहयोग से पुष्पों



से भव्य रूप से सजाया जा रहा है। रात्रि तक मंदिर को सजाने का कार्य चलता रहेगा। इतना ही नहीं, बड़ी संख्या में तीर्थयात्री श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गये है और यह क्रम जारी है। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने आज धाम में यात्रा एवं मंदिर दर्शन व्यवस्था हेतु मंदिर कर्मचारियों को व्यापक दिशा निर्देश दिए।

मां, पत्नी व तीन बच्चों की हत्या के बाद की आत्महत्या

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के मां, पत्नी और तीन बच्चों की हत्या करने के बाद अधेड़ ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पत्नी को हथौड़े से, मां को गोली मारकर और बच्चों को छत से फेंककर हत्या की गई। पांच हत्याओं व आत्महत्या की गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुटी हुई है। इस प्रकरण पर ग्रामीणों का कहना है कि हत्या करने वाला युवक नशे का आदी था। जबकि मृतका प्रियंका का भाई भूमि विवाद के चलते सभी छह लोगों की हत्या का दावा कर रहा है।

क्षेत्र के ग्राम पाल्हापुर निवासी अनुराग सिंह (45) पुत्र स्व. वीरेंद्र सिंह ने शनिवार तड़के तीन बजे

अनुराग अपनी पत्नी प्रियंका और तीन बच्चों के साथ (फाइल फोटो)।

घर में सो रही मां सावित्री (65) व पत्नी प्रियंका (39) को पहले गोली मारी। यही नहीं, पत्नी के सिर पर हथौड़े से वार किया, ताकि वो जिंदा न बचे। इसके बाद अनुराग ने बेटी आर्ना (12), आरवी (8) और पुत्र आद्विक (5) को छत से नीचे फेंक दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पांचों की हत्या करने के बाद अनुराग ने स्वयं को गोली मार आत्महत्या कर ली। अनुराग के भाई अजीत की सूचना पर पहुंची पुलिस व एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मौके से खून से सना हथौड़ा भी बरामद किया। अजीत ने बताया कि शुक्रवार देर शाम अनुराग की पत्नी और उसके बच्चे लखनऊ से आए थे। देर शाम दोनों के बीच शुरू हुआ विवाद देर रात तक चलता रहा। इस दौरान वह जाकर कमरे में सो गया। मां, भाभी व तीनों बच्चों की मौत के बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है। छह मौतों के बाद भाई अजीत की यह बात किसी के गले नहीं उतर रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मौत का तांडव

● वर्ष 2023 में पिता की मौत के बाद अनुराग और उसके भाई अजीत के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहा था विवाद

अनुराग ने पत्नी प्रियंका और तीन बच्चों सहित मां की हत्या कर दी। फिर खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। घटनास्थल से असलहा और हथौड़ा बरामद किया गया है। छोटे भाई अजीत सिंह की तहरीर पर मृतक बड़े भाई अनुराग के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।
-चक्रेश मिश्रा, एसपी सीतापुर

सीएम आवास पर होता था दंगाइयों का महिमामंडन

संवाददाता, कन्नौज/कानपुर/उन्नाव

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा शासन में मुख्यमंत्री आवास पर दंगाइयों का महिमामंडन होता था। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से आतंकवाद का दौर लौट आएगा। मुख्यमंत्री शनिवार को कन्नौज, कानपुर व उन्नाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए आयोजित जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मुख्यमंत्री ने तीनों सीट पर क्रमशः सुब्रत पाठक, रमेश अवस्थी, साक्षी महाराज व

● इंडिया गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से लौट आएगा आतंकवाद का दौर

● मुख्यमंत्री ने कन्नौज, कानपुर व उन्नाव में पार्टी प्रत्याशियों के लिए जनसभा की

अकबरपुर से देवेंद्र सिंह 'भोले' को विजय दिलाने की अपील की। उन्होंने कन्नौज में सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन को यहां प्रत्याशी नहीं मिल रहा था, इसलिए वह चुनाव लड़ रहे हैं। पहले किसी को टिकट दिया, फिर उसका टिकट काट दिया। दूसरे को दिया तो वह मैदान छोड़कर भाग गया। तीसरे की घोषणा की तो उसने मना कर दिया। जब कोई नहीं मिला तो सपा अध्यक्ष कह रहे हैं कि वह सेवा करना चाहते हैं। इनके पास जब मौका था, तब कन्नौज के इत्र में बदबू फैलाने का काम कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने आम लोगों से आह्वान किया कि वह घर-घर जाएं और कहें कि उन्हें रामभक्त चाहिए, रामद्रोही नहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कहा था कि 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे।' तब सपा के लोग रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे। इनके समय में अयोध्या में आतंकी हमला हुआ था। यह लोग आतंकियों के मुकदमे वापस लेते थे। कांग्रेस ने देश और सपा ने यूपी की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया।

झील व जल स्रोतों के लिए वरदान बनी बारिश

दो घंटे तक आसमान से लगातार पानी बरसने से जंगलों में लगी आग बुझी, झील के जलस्तर में हुई बढ़ोत्तरी

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : दिसंबर व जनवरी में बर्फबारी नहीं होने से नैनीताल की शान नैनीझील का स्तर अपने निम्न स्तर पर पहुंच गया था। नगर वासियों की प्यास बुझाने वाले प्राकृतिक जल स्रोत भी सूखने के कगार पर पहुंच चुके थे, जिसके चलते अप्रैल से ही पीने के पानी की समस्या से नगरवासियों को जूझना पड़ रहा था, लेकिन शुक्रवार देर रात हुई बारिश से जहां जंगलों में लगी आग से राहत मिली है तो वहीं नैनीझील के जलस्तर में भी बढ़ोत्तरी हुई, हालांकि अभी भी झील के जलस्तर में आधा इंच की गिरावट है। दूसरी ओर प्राकृतिक जल स्रोतों के पुनर्जीवित होने की उम्मीद भी जताई जा रही है। अगर प्री मानसून में बारिश होती है तो इससे नगरवासियों को पीने के पानी की समस्या नहीं होगी।

नैनीझील में नौकायन करते पर्यटक। ● अमृत विचार

बता दें कि शुक्रवार देर रात बिजली की तेज गर्जना से जहां लोगों में डर का माहौल बन गया था, वहीं करीब दो घंटे तक हुई बारिश से लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। शनिवार को भी दोपहर तक धूप छांव का खेल चलता रहा तो वहीं देर शाम तक नगर में कोहरा छाने लगा था, जिससे एक बार फिर से गुनगुनी ठंड का अहसास बढ़ने लगा। वहीं मौसम के जानकारों का कहना है कि बारिश से थोड़ी बहुत राहत तो मिली है लेकिन अभी भी बारिश का होना जरूरी है अन्यथा नैनीताल की पहचान नैनीझील के अस्तित्व पर खतरा मंडरा सकता है और लोगों को भी पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ सकता है। मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 21 तो न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पहाड़ों में बारिश से मैदान में गिरा तापमान

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : शुक्रवार की रात पर्वतीय क्षेत्रों में जहां झमाझम बारिश हुई, वहीं हल्द्वानी में हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई। बारिश से मैदानी इलाकों में गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार (आज) को भी मौसम खराब रहने का अनुमान है।

विगत कई दिनों से पूर्वी हवाओं के चलते उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदल गया है। जिसकी वजह से बारिश और तेज हवाओं का दौर जारी है। शनिवार को कुमाऊं मंडल के पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। साथ ही हल्द्वानी में शनिवार की तड़के मामूली बूंदाबांदी हुई। नम हवाओं की वजह से लोगों को लू से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आगे भी बारिश का अनुमान जताया है।

सार-संक्षेप

बिना लाइफ जैकेट नौकायन कर रहे पर्यटक

नैनीताल : नैनीझील में नौकायन के दौरान पर्यटक व नाव चालक लगातार नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। एक ओर लोग बिना लाइफ जैकेट के नौकायन कर रहे हैं तो वहीं कुछ पर्यटक बिना लाइफ जैकेट के नाव में खड़े होकर मस्ती कर दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। शनिवार को भी नैनीझील में चार नौकाओं को एक साथ चलाते हुए पर्यटक खड़े होकर बिना लाइफ जैकेट के मस्ती करते नजर आए। बता दें कि हाईकोर्ट व जिला प्रशासन के कडे.निर्देशों के बाद भी हर रोज नौकायन के दौरान पर्यटक बिना लाइफ जैकेट के खडे.होकर मस्ती कर रहे हैं, जबकि पालिका ने नाव चालकों को पर्यटकों को लाइफ जैकेट पहन कर ही नौकायन करने के निर्देश दिए। साथ ही पालिका के अधिकारी बीते एक साल से बोट स्टैंड में जाकर मुनादी कर नाव चालकों को चालान निरस्त करने की चेतावनी दी थी, लेकिन अब तक पालिका की ओर से एक ही लाइसेंस निरस्त नहीं किया गया है। ना ही कोई बड़ी कार्रवाई की गई है, जिसके चलते लोग बिना लाइफ जैकेट के नौकायन कर जान जोखिम में डाल रहे हैं।

हंस फाउंडेशन ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया

नैनीताल : शनिवार को बल्दियाखान में "द हंस फाउन्डेशन मोबाइल मेडिकल यूनिट" की ओर से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें डॉक्टरों ने ग्रामीणों की जांच की तथा उनका निशुल्क दवा का वितरण किया। शिविर में तीन दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ लिया। बता दें कि संस्था की ओर से महीने में दो बार अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाया जाता है। इस दौरान डॉ. कुशलेदर दत्त, सुरेश जनौटी, प्रीति रावत, दिलबाग सिंह आदि मौजूद रहे।

जीजा की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंचा किशोर

नैनीताल : सूखाताल क्षेत्र निवासी दम्पति के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। इस पर 13 वर्षीय किशोर शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गया। शनिवार को घटना के दौरान महिला का 13 वर्षीय भाई भी घर पर ही था। दीदी की पिटाई होती देख किशोर भागता हुआ कोतवाली पहुंचा और दीदी को बचाने की गुहार लगाने लगा। शिकायत पर चीता कांस्टेबल वीरेंद्र गोले किशोर को लेकर उसके घर पहुंचे, जहां झगड़ रहे पति पत्नी को किसी तरह शांत करवाया गया।

मिनी स्टेडियम की सोलर लाइट को करवाया ठीक

भीमताल : भीमताल के मिनी स्टेडियम में उरेडा से लगी सभी 9 लाइटें खराब हो गई थीं, जिसके चलते स्टेडियम में खेलकूद का अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय खिलाड़ियों को जब परेशानी ज्यादा होने लगी तो मामले को क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता शुभम नैनवाल के सामने खिलाड़यों ने रखा। शुभम ने उरेड़ा के अधिकारियों को अवगत कराया और शीघ्र से शीघ्र लाइटों को ठीक करने का निवेदन किया। शनिवार को उरेड़ा के कर्मचारियों ने खराब लाइटों को ठीक करवा दिया। इस पर लोगों व खिलाड़ियों ने सामाजिक कार्यकर्ता व उरेड़ा के अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

खराब लाइटों को ठीक करते कर्मचारी।

दमकल टीम ने जंगल में आग लगाते पर्यटकों को पकड़ा

नैनीताल : नैनीताल भवाली रोड में गश्त करती दमकल की टीम ने पर्यटकों को आग लगाते पकड़ा। अग्निशमन अधिकारी ने मौके पर ही पर्यटकों को फटकार लगाते हुए आग बुझवाई। अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय शनिवार को टीम के साथ भवाली से नैनीताल की ओर लौट रहे थे। तभी भूमियाधार के निकट दिल्ली से आये कुछ पर्यटक हुक्का पीने के इरादे से सड़क के किनारे जंगल क्षेत्र में आग जलाते दिखे। आग जलती देख अग्निशमन अधिकारी ने मौके पर ही उक्त व्यक्तियों को फटकार लगाते हुए आग बुझवाई। साथ ही जंगल व सड़क के किनारे आग न जलाने के निर्देश दिए। पर्यटकों की ओर से माफी मांगने पर उनको छोड़ दिया गया।

ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल छात्र-छात्राएं।

नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने ली कर्तव्य निष्ठा की शपथ

भीमताल : ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल में दीप प्रज्ज्वलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। समारोह का शुभारम्भ निदेशक कर्नल एके नायर, प्राचार्या हंसी नेगी व अन्य विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। समारोह में बीएससी नर्सिंग की छात्राओं को व्यवसाय के प्रति कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई और फ्लोरेंस नाइटिंगेल के मार्ग पर चलते हुए छात्रों को बीमार और घायल व्यक्तियों की देखभाल के लिए प्रेरित किया। परिसर निदेशक कर्नल एके नायर ने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण पूरा करने के लिए प्रेरित किया। नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर हंसी नेगी ने छात्र-छात्राओं को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन नेहा भट्ट ने किया। कार्यक्रम में डॉ. प्रतीति हलदार, एलेक्स जेम्स, स्वीटी परिहार, सपना कुंवर, खुशबू घिंगा, बबीता बिष्ट, तनुजा, शिवानी, प्रीति एवं अन्य विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 12 हजार 583 वादों का निस्तारण

नैनीताल : राष्ट्रीय विधिक प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत 12583 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत नैनीताल हाई कोर्ट में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। हाई कोर्ट में न्यायाधीश आलोक कुमार वर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में सुनवाई के लिए 431 वादों को रखा गया था। उत्तराखंड के सभी न्यायालय में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत 12583 वादों का निस्तारण कर 1,04,87,24,552 की समझौता राशि एकत्र की गई। जानकारी देते हुए उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव प्रदीप मणि त्रिपाठी ने बताया उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय अल्मोड़ा में 128,बागेश्वर में 72, चमोली में 56,चंपावत में 118,देहरादून में 1884, हरिद्वार में 1646,नैनीताल में 1002, पौड़ी में 662, पिथौरागढ़ में 216,रुद्रप्रयाग में 57,टिहरी में 386, उधम सिंह नगर में 1818,उत्तरकाशी में 127 कुल 8214 वादों का निस्तारण किया गया।

शहर में आज

- इशातुल हक मदरसा बनभूलपुरा में कुमाऊं के हज यात्रियों का टीकाकरण सुबह 11 बजे होगा।
- मां चामुण्डा मानव विकास सेवा समिति की ओर से राजेंद्र नगर वार्ड में सुबह 11 बजे रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

एक नजर

23 मई को होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज के बीएससी प्रथम वर्ष के संस्थागत और भूतपूर्व छात्र-छात्रओं की रसायन विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 23 मई को होगी। संबंधित छात्र-छात्राओं को प्रवेश पत्र और प्रैक्टिकल फाइल लेकर लाना अनिवार्य होगा। परीक्षार्थियों को अपने बैच के अनुसार रसायन विज्ञान विभाग में सुबह 9 :30 बजे उपस्थित होना आवश्यक है।

टेंपो चालक ने युवक को मारपीट कर लूटा

हल्द्वानी : धारी तहसील के एक युवक से हल्द्वानी में लूटपाट का मामला सामने आया है। आरोप है कि टेंपो चालक उसे बिठाकर अपने साथ ले गया और रास्ते में मारपीट कर उसे लूट लिया। ग्राम बरबड़ा सुंदरखाल धारी निवासी नंदन सिंह बिष्ट ने पुलिस को बताया कि वह 10 मई को हल्द्वानी आया था। रोडवेज बस अड्डे पर उसे एक टेंपो चालक मिला। उसने दोस्ती गांठी और अपने संग ले गया। रास्ते में टेंपो चालक ने उससे मारपीट शुरू कर दी और पर्स व मोबाइल लूटकर भाग गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

बच्ची को कुचलने वाले टेंपो चालक पर मुकदमा

हल्द्वानी : काठगोदाम थाना क्षेत्र में बच्ची को कुचलने वाले टेंपो चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बच्ची के पिता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। कैनाल रोड निवासी उमेश सिंह मेहरा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 7 मई को वह परिवार के साथ विवाह समारोह में जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक टेंपो ने उनकी छह वर्षीय पुत्री चित्रांशी को कुचल दिया। बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर टेंपो संख्या यूके 04 टीए 9330 के आधार पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

60 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

हल्द्वानी : एमबीपीजी कॉलेज में शनिवार को बीए, बीएससी व बीकॉम की द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा हुई, जिसमें 703 परीक्षार्थी शामिल हुए। जबकि 53 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी दी। प्राचार्य डॉ. एनएस बनकोटी ने बताया कि दूसरी पाली में स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर कला वर्ग के सभी विषयों की परीक्षा हुई। इसमें 500 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए और 7 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी।

शनिवार की सुबह गुलदार का जोड़ा चांदनी चौक गरवाल में धाम सिंह परगांई के खेत में पहुंचा, मजदूरों ने गुलदार देखा तो शोर मचाया, इस पर गुलदार का जोड़ा जंगल की ओर भागा तभी एक गुलदार खेत की तारबाड़ में फंस गया। लगभग दो घंटे बाद फंसा हुआ गुलदार भी तारबाड़ से छूटकर भाग गया। ● राजेश श्रीवास्तव

तारबाड़ में फंसा गुलदार, हाथों में डंडा लेकर पहुंचे वन कर्मी

चांदनी चौक गरवाल में लगभग दो घंटे तक फंसा रहा गुलदार नहीं पहुंची वन विभाग की टीम, वन कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों की अटकी रहीं सांसें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

06 बजकर 45 मिनट पर श्रमिक ने देखा गुलदार

04 से पांच वन कर्मी हाथों में डंडा लेकर पहुंचे

08 बजकर 55 मिनट में गुलदार तारबाड़ से छूटकर भाग गया

गुलदार के तारबाड़ में फंसने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ इक्ट्ठी हो गई। ● अमृत विचार

घटनास्थल का मौका मुआयना करते वन विभाग के कर्मचारी। इसी तारबाड़ में फंसा था गुलदार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बेशक, वन विभाग मानव वन्यजीव संघर्ष से निपटने के पर्याप्त इंतजाम होने के लाख दावे करता है, लेकिन धरातल पर ये दावे धड़ाम हो जाते हैं। ऐसे ही खोखले दावों की बानगी उस समय देखने को मिली जब शहर से सटे गांव में एक गुलदार खेत की तारबाड़ में फंस गया। वन कर्मी इस गुलदार को पकड़ने के लिए हाथों में डंडे लेकर पहुंच गए। दो घंटे तक तारबाड़ में फंसा गुलदार किसी तरह छूटकर जंगल भाग गया, लेकिन तब तक टीम नहीं पहुंची थी। गनीमत रही कि गुलदार ने आबादी ने की ओर रुख नहीं किया वरना बड़ी घटना हो सकती थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रामपुर रोड स्थित चांदनी चौक गरवाल गांव में शनिवार की सुबह करीब पौने सात बजे गुलदारों का एक जोड़ा कृषक धाम सिंह परगांई के खेत में देखा गया। खेत में गन्ने की गुड़ाई करने पहुंचे श्रमिक मस्ताना ने गुलदारों को देखा तो शोर मचाता हुआ गांव की ओर भागा। कुछ ही देर में ग्रामीण इकट्ठा हुए। भीड़ होने पर एक गुलदार तो भाग गया, लेकिन एक गुलदार खेत में आवारा पशुओं से बचाने के लिए लगाए गए तारबाड़ में फंस गया। कुछ ही देर में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। इस बीच खेत स्वामी के भतीजे खुशाल सिंह परगांई ने तुरंत इसकी खबर वन विभाग को दी। सूचना पर तराई केंद्रीय वन डिवीजन की भाखड़ा वन रेंज से चार-पांच वन कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची। टीम के हाथों में सिर्फ डंडे थे, गुलदार को पकड़ने के लिए जरूरी इंतजाम नहीं था।

वन कर्मचारियों ने गुलदार को रेस्क्यू करने के लिए पशु चिकित्सक व अन्य टीम को फोन किया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि गुलदार को रेस्क्यू करने के लिए टीम रामनगर वन डिवीजन से बुलाई गई है, जबकि गुलदार को बेहोश करने के लिए पशु चिकित्सक को नैनीताल जू से बुलाया गया है। लगभग दो घंटे तक गुलदार तारबाड़ में फंसा रहा, लेकिन टीम नहीं पहुंची। दो घंटे बाद गुलदार किसी तरह तारबाड़ से छूटकर टांडा के जंगल की ओर भाग गया। गनीमत रही कि गुलदार ने जंगल की ओर दौड़ लगाई, यदि आबादी की ओर रुख करता को भीड़ से टकराव होता तो ग्रामीण और गुलदार दोनों के लिए जानलेवा हो सकता था। वहीं, गुलदार के जाते ही वन कर्मियों ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया और चली गई। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि बार-बार गुलदार की दस्तक के बाद भी रात्रि गश्त, पिंजड़ा लगाने और कांबिंग जैसे सुरक्षात्मक कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने वन विभाग से गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

जरूरत पड़ी तो लगेगा पिंजड़ा व ट्रैपिंग कैमरे

हल्द्वानी : वन विभाग के अधिकारियों का दावा है कि जंगल से सटे गांवों खासकर चांदनी चौक गरवाल से आनंदपुर तक विशेष निगरानी की जाएगी। जरूरत पड़ी तो वन्यजीवों को ट्रैक करने के लिए ट्रैपिंग कैमरा व पिंजड़ा लगाया जा सकता है। गश्ती दल भी से भी निगरानी कराई जाएगी।

बोले ग्रामीण व अधिकारी

पिछले छह-सात माह से गुलदार खेतों की ओर आ रहा है। वन विभाग को कई बार सूचना दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। अब गुलदार तारबाड़ में फंस गया, लेकिन वन कर्मी हाथों में डंडा लेकर पहुंचे। यदि गुलदार को पकड़ लेते तो राहत मिलती, लेकिन टीम समय से नहीं पहुंच सकी।
-खुशाल सिंह परगांई, ग्रामीण

सूचना मिलते ही मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक से ट्रैंकुलाइज करने की अनुमति ली व पशु चिकित्सक को सूचना दी। जब तक पशु चिकित्सक टीम के साथ मौके पर पहुंचते तब गुलदार भाग गया था। फिलहाल गांव व आसपास के क्षेत्र में गश्त तेज कर दी गई है और निगरानी की जा रही है। **-उमेश चंद्र तिवारी**, डीएफओ तराई केंद्रीय वन डिवीजन

बीमार बेटे को लावारिस छोड़ गई मां, अस्पताल में बेटे की मौत

- चिकित्सकों ने दवा लेने भेजा फिर लौट कर नहीं आई मां
- पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे तो लगा परिजनों का पता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : बीमार बेटे को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंची मां उसे अस्पताल में लावारिस छोड़ गई। चिकित्सकों ने उसे दवा लेने भेजा था और फिर वह लौट कर नहीं आई। बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो परिजनों का पता चला। जिसके बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

स्वार बाजपुर ऊधमसिंह नगर निवासी दीपक कश्यप (33 वर्ष) पुत्र स्व. हरिओम कश्यम खानाबदोशों की जिंदगी जीता था और परिवार के साथ हल्द्वानी में रहता था। दीपक का पूरा परिवार नशे का आदी है। नशे के आदी दीपक को काला पीलिया था। नशा न छोड़ने की वजह से उसकी हालत बिगड़ गई। बीती 9 मई को दीपक की मां उसे गंभीर अवस्था में सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल लेकर पहुंची। चिकित्सकों ने दीपक की मां से कुछ दवाएं मंगवाई। वह दवा लेने गई तो फिर लौट कर नहीं आई और उसी दिन दीपक की मौत हो गई। महिला नहीं लौटी तो चिकित्सकों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले और महिला व परिजनों को ढूंढ निकाला। जिन्होंने दीपक की पहचान की।

नशे में धुत मिली मां

हल्द्वानी : पुलिस दीपक के परिजनों को तलाशते हुए उसके घर पहुंची तो माहौल देख हैरत में पड़ गई। दीपक की मौत की खबर लेकर पहुंची पुलिस को उसकी मां नशे में धुत मिली। बताया जाता है कि दीपक और उसकी मां ही नहीं, बल्कि पूरा परिवार नशे का लती है।

बिंदुखत्ता में युवक ने जहर खाकर दी जान

हल्द्वानी/लालकुआं, अमृत विचार : ड्यूटी से घर लौटे एक युवक ने रास्ते में जहर खा लिया और घर पहुंचने पर परिजनों को जहर खाने की जानकारी दी। पश्चिमी राजीव नगर घोड़ानाला बिन्दुखत्ता लालकुआं निवासी गौतम बहुगुणा (24 वर्ष) पुत्र जगदीश चंद्र बहुगुणा यहां परिवार के साथ रहता था। वह एक कंपनी में काम करता था। शुक्रवार की शाम को वह घर लौटा तो उसकी तबीयत खराब थी। परिजनों ने पूछा तो बताया कि उसने जहर खा लिया है। उसे तुरंत डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लाया गया, यहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे में घायल महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

घटना

- 7 मई को बाइक सवार की टक्कर से घायल हुई थी महिला
- 8 मई को हुई मौत, दो दिन तक लावारिस पड़ा रहा शव

अमृत विचार : बाइक सवार ने एक महिला को टक्कर मार दी। वह महिला को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचा और फरार हो गया। महिला की मौत हो गई और उसका शव दो दिन तक लावारिस मॉर्चरी में पड़ा रहा। अब पुलिस आरोपी बाइक चालक की तलाश कर रही है।

पुलिस के मुताबिक 7 मई को एक बाइक सवार छड़ायल नयाबाद महादेव कॉलोनी आरटीओ रोड निवासी ममता (40 वर्ष) पत्नी मोहन को घायल अवस्था में डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचा था। बताया जाता है कि बाइक सवार की टक्कर से महिला घायल हुई थी। महिला को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद बाइक सवार वहां से फरार हो गया। 8 मई को महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। शव की शिनाख्त नहीं हुई तो मॉर्चरी भेज दिया गया। पोस्टमार्टम हाउस के एक कर्मी ने पुलिस को बताया कि उसने महिला को आरटीओ रोड पर घूमते देखा था। जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को ढूंढकर शव सौंप दिया।

ऑनलाइन शॉपिंग में महिला से लाखों ठगे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : ऑनलाइन शॉपिंग की एक महिला को भारी कीमत चुकानी पड़ी। जालसाज ने पहले महिला के बैंक खाते से छोटी रकम उड़ाई और फिर एक-एक कर दो बैंक खाते खाली कर दिए। काठगोदाम पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिवालिक विहार काठगोदाम निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनके पास शुक्रवार को राहुल मंडल नाम के व्यक्ति ने फोन किया। उसने खुद को एक नामी शॉपिंग बेवसाइट का कस्टमर केयर अधिकारी बताया। महिला ने कुछ दिन पहले ऑनलाइन शॉपिंग की थी। सामान पसंद न आने पर महिला ने रिफंड के लिए आवेदन किया था। इसीलिए उसने फोन करने वाले पर भरोसा कर लिया। जालसजा ने महिला से टी पिन, आधार नंबर, एटीएम नंबर और पिन मांग लिया। जिसके बाद दीपिका के दो बैंक खाते में जमा 6,73,100 रुपये साफ हो गए। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

शिक्षक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

हल्द्वानी, अमृत विचार : शिक्षक की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। हिम्मतपुर मल्ला ऊंचापुल मुखानी निवासी जितेंद्र सिंह दिगारी पुत्र स्व. नारायण सिंह दिगारी ने तहरीर में लिखा कि उसका भाई शमशेर सिंह दिगारी राजकीय प्राथमिक पाठशाला पुटपुरी में शिक्षक था। वह 15 वर्षों से गाड़ी से ही हल्द्वानी से पुटपुरी आता-जाता था। बीती 22 अप्रैल को हैड़ाखान रोड पर रौंसिला में उसकी मौत हो गई। इतने सालों से लगातार आने-जाने की वजह से शमशेर को रास्ते का हर मोड़ पता था। ऐसे में प्रतीत होता है कि घटना के वक्त उसके भाई के साथ कोई और भी था।

चोरों ने परचून की दुकान से नगदी व सामान उड़ाया

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मुखानी थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं हैं। इस बार चोरों ने आरटीओ रोड स्थित एक परचून की दुकान को निशाना बनाया है। दुकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने हजारों की नगदी, कागजात और अन्य सामान चोरी कर लिया। मुखानी पुलिस ने मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

आरके टैंट हाउस रोड निवासी जनक सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी आरटीओ रोड पर रावत जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। गुरुवार की रात नौ बजे वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। शुक्रवार की सुबह दुकान पहुंचे तो शटर में लगे ताले टूटे पड़े थे। चोरों ने दुकान में रखी आठ हजार रुपये की नगदी, पेनकार्ड, बैंक पासबुक और अन्य दस्तावेज चोरी कर लिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिये चोरों की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जलभराव क्षेत्र में खाद्यान्न व दवाओं का स्टॉक करें

संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं

जलभराव वाले क्षेत्रों का जायजा लेते अधिकारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : प्रशासन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को लालकुआं में जलभराव संभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जलभराव से संपर्क कट जाने वाले क्षेत्रों में आवश्यक दवाएं, खाद्यान्न वगैरह के इंतजाम करने के निर्देश दिए।

उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा के नेतृत्व में राजस्व, नगर पंचायत, लोनिवि व स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने श्रीलंका टापू का निरीक्षण किया। बारिश में जलभराव होने से यह इलाका बिल्कुल कट जाता है। यहां आवाजाही बंद हो जाती है। इस पर पूर्ति निरीक्षक को निर्देश दिए कि तीन माह का राशन स्टॉक किया जाए। साथ ही जलभराव होने पर हवाई दौरे के लिए हेलीपैड का स्थलीय निरीक्षण किया, ताकि मानसून में हेलीकॉप्टर उतरने में परेशानी नहीं हो। फिर वह बंगाली कॉलोनी पहुंचे और क्षेत्रवासियों से बातचीत की। यहां जलभराव से निजात के लिए वन विभाग व वन विकास निगम के अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। इस निरीक्षण की रिपोर्ट आला अधिकारियों को भेजी जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को भी जलभराव वाले क्षेत्रों में समय से पहले जीवन रक्षक दवाइयों का स्टॉक करने को कहा। इस दौरान ईओ राहुल सिंह, हल्द्वानी तहसीलदार सचिन कुमार, रजिस्ट्रार कानूनगो मोहित बोरा, पटवारी लक्ष्मी नारायण यादव, डॉ. लव पांडे आदि मौजूद रहे।

सड़क हादसे में चार पर्यटक घायल

कालाढूंगी, अमृत विचार : कालाढूंगी-नैनीताल रोड पर यूपी के पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में चार पर्यटक घायल हो गये।

शनिवार की सुबह उत्तर प्रदेश निवासी सौरभ शर्मा कार से तीन दोस्तों के साथ नैनीताल घूमने जा रहे थे। तभी कालाढूंगी नगर से पहले बैंड में उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर जंगल में घुस गई। हादसे में चालक सौरभ शर्मा, नीरज रावत व विवेक रावत निवासी वैशाली गाजियाबाद व अवनस इन्द्रापुरम घायल हो गये।



चोरों के निशाने पर आदर्श विद्यालय

विद्यालय बंद होने के बाद परिसर में घुस आते हैं अराजक तत्व, आये दिन चोरी होती हैं टोंटी

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौलाखेड़ा।

अमृत विचार : गोरापड़ाव क्षेत्र में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौलाखेड़ा का संचालन आदर्श विद्यालय के रूप में होता है। इस विद्यालय में पढ़ाई का बेहतर माहौल है, मगर विद्यालय प्रबंधन चोरों के आतंक से परेशान है। विद्यालय बंद होने के बाद यहां अराजक तत्व घुस आते हैं। आये दिन पीने के पानी की टंकी से टोंटी चोरी होती रहती है। पूर्व में विद्यालय से 5 कम्प्यूटर भी चोरी हो चुके हैं।

शनिवार को 'अमृत विचार' की टीम हल्द्वानी गोरापड़ाव स्थित राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धौलाखेड़ा पहुंची। इस विद्यालय में करीब 139 बच्चे अध्ययन करते हैं। इन्हें पढ़ाने के लिए विद्यालय में 5 शिक्षक तैनात हैं, जबकि 2 शिक्षकों की और आवश्यकता है। विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई के लिए एलईडी स्क्रीन के साथ ही स्मार्ट बोर्ड की व्यवस्था है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या हेमलता ढौंढियाल ने बताया कि बच्चों की पढ़ाई के लिए विद्यालय परिसर में बेहतर माहौल है। मगर चोरी की घटनाओं से परेशानी उठानी पड़ती है। विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई के लिए रखे उपकरण सुरक्षित नहीं है। आये दिन परिसर में अराजक तत्व घुसपैठ करते रहते हैं। उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया गया है, पर अभी तक कुछ नहीं हुआ है।

बरसात के समय होता है जलभराव

विद्यालय परिसर के अंदर एक गूल है। जिसमें बरसात के समय पानी बढ़ जाता है। इससे विद्यालय परिसर में जलभराव की स्थिति रहती है। इस कारण बच्चों के साथ ही शिक्षकों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। विद्यालय प्रबंधन कई बार संबंधित विभाग को पत्र लिख चुका है, लेकिन समस्या का निस्तारण नहीं हो पाया है।

गढ़वाल सभा की बैठक 26 को : रामनगर के देवभूमि गढ़वाल सभा की बैठक 26 मई को प्रात: दस बजे सभा के गंगापुर पहाड़ी स्थित गढ़वाल सभा के भवन में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी सभा के महामंत्री विजयपाल सिंह रावत ने दी।

SAHAS Homeo Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
कुमाऊँ की सबसे पुरानी दुकान
30 वर्षों का भरोसा
होम्योपैथी के जरिये पाएं अपनी बीमारियों का इलाज
डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
Call for Appointment 9456727473 9410514531
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग | गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
शनिवार अवकाश
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम
तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता
(BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता
(BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस
स्ट्रिक्चर यूरेथरा/ किडनी रोग
नेत्र रोग
सफेद दाग
स्पाइनल समस्याएँ
बालों की समस्या
पाचन समस्याएँ
पोस्ट कोविड समस्याएँ
सर्दी खाँसी-दमा
सोरायसिस
थाइरायड समस्या
माइग्रेन/ मानसिक रोग
स्पोर्ट्स इंजरी
इन्फर्टिलिटी
बच्चों के रोग
गॉल ब्लैडर स्टोन
सौंदर्य समस्याएँ
स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण
गर्भ संस्कार
लीच थैरेपी
नेत्र तर्पण
उत्तर बस्ती
शिरोधारा
स्वर्ण प्राशन
पत्र पोट्टलि
अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation @ svpayurvedaclinic.com

लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत होगी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत शनिवार को हल्द्वानी पहुंचे। उन्होंने दावा किया लोकसभा चुनाव-2024 में इंडिया गठबंधन की मजबूत जीत होगी।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि जनता ने इस बार परिवर्तन के लिए वोट किया है और आगे भी करेगी। लोगों ने इस चुनाव में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और समाज में फैलती असहिष्णुता के खिलाफ वोट दिया है। उत्तराखंड में पांचों संसदीय सीटें कांग्रेस जीत रही है। उन्होंने कहा कि देश में विकास ठप है। डबल इंजन की सरकार देश न प्रदेश कहीं भी सुनियोजित विकास नहीं कर सकी। वहीं चारधाम यात्रा को लेकर रावत ने कहा कि विपक्ष का पूरा सहयोग राज्य सरकार के साथ है, लेकिन मैं बहुत चिंतित हूं कि जिस तरह पिछली बार चारधाम यात्रा में अव्यवस्थाएं हुईं थी, इस बार वे अव्यवस्थाएं अत्यधिक चिंताजनक हो सकती हैं। क्योंकि सरकार के पास इनसे निपटने की कोई रणनीति नहीं है। राज्य सरकार को जिस समय चारधाम यात्रा को लेकर प्लान तैयार करना था, उस समय पूरी सरकार देश व प्रदेश में चुनाव प्रचार में मस्त थी। मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री खुद प्रदेश से गायब थे। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि चारधाम यात्रा की सरकार ने क्या ही तैयारी की होगी। अंत में उन्होंने कहा कि 4 जून को मतगणना के साथ ही तय हो जाएगा कि देश व प्रदेश की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है।

डॉ. लक्ष्मीकान्त जोशी
एमबीबीएस, एमडी, डीएम (न्यूरोलॉजी)
वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन
सिरदर्द, मिर्गी एवं स्ट्रोक विशेषज्ञ
Happy Mother's day
कैलाश न्यूरो सेंटर
IDF C बैंक के सामने, कालाढूंगी रोड, पीलीकोठी, हल्द्वानी
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 7409873078, 6395587708
समय : प्रात: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक एवं सायं 05 से 07 बजे तक
सोमवार से शनिवार (रविवार अवकाश)

सार-संक्षेप

सड़क चौड़ीकरण की आपत्तियों पर सुनवाई पूरी

हल्द्वानी : जिला प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे प्रभावित व्यापारियों की आपत्तियों पर सुनवाई पूरी कर ली है। अब दस्तावेजों की जांच की जा रही है। वहीं, सड़क चौड़ीकरण में जहां कोई आपत्ति नहीं है वहां चौड़ीकरण तेजी से किया जा रहा है। शहर को जाम के झाम से छुटकारा दिलाने के लिए मंगलपड़ाव से बस अड्डे तक सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा था। इस चौड़ीकरण में सड़क के दोनों ओर 11.5-11.5 मीटर तक सड़क निर्माण किया जाना है। नगर निगम व प्रशासन की संयुक्त टीम ने सरकारी संपत्तियों को तो ध्वस्त कर दिया था। वहीं लगभग 60 व्यापारियों ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इधर, हाईकोर्ट के निर्देशानुसार, एडीएम शिवचरण द्विवेदी की अध्यक्षता वाली कमेटी ने इन व्यापारियों की सुनवाई की। कमेटी में सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, एसडीएम परितोष वर्मा, लोनिवि ईई अशोक चौधरी शामिल थे।

हनुमान धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को सम्मानित करते लोग। ● अमृत विचार

अशोक बने हनुमान धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

रामनगर : अंजनी ग्राम छोई में हनुमान धाम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में रुद्रपुर के अशोक कुमार बसंल को हनुमान सेवा ट्रस्ट का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया। यह पद पूर्व कार्यकारी सुशील तायल के त्याग पत्र से रिक्त हुआ था। आचार विजय की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में कार्यकारिणी के सदस्यों ने विश्वास जताया कि नए अध्यक्ष हनुमान धाम के रुके हुए कार्यों को पूरा करने में योगदान देंगे। इस दौरान नव निर्वाचित अध्यक्ष अशोक कुमार बंसल ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गयी है उसका निर्वहन करेंगे। इस दौरान पवन अग्रवाल, दिनेश चंद्र अग्रवाल, सतनाम सिंह, योगेश जिंदल, संजय अग्रवाल, दीपक बंसल, पवन सिंघल, राजेश अग्रवाल, भगवान सहाय, सत्यवान गर्ग, अमित गोयल,शंकर प्रकाश मौजूद रहे।

पत्रकारों से वार्ता करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष। ● अमृत विचार

निकाय चुनाव में प्रदेश में लहराएगा भाजपा का परचम : भट्ट

रामनगर : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट के रामनगर पहुंचने पर रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर पार्टी पूरी तरह तैयार है। उन्होंने दावा किया कि इस बार उत्तराखंड में सभी सीटों पर भाजपा प्रत्याशी ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नैनीताल जिले में कुछ जगह कार्यकर्ताओं की ओर से शिकायत की गई कि निकाय चुनाव में मतदाता सूची में कुछ लोगों द्वारा ग्रामीण एवं नगर क्षेत्र के साथ ही बाहरी राज्यों से एसए लोगो ने भी मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया गया है। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मदन जोशी, दिनेश मेहरा मौजूद रहे।

ग्रामीण क्षेत्र से दो महिलाएं लापता

रामनगर : रामनगर के ग्रामीण हल्को से दो महिलाएं लापता हो गई। मनोज कुमार पुत्र दीवान राम निवासी ग्राम पटरानी, ढेला ने कोतवाली में तहरीर दी कि उसकी पत्नी लक्ष्मी (22 वर्ष) 6 मई को घर से बिना बताए चली गई। वहीं दूसरी ओर दीपक आर्या पुत्र गिरीश चंद्र आर्य निवासी कानिया नई बस्ती ने तहरीर दी कि उसकी बहन पूजा आर्या (23 वर्ष) 9 मई को कहीं चली गई है। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि दोनों की गुमशुदगी दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी गई है।

Happy Mother's Day
श्री राम हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
A UNIT OF 'A THREE HEALTH CARE'
गैस्ट्रोइन्ट्रोलॉजी एवं मेडिसिन विभाग
डॉ. अमरपाल सिंह आनन्द
MD, Fellow Gastroentrology
Ex AIIMS, New Delhi
बाल एवं नवजात शिशु रोग विभाग
डॉ. रवि अदलखा
MBBS, MD. Fellowship Pediatric Intensive Care
Ex. Registrar Apollo Delhi
Ex. Sr. Resident PGI Lucknow
जनरल लैप्रोस्कोपिक पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
डॉ. दीपक अग्रवाल
MBBS, MS (Gen. Surgery)
MCH (Ped. Surgery)
डॉ. श्वेताभ प्रधान
M.S. General Surgery (Gold Medalist)
F.MAS, D.MAS, FIAGES
भीड़ से बचने के लिए पूर्व अपाइंटमेंट लें : 8755904991
ओपीडी समय : प्रात: 11:00 से 03:00 बजे तक एवं सायं 6:30 से 7:30 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
पैथोलॉजी विभाग
डॉ. वन्दना गुप्ता
M.D. (Pathology)
FACILITIES
CASHLESS TPA FACILITY
STAR HEALTH, ADITYA BIRLA, MAX/NIVA BUPA, BAJAJ ALLIANZ, SBI GIC, SAFEWAY, IFFCO TOKIO, CARE HEALTH, HERITAGE HEALTH, GENISIS INDIA, FHPL, UNITED HEALTH, EAST WEST ASSIST, MANIPAL CIGNA, UNIVERSAL SOMPO, TATA AIG, HEALTH INDIA
Now HDFC Ergo General Insurance Company is empanelled with Shri Ram Hospital
Endoscopy, E.R.C.P., E.C.G., Digital X-Ray, Modern Operation Theatre, Pathology Lab, AGB, I.C.U., NICU, General & Private Wards
सिविल लाइन्स, तिकोनिया, नैनीताल रोड, हल्द्वानी।
फोन : 08755904991, 05946-224422, 282751

आज भी सालों पुरानी पेयजल लाइन से मिलता है पानी

मुखानी तृतीय रूपनगर वार्ड 53 के लोग बोले- सिर पर बर्तन रखकर ढोना पड़ता है पानी

जनसंख्या: 05 हजार पांच सौ | मतदाता: 38 सौ 58 करीब

मुख्य कॉलोनियां :- आईटीआई क्षेत्र, डहरिया, इंद्रप्रस्थ, हरिपुर सूखा, जेकेपुरम, रौतेला कॉलोनी, जज फार्म ए व बी ब्लॉक, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी आदि

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : नगर निगम हल्द्वानी-काठगोदाम में शामिल होने के बाद मुखानी तृतीय रूपनगर वार्ड-53 के लोगों को कई सुविधाएं मिल रही हैं, मगर पेयजल की आपूर्ति आज भी सालों पुरानी पाइप लाइन से हो रही है। क्षेत्र में लगे ट्यूबवेल के खराब होने पर लोगों को आईटीआई और हीरानगर से सिर पर बर्तन रखकर पानी ढोना पड़ता है। कई लोग अपने खर्च से निजी टैंकर भी मंगवाते हैं।

जज फार्म क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति करने वाला ट्यूबवेल भी अक्सर खराब हो जाता है। इसकी मरम्मत में स्थानीय लोग मदद न करें तो इसे ठीक होने में कई सप्ताह लग जाते हैं। गर्मियों में पूरे वार्ड में पानी की समस्या रहती है। डहरिया, हरिपुर सूखा आदि क्षेत्रों में एक दिन छोड़कर पानी आता है। नगर निगम की कूड़ा गाड़ी भले ही एक दिन छोड़कर आती हो, लेकिन लोग घरों से कचरा उठने से खुश हैं। हालांकि, खाली पड़े प्लाटों में कूड़ा डालने से लोग बाज नहीं आ रहे। वार्ड की अधिकतर कॉलोनियों में घरों के बाहर नालियों का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे बरसात के समय जलभराव की समस्या रहती है। सिंचाई नहर का पानी भी सड़कों पर आ जाता है। क्षेत्र में बिजली की लो-वोल्टेज की समस्या भी आम है।

लोगों ने विद्युत विभाग से नए ट्रांसफार्मर लगाने का अनुरोध किया, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। डहरिया क्षेत्र की मुख्य सड़क चलने लायक नहीं है। जज फार्म सहित अन्य कॉलोनियों की कई आंतरिक सड़कों की हालत भी खराब है।

वार्ड 53 के जज फार्म में खाली मैदान में फैला कूड़ा, दोपहर के समय में जल रही स्ट्रीट लाईट और टूटी सड़क का हाल। ● अमृत विचार

लोगों से बातचीत

पेयजल की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। ट्यूबवेल फूंकने पर कई दिनों तक पानी नहीं आता है। बिजली के ट्रांसफार्मर अब तक नहीं लगे हैं।
-विशंभर कांडपाल

वार्ड में बच्चों के खेलने व बुजुर्गों के टहलने के लिए कहीं पार्क नहीं है। डहरिया की मुख्य सड़क सालों से जर्जर है। वार्ड में जलभराव की समस्या आम है।
-मनोज सिंह खोलिया

पिछले दस सालों से गली नंबर बी-8, जज फार्म की सड़क नहीं बन पाई है। जलभराव होने से लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है।
-केसी मठपाल

पानी का कनेक्शन नहीं है। गौला नदी का पानी आता है। सिंचाई नहर में कूड़ा जमा होने से गंदा पानी घरों में घुसता है। हम सिर्फ वोट देने के लिए ही हैं।
-सुभाष पांडे

पेयजल की काफी दिक्कत है। गर्मियों में हीरानगर आदि से पीने का पानी ढोना पड़ता है। कूड़ा उठाने की सुविधा अच्छी है। सफाई कर्मचारी नहीं आते हैं।
-हेमा बोरा

नगर निगम में शामिल होने से फायदा हुआ है। जज फार्म ए व बी कॉलोनियों की सड़कें अच्छी बनी हैं। बिजली के पर्याप्त पोल नहीं होने से अंधेरा रहता है।
-दीपा जोशी

वीकेंड पर शहर में राहत काठगोदाम में लगा जाम

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

▸▸ सभी डायवर्जन प्वाइंट का आखिरी छोर था नरीमन व कॉलटैक्स तिराहा

अमृत विचार : वीकेंड पर शहर को जाम से बचाने की पुलिस की योजना काम आई, लेकिन काठगोदाम और कॉलटैक्स में पर्यटक वाहन पूरे दिन रेंगते रहे। ये दोनों ही स्थान डायवर्जन के आखिरी छोर थे।

पुलिस ने शनिवार को रूट डावर्जन किया था। रामपुर रोड और बरेली रोड से पहाड़ की ओर जाने वाले वाहनों को तीनपानी से डायवर्ट किया गया था। जो गौलापार होते हुए काठगोदाम में नरीमन तिराहे पर पहुंचे। जबकि कालाढूंगी रोड से आने वाले पर्यटक वाहनों को लालडांठ से डायवर्ट किया गया था, जो कॉलटैक्स तिराहे से होकर पहाड़ की ओर जा रहे थे। सभी पर्यटक वाहन नरीमन तिराहे पर पहुंचे तो जाम की स्थिति बन गई। डायवर्जन से सभी पर्यटक वाहन शहर के बाहर से होकर गुजरे, इससे शहर जाम से मुक्त रहा। वहीं कॉलटैक्स और नरीमन में काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा टीम के साथ दिनभर जूझते रहे।

शनिवार को रामपुर रोड से वाहनों को गौलापार की ओर भेजते पुलिस कर्मी।

परिवहन मजदूर संघ की बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

नवनीत कपिल अध्यक्ष व रामप्रीत क्षेत्रीय मंत्री बने

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राम मंदिर धर्मशाला में शनिवार को उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ की कुमाऊं मंडल की क्षेत्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष हल्द्वानी से नवनीत कपिल, उपाध्यक्ष रुद्रपुर से अवतार सिंह व रानीखेत से महेश चंद्र जोशी, क्षेत्रीय मंत्री हल्द्वानी से रामप्रीत यादव, संयुक्त मंत्री रामनगर से संजय शर्मा, भवाली से नवीन सिंह नेगी, संगठन मंत्री रुद्रपुर से लक्ष्मण सिंह रजवार, संगठन मंत्री रामनगर से जसुविंदर सिंह कुमार, कोषाध्यक्ष काठगोदाम से महेश चंद्र सिंह राणा को नियुक्त किया गया। इस मौके पर विरेंद्र सिंह, बालकृष्ण शर्मा, पूरम राणा, नंद सिंह, ललित जोशी, कौशल कुमार समेत कई लोग मौजूद रहे।

पेयजल लाइन के लिए खोदा गड्ढा, भरना भूल गया विभाग

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : जल संस्थान ने करीब एक सप्ताह पूर्व पेयजल समस्या के समाधान के लिए पीलीकोठी रोड के बजरंग विहार में गड्ढा खोदा, लेकिन इसे भरना भूल गया। जिससे खुला गड्ढा हादसों को दावत दे रहा है। लोगों ने कई बार विभाग के अधिकारियों को फोन करके मामले की सूचना दी, लेकिन कोई गड्ढा नहीं भरा गया।

स्थानीय निवासी विजय शर्मा ने बताया कि बजरंग विहार में जनवरी 2024 को पेयजल लाइन डाली गई थी, लेकिन अब तक कनेक्शन नहीं दिया गया है। जिससे यहां रहने वाले 25 से 30 परिवारों को निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। इस संबंध में जब जल संस्थान के अधिकारियों को बताया गया तो विभाग के कर्मचारियों ने कनेक्शन देने के लिए सप्ताह भर पहले मुख्य सड़क पर गड्ढा खोदा, लेकिन कनेक्शन देना तो दूर विभाग के कर्मचारी गड्ढे को खुला ही छोड़ कर चले गये।

दुकानदार मुकेश जोशी, एसएस रावत और राजेंद्र सिंह फर्त्याल ने बताया कि मुख्य सड़क पर गड्ढा खोदने से कभी भी दुर्घटना हो सकती है, लेकिन विभाग के अधिकारी फोन करने के बाद भी नहीं आ रहे हैं।

इधर जल संस्थान के एई रविन्द्र कुमार को कहना है कि शनिवार को पेयजल कनेक्शन दे दिए गए है और आज (रविवार) को गड्ढे भर दिए जाएंगे।

बजरंग विहार में सड़क किनारे गड्ढा, जो हादसे का सबब बना हुआ है। ● अमृत विचार

60 पेंशनर्स का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हल्द्वानी, अमृत विचार : गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की मासिक बैठक लीलाधर पांडे की अध्यक्षता में अरुणोदय धर्मशाला में हुई। जिसका संचालन विजय तिवारी ने किया। बैठक में केडी उप्रेती ने संगठन की आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया और सदस्यों से अभिदान तथा वार्षिक शुल्क को जमा करने का अनुरोध किया।

उजाला सिगनेस अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के डॉ. योगेश नागेंद्र, कार्डियोलॉजिस्ट व नेत्र सर्जन डॉ. रूचि, टीम कोऑर्डिनेटर मनोज जोशी एवं उनके 15 सदस्य टीम ने 60 पेंशनर एवं उनके परिजनों की बीपी, ईसीजी, शुगर एवं आंखों से संबंधी जांच की। इस अवसर पर आरएस कैड़ा, एमएल शाह, उमाकांत भट्ट, आरएस बोरा, योगेंद्र पांडे, रमेश पांडे, पीसी कांडपाल, डीडी शर्मा, लक्ष्मण सिंह गोनिया आदि उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनोटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

सिंथिया स्कूल में बच्चों को जानकारी देते कंपनी के अधिकारी। ● अमृत विचार

जापानी तकनीक से पढ़ाने की दी जानकारी

हल्द्वानी, अमृत विचार : सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को जापानी कंपनी बेनेसे इंडिया प्राइवेट लिमिडेट की ओर से छात्रों व शिक्षकों के लिए जापानी शिक्षण पद्धति पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रधानाचार्य डॉ. प्रवींद्र कुमार रौतेला ने अध्ययन को सुगम व तनाव मुक्त बनाने पर जोर दिया। कक्षा 6 व 7 के छात्रों को जापान में गणित और विज्ञान विषयों को पढ़ाने के लिए प्रयोग में लाई जा रही तकनीक व विधियों की जानकारी दी गई। इस मौके पर एससी मिश्रा, महेश जोशी, शीला बिष्ट, दीपिका जोशी समेत कई लोग मौजूद रहे।

शिविर में 450 लोगों ने कराई जांच

हल्द्वानी, अमृत विचार : काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज का निशुल्क चिकित्सा शिविर राइंका दोगड़ा में संपन्न हुआ। जिसमें 450 रोगियों की जांच, परामर्श एवं निशुल्क दवाइयां दी गईं।

शिविर का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज के चेयरमेन अशोक पाल व राइंका के प्राचार्य ने रिबन काट कर किया। कॉलेज के प्राचार्य एवं चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. विनय खुल्लर ने बताया कि शिविर में 20 प्रतिशत गठिया, 25 प्रतिशत शुगर एवं ब्लड प्रेशर, 15 प्रतिशत त्वचा, 5 प्रतिशत आंख एवं नाक गला, 15 प्रतिशत पेट और शेष सामान्य रोगी पहुंचे थे।

शिविर का शुभारंभ करते चेयरमेन अशोक पाल व अन्य। ● अमृत विचार

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

Shriram Institute of Management & Technology
Group Institute SIMT-PG College
Approved by AICTE & NCTE
Affiliated to Uttarakhand Technical University & Kumaun University, Accredited (Edu) by NAAC
Gateway to a Bright Career.....



उत्तराखण्ड राज्य संयुक्त
बी.एड. प्रवेश परीक्षा-2024-26
उत्तराखण्ड के राज्य विश्वविद्यालयों (श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय टिहरी गढ़वाल, कुमाऊँ विश्वविद्याल, नैनीताल एवं सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा, से सम्बद्ध समस्त राजकीय/अशासकीय महाविद्यालयों/ स्ववित्त पोषित बी०एड० शिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-26 में प्रवेश हेतु परीक्षा का अयोजन दिनांक 26 मई, 2024 (रविवार) को किया जायेगा।
ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण प्रारम्भ करने की तिथि — दिनांक 26 अप्रैल, 2024
ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण की अन्तिम तिथि — दिनांक 15 मई, 2024
परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि (ऑनलाईन) — दिनांक 16 मई, 2024
बी.एड. प्रवेश परीक्षा सत्र 2024-26 में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी पोर्टल की आधिकारिक https://ukentrance.samarth.edu.in वैबसाईट से प्राप्त कर सकते है
कुमाऊं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पाठ्यक्रम में पंजीकरण आरम्भ
ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण प्रारम्भ करने की तिथि — दिनांक 30 अप्रैल, 2024
ऑनलाईन आवेदन पत्र पंजीकरण की अन्तिम तिथि — दिनांक 31 मई, 2024
ऑनलाईन काउंसलिंग की तिथि — दिनांक 01 से 20 जून 2024 तक
Register online @ ₹ 50/- at https:ukadmission.smarth.ac.in
Admission Open for Session 2024-25
Course Offered: MBA | BBA | BBA (Hotel Admin.) | BCom Honours | BCA | BEd
for Counseling & Registration
Visit or Contact Shriram Institute
Follow us on
Scan Me
7th Km Stone, Ramnagar Road, Kashipur-244713, (U.S.Nagar) Uttarakhand
Website: www.shriraminstitute.com | Email: simtrk@rediffmail.com
9927010999, 8194069000, 9012805811, 7017627714

स्कूल में पानी नहीं आने पर बच्चों का सड़क पर प्रदर्शन

छुट्टी के बाद खाली बाल्टी लेकर प्राथमिक विद्यालय के बच्चे बोले : 15 दिन से घर के पानी से पक रहा मिड डे मील, शौच करने जा रहे घर

- प्राथमिक पाठशाला इंदिरानगर में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा
- भोजना माता को काफी दूर से पानी ढोकर लाना पड़ता है

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

छुट्टी के बाद खाली बाल्टी लेकर प्रदर्शन करते प्राथमिक पाठशाला इंदिरानगर के बच्चे। ● अमृत विचार

अमृत विचार : शौचालय गंदे पड़े हैं। मिड डे मील की रसोई भी बच्चों के घर से आने वाले पानी से चल रही है। खाना तभी पकता है, जब बच्चे स्कूल बैग के बोझ के साथ पानी का वजन भी ढोकर इंदिरानगर प्राथमिक पाठशाला पहुंचते हैं। 15 दिन से बोझ ढो रहे बच्चे शनिवार को उकताए तो स्कूल से छुट्टी के बाद खाली बाल्टी लेकर सड़क पर आ गए।

स्कूल के पास जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे बच्चों का कहना था कि अपने घरों से पीने का पानी लेकर आते हैं, तब जाकर स्कूल में भोजन बनता है। कभी रसोई के लिए पानी कम पड़ता है तो भोजना माता को काफी दूर से पानी ढोकर लाना पड़ता है। पाठशाला के शौचालय गंदे पड़े हैं, जिसमें शौच के लिए भी पानी ही नहीं है। बच्चों को शौच के लिए घर जाना पड़ता है। पानी कभी-कभी आता है तो रात 12 बजे, सुबह 4 बजे। इस समय पर स्कूल बंद होता है। पिछले 10-15 दिनों से प्राथमिक पाठशाला इंदिरानगर में पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है। कभी-कभी जल संस्थान एक टैंकर पानी भेजता है तो बच्चों को टैंकर के पानी से बना मिड डे मील का भोजन परोसा जाता है।

बच्चों को लेकर प्रदर्शन कर रहे सभासद शकील सलमानी ने कहा कि समस्या का जल्द समाधान न तो हुआ तो वह बच्चों व आम जनता को के साथ लेकर जल संस्थान में धरना-प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन में शब्बीर अहमद अल्वी, सुमित गिरी गोस्वामी, सूरज गिरी गोस्वामी, विक्की प्रसाद साहू, रेहान, मनीष, जया, सैमसन निशा, सिमरन, इकरा यासमीन. मेहनाज आदि थे।

इंदिरानगर नहीं आना चाहते अधिकारी

हल्द्वानी : पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने कहा कि जल संस्थान के कोई भी अधिकारी इंदिरानगर नहीं आना चाहते हैं। इंदिरानगर में अनेक स्थानों पर लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। वार्ड 32 के दुर्गा मंदिर का क्षेत्र इंदिरानगर, नूरी मस्जिद का क्षेत्र इंदिरानगर बरसाती, इंदिरानगर सबरी मस्जिद का क्षेत्र आदि इलाकों में पिछले 10-15 दिनों से पीने का पानी नहीं पहुंच रहा है।

दो किमी दूर है ट्यूबवेल

हल्द्वानी : पाठशाला में जिस ट्यूबवेल से पानी आता है वह पाठशाला से दो किलोमीटर दूर है। गर्मी में पानी की मांग बढ़ी है। सप्लाई के वक्त एक साथ घर में लगी मोटरें चलती हैं। जिससे पानी दो किमी दूर पाठशाला तक पहुंच ही नहीं पाता। जो पानी पहुंचता भी है तो उसमें इतनी रफ्तार नहीं होती कि वो पाठशाला की छत पर लगी टंकी तक पहुंच पाए।

हमें शिकायत नहीं मिली, समस्या दूर करेंगे

हल्द्वानी : इस मामले में जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली का कहना है कि पूर्व में पानी की समस्या को लेकर हमें कोई शिकायत मिली है। टीम को मौके पर भेज कर पता लगाया जा रहा है कि पानी क्यों नहीं आ रहा। जल्द ही पानी की दिक्कत दूर की जाएगी।

आधा दर्जन इलाकों में जल संकट

हल्द्वानी : सिंचाई विभाग और जल संस्थान के नलकूप खराब होने से शहर और ग्रामीण इलाकों में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। करी आधा दर्जन इलाकों में पानी की समस्या बनी हुई है। लामाचौड़ स्थित जयपुर पाडली का नलकूप खराब पड़ा है, जिसकी मरम्मत जारी है। वहीं काठगोदाम कॉलटैक्स स्थित पेयजल निगम कॉलोनी में जलसंस्थान का नलकूप बीते 3 दिनों से खराब है। जिससे सैकड़ों परिवारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं कई इलाकों में लो वोल्टेज के चलते नलकूपों का संचालन नहीं हो पा रहा है, इसमें बच्चीनगर का नलकूप प्रमुख रूप से शामिल है। इधर, जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि पानी ग्रस्त इलाकों में पेयजल आपूर्ति के लिए 5 टैंकर अतिरिक्त लगाए गए हैं। कॉलटैक्स में नलकूप का मरम्मत कार्य जारी है। दमुवाढूंगा, गौलागेट, साई मंदिर, हिम्मतपुर, कठघरिया समेत अन्य इलाकों में टैंकरों से पानी पहुंचाया जा रहा है।

सुरेंद्र, अमन और वंश मिस्टर फेयरवेल बने

श्रीराम संस्थान के बहुउद्देशीय सभागार में विदाई समारोह में मौजूद छात्र व अन्य।

संवाददाता, काशीपुर

- शैली, नेहा और स्तुति को मिस फेयरवेल चुना गया
- श्रीराम संस्थान के प्रबंधन विभाग में हुआ फेयरवेल कार्यक्रम

अमृत विचार : श्रीराम संस्थान के बहुउद्देशीय सभागार में हुए समारोह में प्रबंधक विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्र- छात्राओं ने अंतिम वर्ष के छात्र- छात्राओं का विदाई दी।

इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रैंप पर चहलकदमी कर अपना जलवा बिखेरा। सीनियर्स के लिए विभिन्न प्रकार की फन गेम्स भी हुए। संस्थान के अध्यक्ष रवींद्र कुमार, निदेशक प्रो. (डॉ.) योग राज सिंह, प्राचार्य डॉ एसएस कुशवाहा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ससंथान अध्यक्ष रवींद्र कुमार ने द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को समारोह के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। निदेशक प्रो (डॉ) योग राज सिंह ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम व अनुशासन से ही सफलता मिल सकती है। प्राचार्य डॉ एसएस कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर एमबीए के सुरेंद्र डंगवाल मिस्टर फेयरवेल व शैली शर्मा मिस फेयरवेल, बीबीए के अमन तिवारी मिस्टर फेयरवेल व नेहा शर्मा मिस फेयरवेल चुनी गईं। बीकॉम ऑनर्स के वंश अरोरा मिस्टर फेयरवेल व स्तुति तिवारी मिस फेयरवेल चयनित हुईं। सह-प्रध्यापक पंकज तिवारी व छवि चौधरी निर्णायक रहे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष (प्रबंधन विभाग) शोवित त्रिपाठी समस्त प्रवक्ता गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कच्ची शराब के 153 पाउच के साथ गिरफ्तार

लालकुआं : कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति को 153 कच्ची शराब के पाउच के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बलजीत सिंह पुत्र रंजीत सिंह निवासी ग्राम कुईखेड़ा गदरपुर जिला ऊधमसिंह नगर को इमली घाट गौला नदी के किनारे से कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ लालकुआं कोतवाली में आबकारी अधनियम के तहत केस दर्ज कर चालान किया।

हाईकोर्ट को एचएमटी परिसर में शिफ्ट किया जाए

हल्द्वानी : प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने हाईकोर्ट को रानीबाग स्थित एचएमटी के परिसर में शिफ्ट करने की मांग की है। महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल और प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने कहा कि हाईकोर्ट के लिए एचएमटी की रिक्त भूमि का संपूर्ण परिसर ही उच्च न्यायालय से जुड़ी सभी आवश्यकताएं पूरी हो जाती हैं। इससे सरकार की रिक्त जमीन का भी जनहित में सदुपयोग हो सकता है। महत्वपूर्ण यह है कि एचएमटी परिसर हल्द्वानी शहर से लगता हुआ है। शहर से सटा होने से सभी मूलभूत सुविधाएं मिल सकती हैं। पर्यटन के बढ़ावे की दृष्टि से यह स्थान किसी भी किस्म का अवरोध नहीं करेगा।

बच्चों ने प्रस्तुतियों से बयां किया मां के प्रति प्यार

संवाददाता, हल्द्वानी

दीक्षांत स्कूल में मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

अमृत विचार : शहर व आसपास के तमाम स्कूलों में शनिवार को मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम हुए, जिसमें बच्चों ने मां की ममता को लेकर अपने अभिनय से प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने शिक्षकों और अभिभावकों का मन मोह लिया।

सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल हरकपुर क्वीरा लामाचौड़ में मातृ दिवस पर अभिभावकों ने बच्चों के साथ मिलकर कई कार्यक्रम किए। माताओं ने नॉन फायर कुकिंग (आग रहित खाना पकाना) के अपने कौशल से बच्चों के लिए शानदार चीजें बनाईं। साथ ही रचनात्मक गतिविधियों में माताओं ने पोटरी वर्कशॉप में भाग लिया। उन्होंने मिट्टी की बनी चीजों पर नक्काशी करके अपनी कला का प्रदर्शन किया। माताओं ने बच्चों के साथ सामूहिक नृत्य भी किया। स्कूल की निदेशक रश्मि रौतेला व कात्यायन रौतेला तथा प्रिंसिपल तुलिका रस्तोगी ने जीवन में मां के महत्व को बताया।

वहीं नवाबी रोड स्थित दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में माताओं ने मदर्स डे कार्निवल में मॉम एंड मी डांस व बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें नर्सरी से कक्षा दो तक के नन्हें मुन्ने बच्चों ने मां के प्रति प्यार दिखाते हुए अपनी माताओं का भरपूर साथ दिया। इस दौरान फोटो बूथ, फूड व गेम स्टॉल भी लगाए गए।

मॉम एंड मी डांस प्रतियोगिता में कक्षा 1 के हृदयांश बिष्ट प्रथम, यूकेजी के बिसमन सिंह द्वितीय और कक्षा 2 की रितिशा पांडे तृतीय स्थान पर रहीं। सांत्वना पुरस्कार कक्षा 1 की प्रभसेज कौर और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में कक्षा 1 के हितांश पंत व एलकेजी की उमायल कंसल प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर कक्षा 1 के श्रीयन टंडन व यूकेजी के अभ्युदय वार्ष्णेय और तृतीय स्थान पर कक्षा 2 के सोहम मेंदीरत्ता व दिव्यांशी भनवाल रहे। सांत्वना पुरस्कार कक्षा 2 के शिवाय अग्रहरि को दिया गया। जज की भूमिका नुपूर नृत्य कला केंद्र की डायरेक्टर मीनू अग्रवाल बिष्ट, खुशबू गुप्ता व यतीन कांडपाल रहे। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक समित टिक्कू ने कहा कि मदर्स डे मां के सम्मान के साथ मातृत्व, मातृ बंधन और समाज में माताओं के प्रभाव का सम्मान करने वाला उत्सव है।

प्रधानाचार्य प्रभलीन सालुजा वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे जीवन में मां का महत्व बताया जाना था। इधर, सारथी फाउंडेशन समिति ने समाज में मातृ दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। जिसमें सुनन्दा जोशी कथावाचक, मीना बिष्ट स्वरोजगार, दया जोशी पत्रकार, प्रेमवती ग्रहणी, रजनी पत्रकार, कौशल्या जोशी स्वरोजगार, निशा जोशी समाजसेवी को प्रतीक चिन्ह एवं चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक संयोजक नवीन पंत, दीक्षा पंत पांडे, मंजू सनवाल, ज्ञानेंद्र जोशी, तारा बिष्ट, मोनिका कोठारी, पूजा पंत, वर्षा टंडन, गीता बेलवाल, बबीता टकवाल, रंजना जोशी, शीला भट्ट, सोना तिवारी, मानसी पंत मौजूद रहे।

बच्चों ने कविता और नृत्य से समझाया मां का महत्व

हल्द्वानी : रामपुर रोड स्थित विजडम स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक राजेंद्र पोखरिया ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यार्थियों ने मातृशक्ति को टीका लगाकर व आशीर्वाद लेकर उनकी अगवानी की और कविता वाचन, नृत्य व नाटक के माध्यम से मां के महत्व को समझाया। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई और छात्रों को पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। विजेताओं में दीपिका त्रिपाठी, नीलम कनवाल, नैना थापा, ऊषा देवी, उर्मिला बिष्ट, रंजना देवी, ऊषा पोखरिया, पम्मी भंडारी रहे। प्रधानाचार्य त्रिवेणी चन्द्र कबडवाल ने विद्यार्थियों से मां के प्रति सम्मान, लगाव व सत्य मार्ग अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी सुधा सिंह, संयोजक अरूण सिंह, उपप्रधानाचार्य नीता पांडे, अंशिका पांडे आदि उपस्थित रहे।

विजडम स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस। ● अमृत विचार

गीता पांडे को द बैस्ट मदर का ताज पहनाया

लिटिल फ्लावर स्कूल में धूमधाम से मनाया गया मातृ दिवस।

हल्द्वानी : लालडांठ स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में शनिवार को मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर माताओं के लिए कुर्सी दौड़, हाथी के गले में रिंग डालना, हाथ छूकर अपने बच्चे को पहचानना, रंगोली बनाना आदि प्रतियोगिताएं हुईं। माताओं ने अपने-अपने बच्चों के साथ रैम्प वॉक भी किया। प्रतियोगिताओं में शीला बिष्ट, निशा जोशी, हेमा रावत, गीता पांडे, सीमा गुप्ता, दुर्गा मठपाल, आरती आदि विजेता रहीं। वहीं गीता पांडे को द बैस्ट मदर का ताज पहनाया गया। सभी विजेताओं को स्कूल प्रबंधन की ओर से पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्या शांति जीना ने सभी माताओं को मातृ दिवस की बधाई दी और कार्यक्रम का समापन किया।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

सूचना

मैं अपने बेटे नरेन्दर सिंह के चाल-चलन अच्छे ना होने से मुकदमे बाजी से दुखी हूं। इस कारण मैंने उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब जो उसका लेन-देन व विवाद आदि से मेरा कोई वास्ता नहीं है। - **कुलवंत सिंह पुत्र निहाल सिंह, निवासी नगला, तहसील सितारगंज, उधमसिंह नगर।**

ममतामयी मां का स्थान संसार में और कोई नहीं ले सकता : ऋतु

रामनगर में अपनी माताओं के साथ मंच पर मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

रामनगर : ममतामयी मां का स्थान संसार में और कोई नहीं ले सकता। मां एक अनुभूति, एक विश्वास, एक रिश्ता, नितांत अपना सा रिश्ता है। मां को शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। यह बात प्रधानाचार्य ऋतु पंत ने किड्स जी प्ले व माउंट लिट्रा जी स्कूल में आयोजित मातृ दिवस के दौरान कही। स्कूल में मातृ दिवस हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी माताओं के लिए रोमांचक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी माताओं ने आनंद और उत्साह के साथ भाग लिया। स्कूल के डायरेक्टर स्पर्श अग्रवाल ने सभी माताओं को उनकी और उनके बच्चे की फोटो फ्रेम उपहार स्वरूप भेंट कीई। मंच संचालन प्रभजोत साहनी ने किया। कार्यक्रम में उमा तिवारी, रूबी नेगी, आयुषी अग्रवाल, अर्चना रावत, रश्मि गैरोला, मंजू तिवारी, प्रियंका यादव, सलोनी अग्रवाल, रंजना मियां शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

मोटाहल्दू में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए

हल्दूचौड़ में मातृ दिवस कार्यक्रम में उपस्थित मातृ शक्ति।

हल्दूचौड़ : प्रेस पब्लिक स्कूल सूफी भगवानपुर मोटाहल्दू में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसमें विद्यालय के प्रबंधक सीपी दुर्गापाल, डायरेक्टर सतीश चंद्र दुर्गापाल व मातृशक्ति ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विद्यालय के कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। तत्पश्चात माताओं के लिए विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें माताओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मॉम डांस विद चाइल्ड में विमला मेहता, थ्रो डाइस एंड कलेक्ट मैचस्टिक्स में नीतू कौटिल्या, आशा जोशी, कलेक्टिंग बॉल्स बाय स्टिक्स में सोनू पनेरू, फिल द वाटर बाय स्पून इन कंटेनर में पूजा जोशी, माया बिष्ट, हिट द ग्लास बाय स्टिक में गीता पनेरू, ब्लो द बॉल ऑन वॉटर ग्लास में ममता आर्य, कलेक्टिंग बॉल बाय मॉम एंड चाइल्ड में रेनू सुनाल, म्यूजिकल चेयर में जानकी रौतेला विजेता रहे। विद्यालय की प्रबंधक ममता दुर्गापाल ने सभी मातृशक्ति को पदक व बैज पहनाकर सम्मानित किया।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
डी. फार्मा (2 वर्षीय) एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
बी. फार्मा (4 वर्षीय) एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
डी. फार्मा (2 वर्षीय) बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
एम.एच.ए. (2 वर्षीय) एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

हरमन माइनर स्कूल भीमताल में धूमधाम से मनाया मातृ दिवस, कई कार्यक्रम हुए

भीमताल : हरमन माइनर स्कूल भीमताल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यअतिथि जिला पंचायत सदस्य, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भीमताल गीता बिष्ट, मीनाक्षी कांडपाल पूर्व छात्रा व सहायक श्रम आयुक्त उत्तराखंड, दीपक सक्सेना एसओएस बाल ग्राम के निदेशक, प्रधनाचार्य केडी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने मातृ दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रमों ने उपस्थित माताओं का मन मोह लिया। जिला पंचायत सदस्य गीता बिष्ट ने कहा मां परिवार का मजबूत स्तंभ होती है अच्छे संस्कार द्वारा संतान के भविष्य की नींव मजबूत करती है। पूर्व छात्रा मीनाक्षी कांडपाल ने कहा कि मां बच्चों की देखभाल के लिए पूरा जीवन न्यौछावर कर देती है। इस दौरान एसओएस बाल ग्राम की माताओं गंगा जोशी, पुष्पा जोशी, कमला पांडे आदि ने भी विचार रखे। अतिथियों ने बालग्राम की माताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति, स्वरूप कौर, ज्योति फुलारा ने किया। प्रधानाचार्य ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में टीना, सिद्धी रानी, व रोशनी ने अतिथियों को कलाकृतियां भेंट कीं।

सेंट जॉन्स विद्यालय के बच्चों ने मोहा मन

नैनीताल : सेंट जॉन्स विद्यालय में शनिवार को मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली बच्चों की माताओं के अभिनन्दन के साथ की गई। साथ ही अनेक खेलों के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। खेलों में म्यूजिकल चेयर, मार्वल एंड स्पून रेस, पार्सल पास, लकी मॉम आदि अनेक खेल थे। लकी ड्रॉ से लकी मॉम को चुना गया तथा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। बच्चों की ओर से अनेकों रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। छोटे बच्चों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। विद्यालय की ओर से बनाए गए सेल्फी प्वाइंट ने सभी माताओं का ध्यान अपनी ओर आकृषित किया। मदर्स डे पर केक भी काटा गया। प्रधानाचार्य ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्रबंधक राहुल थॉमस, प्रधानाचार्य विनीता रावत, पूनम बिष्ट, ज्योति त्रिपाठी, आशा जोशी, नीतू भाकुनी, अनीता बोरा, मोनिका वर्मा, लता फर्त्याल, रुचि साह, राशि नारंग, शाहीन, विक्रम सिंह रावत, तुलसी बिष्ट, पूनम आदि मौजूद रहे।

हरमन माइनर स्कूल में हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

नैनीताल में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
B.Sc. Nursing (4 Year)
Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
G.N.M (3 Year)
A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
O.T. Technician
Optometry
Cardiology
Physiotherapy
C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
D. Pharma
Facilities Available
QCI Rating 'A' Institute
Scholarship Facility
Smart Classes
100% Placement
Clinical Training in 1050 Beded Hospital
Experienced Faculty
Well Equipped Computer Lab.
Library
Modern Specialization Laboratory
Value Added Courses
Field Visits
Wi-Fi & Lush Green Campus
Hostel
Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

सार संक्षेप

40 महिलाओं ने किया ब्यूटीशियन डिप्लोमा कोर्स

खटीमा में डिप्लोमा प्रमाणपत्र के साथ महिलाएं और अन्य। ● अमृत विचार

खटीमा : मुख्यमंत्री हुनर योजना के अंतर्गत हिमालय चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनवरी से अप्रैल तक संचालित शिविर में जमौर की 40 अल्पसंख्यक महिलाओं ने ब्यूटीशियन का डिप्लोमा कोर्स पूरा किया। ट्रस्ट के निदेशक डॉ. एके पराशर ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर अब्दुल रसीद, डॉ. अयूब खान, बुल्लू सिंह, कमल सिंह, सुशीला पाराशर, उर्मिला देवी, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

बाजपुर में मेधावी बच्चों को सम्मानित करते भोला खुल्लर। ● अमृत विचार

बाजपुर : व्यापार मंडल बरहैनी के पूर्व कोषाध्यक्ष व भाजपा मंडल संयोजक भोला खुल्लर ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय झारखंडी, बरहैनी, चनकपुर, खंबारी आदि विद्यालयों में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए बच्चों को शनिवार को स्कूल बैग, टिफिन बाक्स, पानी की बोतल, पेंसिल बाक्स देकर सम्मानित किया। कहा गया कि जो बच्चा अगले साल अच्छे अंकों से पास होगा उसको भी यह सम्मान दिया जाएगा।

पुलिस ने चलाया मिशन ड्रग फ्री देवभूमि

सीमावर्ती गांवों में नशा विरोधी अभियान चलाते झनकईया थाने की पुलिस।

खटीमा : " मिशन ड्रग फ्री देवभूमि " के अन्तर्गत नशामुक्ति अभियान के तहत पोस्टर, फ्लेक्सी, स्टीकर के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। सीमावर्ती थाना झनकईया के थानाध्यक्ष अनिल जोशी के निर्देशन में सीमावर्ती गांव मेलाघाट, वन महोलिया, राजीवनगर में लोगों को नशामुक्त देवभूमि बनाने के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर नशा विरोधी स्टीकर/ पोस्टर/फ्लैक्स लगाए गए। इस अवसर पर एसआई मनोज देव, राजेंद्र जोशी, रामनाथ राम, प्रवीण कुमार आदि थे।

डॉली रेंज में वन अग्नि सुरक्षा गोष्ठी आयोजित

शांतिपुरी में अग्नि सुरक्षा गोष्ठी में मौजूद वन कर्मी व ग्रामीण। ● अमृत विचार

शांतिपुरी : वन विभाग ने डॉली रेंज कोटखर्रा बीट में वन अग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें जंगल के नजदीकी रहने वाले ग्रामीणों को आग से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिये। डिप्टी रेंजर शिव सिंह डांगी ने बताया कि वन हमारी अनमोल धरोहर हैं। इस मौके पर डिप्टी रेंजर, शिव सिंह डांगी, कोटखर्रा बीट अधिकारी नवल किशोर, फारेस्ट गार्ड कैलाश भाकूनी, दीपक कुमार, संदीप सिंह, गोविंद मेहरा, रेहान अली, बीट वाचर कुंवर धामी, प्रेम तिवारी, प्रताप दानू, जगदीश आर्या, ग्रामीण गौतम कोरंगा आदि मौजूद रहे।

अवैध वसूली के मामले में आरोपी दो युवक हुए बरी

काशीपुर : सेल्स टैक्स अधिकारी बनकर ट्रक से अवैध वसूली करने के मामले में कोर्ट ने दो युवकों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। तत्कालीन एसआई जावेद हसन ने 11 अगस्त 2018 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि गश्त के दौरान फीका नदी के पुल पर कार को तिरछा खड़ी कर स्वयं को सेल्स टैक्स अधिकारी बताकर दो युवक अवैध वसूली कर रहे थे। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अवैध वसूली करना स्वीकार किया। बताया कि वह प्रति ट्रक से 50 रुपये ले रहे थे। तलाशी में उनके पास से तीन सौ रुपये भी बरामद हुए। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम दिवाकर निवासी नादेही और अनिल गुप्ता निवासी गांव परतापुर जिला रामपुर बताया था। आरोप पत्र प्रस्तुत होने पर केस की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में हुई। बचाव पक्ष की ओर से एडवोकेट प्रदीप चौहान ने पैरवी की। संबंधित पक्षों को सुनने के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट मनोज सिंह राणा ने दोनों आरोपियों को संदेह का लाभ संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

मारपीट में चार महिलाओं सहित 10 लोगों पर मुकदमा

काशीपुर : एक युवक के साथ मारपीट की घटना में पुलिस ने चार महिलाओं समेत 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ग्राम रम्पुरा की सीताराम कॉलोनी निवासी पप्पू पुत्र रामरतन ने कुंडेश्वरी चौकी पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 5 मई की शाम करीब 6 .30 बजे वह अपने घर से आ रहा था कि रास्ते में लल्ला, मोहित, सेवक, सोनू, सागर, उज्जवल ने मारपीट की। लल्ला ने चाकू से कमर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उनके साथ हिना पत्नी सोनू, वीरो पत्नी लल्ला, सरिता पत्नी सेवक, मुकेश देवी पत्नी खिलेन्द्र ने भी घर आकर ईंट पत्थरों से हमला किया। इसमें उसे व उसकी पत्नी को भी चोटें आई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सड़क किनारे खड़े अधेड़ को कार ने मारी टक्कर

बाजपुर : सड़क किनारे खड़े अधेड़ को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे दिल्ली द्वारिका निवासी राकेश कुमार त्यागी (56) नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर लेवड़ा नदी के पुल के नजदीक अपनी कार के बराबर में खड़े थे। बताया जाता है कि इसी बीच हल्द्वानी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार कार चालक ने गलत साइड में आकर राकेश को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर घायल हो गए। दौड़कर पहुंचे आसपास के लोगों ने राहगीरों की मदद से घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रत्क्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राकेश उछलकर अपनी कार पर जा गिरा। इससे कार का अगला शीशा भी क्षतिग्रस्त हो गया।

निकाय चुनाव की तैयारी शुरू की

24 वार्डों से पार्षद पद के लिए 150 लोगों ने पेश की दावेदारी, हाईकमान का हो रहा इंतजार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : भाजपा नगर मंडल द्वारा रतन सिनेमा रोड श्री अग्रवाल सभा भवन में निकाय चुनाव 2024 को लेकर एक बैठक का आयोजन किया। इसमें मेयर व पार्षद पद के लिए दावेदारों से आवेदन मांगे गए। बैठक की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक गोयल और मंडल प्रभारी अमित नारंग ने की।

बैठक में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 24 वार्डों से 150 भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाय चुनाव में पार्षद पद के लिए दावेदारी पेश की है और अपने आवेदन पत्र नगर मंडल अध्यक्ष व प्रभारी को सौंपे। अभिषेक गोयल ने बताया कि यह आवेदन प्रतिक्रिया तब तक चलेगी जब तक भाजपा हाई कमान से कोई भी आदेश नहीं आता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक जमीन से जुड़ा कार्यकर्ता आवेदन जमा कर सकता है। इस दौरान प्रदेश मंत्री गुरविंदर सिंह चंडोक, इंतजार हुसैन, मोहन बिष्ट, विपिन अरोरा, उषा चौधरी, आनंद वैश्य, ईश्वर चंद्र गुप्ता, सीमा चौहान, रवि प्रजापति, विपिन अरोड़ा, डॉ. गिरीश तिवारी, वैशाली गुप्ता, राजेंद्र सैनी, अशोक कुमार सैनी, वीर सिंह चौहान, कुंदन सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

पार्षद पद के लिए अपना आवेदन पत्र पेश करते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

पूर्व पार्षद ने पेश की मेयर के लिए दावेदारी

काशीपुर : मोहल्ला गंज वार्ड नं. 13 की पूर्व पार्षद कविता यादव ने ओबीसी सीट होने पर मेयर पद के लिए अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। पार्टी जिलाध्यक्ष को सौंपे पत्र में भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष कविता यादव ने कहा कि अगर काशीपुर मेयर सीट ओबीसी होती है, तो वह अपनी दावेदारी प्रस्तुत करती हैं।

कांग्रेस से प्रदेश सचिव अरुण चौहान ने पेश की दावेदारी

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करन माहरा के निर्देशानुसार आज से 16 मई तक के लिए मेयर व 40 वार्ड पार्षदों के आवेदन पत्र महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने जमा करने शुरू कर दिए हैं। पहले दिन मेयर के लिए प्रदेश कांग्रेस सचिव अरुण चौहान ने अपनी दावेदारी पेश की। वहीं वार्ड 11 से राजू छीना, वार्ड 21 से मोहम्मद आरिफ ने अपनी दावेदारी पेश की।

शनिवार को नव चेतना कांग्रेस भवन में कांग्रेस मेयर पद के दावेदार के रूप में कांग्रेस के प्रदेश सचिव अरुण चौहान ने मेयर पद के लिए महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन को अपना आवेदन पत्र सौंपा। पीसीसी सचिव अरुण चौहान ने कहा कि उन्होंने नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के सिंबल से काशीपुर मेयर पद से दावेदारी पेश की है। उन्हें विश्वास है कि कांग्रेस हाई कमान इस बार निकाय चुनाव में उन पर आशीर्वाद स्वरूप टिकट प्रदान करेगा। उधर वार्ड नंबर 11 फसियापुरा से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजू छीना व वार्ड नंबर 21 महेशपुरा से मोहम्मद आरिफ ने पार्षद पद के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ ने बताया कि आज से 16 मई तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आवेदन पत्र लिए जाएंगे। उन्होंने सभी मेयर व पार्षद पद के दावेदारों से शीघ्र अपने आवेदन जमा करने की अपील की। इस मौके पर मंसूर अली मंसूरी, मोहम्मद आरिफ, हनीफ, शहजाद अंसारी, शाह आलम, आदि मौजूद रहे।

मेयर पद के लिए आवेदन सौंपते कांग्रेस प्रदेश सचिव चौहान।

गदरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट।

निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं : भट्ट

गदरपुर : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट शनिवार को मंडल महामंत्री अनिल जेटली के आवास पर पहुंचे। जहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ता तैयार हो जाएं। वार्ड सभासद के लिए आवेदन जिला अध्यक्ष को दिए जाएंगे और उनका निस्तारण भी जिला अध्यक्ष और उनकी टीम करेगी। उन्होंने कहा कि चेयरमैन पद की दावेदारी का निस्तारण प्रदेश स्तर पर किया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा, अनिल जेटली, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष ज्योति अरोड़ा, अतुल पांडे, अशोक हुडिया, नरेश हुंडिया, चंकित हुंडिया, कुलबीरी चौधरी, मानसी शर्मा, ज्योति शर्मा, राजेश गुंबर, अनीता शाह, पूनम ग्रोवर, रिंकी हितकारी, हरीश रहलन, सतीश मिड्ढा, रोहित सुदामा शाहिद मौजूद थे।

केजरीवाल को मिली जमानत कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

संवाददाता, रुद्रपुर/किच्छा

अमृत विचार : आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि असत्य पर सत्य की जीत हुई है।

शराब घोटाले में फंसे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को मिली जमानत के बाद शनिवार को आप पार्टी के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष एसएस कलेर की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि केजरीवाल को साजिश के तहत जेल भेजा गया। जहां दिल्ली के सीएम ने न्यायालय की शरण ली और अदालत ने केजरीवाल को जमानत पर रिहा कर दिया। इस मौके पर कुलवंत सिंह,जर्नादन सिंह,जसपाल सिंह,सुभाष व्यापारी,सीपी अधिकारी,जावेद मलिक,हरपाल सिंह,सुरेंद्र गाबा,सोनू गाबा,कमल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

किच्छा में आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने पर आप कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। हल्द्वानी मार्ग स्थित पार्टी कार्यालय में कार्यक्रम के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव कुलवंत सिंह, विधानसभा प्रभारी जनार्दन सिंह, नगर अध्यक्ष सोनू गुप्ता, जावेद मलिक, अशफाक अहमद, सीपी अधिकारी, रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर में मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाते आप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

किच्छा में एक दूसरे को मिठाई खिलाते आप कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

विद्यालय समय में भारी वाहनों पर रोक लगाने की मांग

बाजपुर। विद्यालय समय में भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग को लेकर राजकीय इंटर कॉलेज बन्नाखेड़ा के प्रधानाचार्य व अभिभावक-शिक्षक संघ ने पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा में लिखित शिकायत दी है। शनिवार को पुलिस चौकी में दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि वर्तमान समय में विद्यालय में करीब 850 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। विद्यालय का मुख्य गेट सड़क पर ही स्थित है और सुबह को विद्यालय में प्रवेश के समय और दोपहर में छुट्टी के समय मुख्य गेट पर विद्यार्थियों की भीड़ लग जाती है जिसके चलते दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सड़क पर भारी माल वाहक वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है जिसकी वजह से पूर्व में कुछ छात्र दुर्घटना का शिकार होने से बचे हैं। उन्होंने प्रातः 07:30 से 08:15 बजे और दोपहर में छुट्टी से समय 12:50 से 01:30 बजे तक भारी माल वाहक वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया है। इस मौके पर प्रधानाचार्य अशोक कुमार, विद्यालय विकास प्रबंधक समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार आदि शामिल रहे।

दिनेशपुर के श्रीबालाजी मंदिर चरनपुर में सजे दरबार में भजनों का आनंद लेतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

आस्था | श्री बालाजी महाराज का किया स्वर्ण चोला का श्रृंगार

सजा दो घर को गुलशन सा . . .

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार: भक्तों द्वारा श्रीबालाजी मंदिर चरनपुर के परिसर में श्रीबालाजी महाराज का दरबार सजाया गया। इस मौके पर श्रीबालाजी महाराज का स्वर्ण चोला श्रंगार किया गया। इस दौरान विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भक्तों ने दरबार में हाजिरी लगाई और श्री बालाजी महाराज के भजनों का आनंद लिया।

शनिवार को बीएसएफ 123 बटालियन से सेवानिवृत हुए नवीन चंद्र तिवारी व भारतीय सेना के 23 कुमाऊं रेजीमेंट से सेवानिवृत हुए चंदन सिंह गड़िया के सकुशल घर आने पर क्षेत्रवासियों ने जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात श्रीबालाजी मंदिर चरनपुर में श्रीबालाजी महाराज का दरबार का विधिवत शुभारंभ अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया। भक्तों द्वारा श्रीगुरु वंदना व श्रीगणेश वंदना एवं श्रीहनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ के बाद भक्तों ने भजनों का दौर शुरू कर भक्तिरस की धारा प्रवाहित की। इस दौरान भजनों की श्रृंखला में जय माता दी म्यूजिकल ग्रुप मोटाहल्दू से आए गायक विनोद उपाध्याय ने सजा दो घर को गुलशन सा मेरे सरकार आए हैं..., मनोज तिवारी ने दुनिया में देव हजारो हैं बजरंगबली का क्या कहना...., व सुमित बिष्ट ने मेरे सिर पर रख दो बाबा अपने ये दोनों हाथ...., आदि भजन सुनाकर माहौल भक्तिमय कर दिया। तत्पश्चात बाबा का चालीसा, श्रीसीताराम, श्रीबालाजी, श्रीभैरव बाबा, श्रीप्रेतराज सरकार की आरती के बाद बाबा को भोग लगाया गया। इस मौके पर पुजारी विक्रम डोगरा, आलोक पाठक, रतन सिंह डोगरा, पूर्व सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर, गीता तिवारी, धना गड़िया, जानकी तिवारी, गोपाली देवी, सूबेदार भुपाल सिंह कोरंगा, हरीश देऊपा, मानसिंह कोरंगा,मदन मोहन जोशी, केवल कृष्ण पाठक आदि मौजूद रहे।

तू कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है, प्यारी-प्यारी है...

मदर्स डे पर खटीमा के स्कूलों में आयोजित हुए कार्यक्रम, बच्चों ने माताओं के लिए हस्तनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड बनाए, कविताएं लिखीं

खटीमा में मदर्स डे पर नोजगे पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम में शिरकत करतीं विद्यार्थियों की माताएं। ● अमृत विचार

गदरपुर के एसएस पब्लिक स्कूल में मदर्स डे की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: नोजगे पब्लिक स्कूल में मदर्स डे पर छात्र छात्राओं की माताओं को आमंत्रित कर कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ ईस्टर इंडस्ट्रीज के क्वालिटी कंट्रोल मैनेजर लुइस जोसेफ सूजी सोफिया, विद्यालय प्रबंधिका सुरेंद्र कौर और प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित किया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में अंकित विनोद खाती को मदर ऑफ द इवेंट, मीनाक्षी कापड़ी को मिसेज रैंप वॉक, नवनीत कौर को बेस्ट ड्रेस्ड अप मदर, रेनू नाथ को मेकअप क्वीन, पुष्पा कोहली मनीष राणा और मोहनी गुप्ता को सोलो डांस विनर, सरिता पोखरिया, मीनाक्षी कापड़ी और सुलोचना करनवाल को सिंगिंग, आशा सामंत और प्रीति गिरी को मेंहदी, नेहा भाटिया और पूजा तिवारी को कला, भाग्यश्री को रंगोली, नवनीत कौर को बैलून गेम तथा सीमा बिष्ट को कप पिरामिड गेम की विजेता घोषित किया गया।

खटीमा में मां के लिए हस्त निर्मित ग्रीटिंग कार्ड के साथ हिंद पब्लिक स्कूल के बच्चे।

हिंद पब्लिक स्कूल में मदर्स डे पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों द्वारा अपनी माताओं के लिए हस्त निर्मित ग्रीटिंग कार्ड, स्वरचित कविताएं लिखीं और माताओं के लिए पत्र भी लिखे। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक नीरज कुमार, प्रशासिका मंजू खन्ना, उप-प्रधानाचार्या पूजा जोशी, रंजीत मेहरा आदि मौजूद थे। नव चेतना पब्लिक स्कूल श्रीपुर बिछुआ में मातृ दिवस पर विद्यार्थियों ने कविताएं, गीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं स्कूल में माताओं के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक विनोद कापड़ी, प्रधानाचार्य सुमन कापड़ी, रीता कापड़ी, अंजली चंद, गीता राना, गोदावरी चंद, विनीता, गौरव गड़कोटी आदि उपस्थित थे। सोर वैली पब्लिक स्कूल में मदर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भावना जोशी और गीता ठकुराठी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। ड्राइंग कंपटीशन में ममता पोखरिया ने प्रथम, रेनू चौहान ने द्वितीय और ज्योति ने तृतीय स्थान हासिल किया। संचालन शालू गौरव ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ममता धौनी, कांता चौहान, सरस्वती भट्ट, सुरेखा रावत, बबीता खोलिया, शालू गौरव, आशा बिष्ट, गीता कोहली, पल्लवी, दीपा भारद्वाज, सोनाली राना, गायत्री बसेड़ा आदि रहे।

एसएस स्कूल में माताओं को किया सम्मानित

गदरपुर : एसएस पब्लिक स्कूल में शनिवार को मदर्स डे की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डीपी सिंह एवं प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। एलकेजी के बच्चों ने फिल्मी गाने तेरी अंगुली पकड़ के चलना सीखा पर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में माताओं ने फैशन शो, डांस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस दौरान विजेता माताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डिम्पल शर्मा और अवनी सबरवाल ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पलविंदर सिंह, उप प्रधानाचार्य सुरेंद्र प्रसाद, प्रियंका सेठी, ज्योति सिंह, गीता अरोरा, अंजलि सिंह, रीतू कौर, अन्नू पूरी, सीमा पाल, रिमझिम वर्मा आदि मौजूद रहे।

हाईकोर्ट को किच्छा में शिफ्ट करने की मांग

किच्छा : वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने किच्छा तहसील अंतर्गत प्राग फार्म के निकट सरकारी भूमि पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय शिफ्ट करने की मांग की है। इस संबंध में हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल एवं उत्तराखंड सरकार को पत्र प्रेषित कर आग्रह किया। पत्र के माध्यम से भाजपा नेता संजीव सिंह ने कहा कि किच्छा के नजदीक स्थित प्राग फॉर्म क्षेत्र हवाई, ट्रेन तथा सड़क यातायात से पूरे देश से जुड़ा हुआ है तथा उच्च न्यायालय की आवश्यकताओं के अनुरूप है। कुमाऊं एवं गढ़वाल के दूरस्थ स्थानों से आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए क्षेत्र में सभी साधन उपस्थित होने के चलते यह स्थान उच्च न्यायालय की स्थापना के योग्य है।

संजीव कुमार सिंह।

डीएम ने फिर किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

सतर्कता

- तैनात अधिकारी-जवानों में मचा हड़कंप
- जिलाधिकारी ने की सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार:-जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने एक बार फिर बगवाड़ा स्थित स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल की। उन्होंने निर्धारित सुरक्षा व्यवस्था के मानकों को भी परखा। आदेशित किया कि ईवीएम मशीनों की निगरानी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते डीएम उदयराज सिंह। ● अमृत विचार

शनिवार की शाम ढलते ही अचानक जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधीनस्थों को अपने आवास पर बुलाया और बगवाड़ा स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने के लिए रवाना हो गए। डीएम के औचक निरीक्षण को देख वहां मौजूद अधिकारी व जवानों में हड़कंप मच गया। इस दौरान डीएम ने पुनः सीसीटीवी कंट्रोल रूम, आगन्तुक रजिस्टर, ईवीएम कक्ष के अलावा दस्तावेजों की बारीकी से पड़ताल की। उन्होंने आदेशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमावली के मुताबिक ही सुरक्षा व्यवस्था के मानकों को पूरा किया जाएगा।

चौबीस घंटे स्ट्रांग रूम की निगरानी के अलावा ईवीएम कक्ष पर पहरा रहेगा। बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति को स्ट्रांग रूम परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी बिना प्रतिस्थापन के कंट्रोल रूम से नदारद नहीं रहेगा। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी मनीष बिष्ट भी मौजूद रहे।

अंडर 16 हॉकी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

काशीपुर : राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गए चार मैच में टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। शनिवार को जिला हॉकी संघ द्वारा आयोजित प्रथम स्व. अमरपाल सिंह यादव मैमोरियल राज्य स्तरीय आमंत्रण बालक हॉकी अंडर-16 प्रतियोगिता के दूसरे दिन मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी जगदीश यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया। लीग का पहला मैच काशीपुर और हरिद्वार के बीच खेला गया। जिसमें हरिद्वार ने 3-0 से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में देहरादून ने 3-0 हल्द्वानी को हराकर जीत हासिल की। वहीं तीसरे मैच में हरिद्वार ने काशीपुर ब्लू को 2-0 से हराया। चौथे मैच में हल्द्वानी और रुद्रपुर आमने-सामने रहे। जिसमें 3-3 के स्कोर से मैच बराबर रहा। हॉकी प्रशिक्षक मोहित सिंह ने बताया कि अंको के आधार पर सेमीफाइनल मैच हरिद्वार व टनकपुर और काशीपुर रेड व देहरादून के बीच खेले जाएंगे।

मझोला में रात्रिकालीन टूर्नामेंट शुरू

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: मझोला प्रीमियर लीग 8-ए-साइड रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच सितारगंज की टीम ने न्यूरिया पीलीभीत की टीम को हराकर जीता। वहीं दूसरे मैच में मझोला की टीम ने बड़वार को हराया।

रावल मैदान मझोला पर आयोजित 10 दिवसीय रात्रि क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन उपनेता प्रतिपक्ष व विधायक भुवन कापड़ी तथा जसविंदर सिंह पप्पू ने फीता काट कर किया। उद्घाटन मैच के लिया मैदान में उतरी सितारगंज और न्यूरिया पीलीभीत की टीम के खिलाड़ियों का परिचय अतिथियों से कराया गया। टॉस जीतकर बैटिंग करते हुए न्यूरिया की टीम ने निर्धारित आठ ओवर में 55 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सितारगंज की टीम ने नदीम के 39 रन की बदौलत 7.1 ओवर में दो विकेट पर 56 रन बनाकर मैच पांच विकेट से जीत लिया। नदीम को में ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरे मैच में बड़वार की टीम ने टॉस जीतकर 49 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मझोला की टीम ने 7.3 ओवर में 53 रन बनाकर मैच जीत लिया। मझोला के अरशद को 24 रन और एक विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। इस अवसर पर राजेश पटेल निहाल सलमानी नाजिम अंसारी जुनैद अंसारी माजिद अंसारी वकार अंसारी तस्लीम इदरीसी मौजूद रहे।

खटीमा के मझोला में रात्रिकालीन क्रिकेट का शुभारंभ करते विधायक भुवन कापड़ी।

मतदाता सूची में बाहरी लोगों के नाम का विरोध

जसपुर : नगर पंचायत महुआडाबरा के निवासियों ने विधायक के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मतदाता सूची में बाहरी व्यक्तियों को मतदाता बनाए जाने का विरोध किया और कार्रवाई करने की मांग की। महुआडाबरा के कुछ लोग क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अवगत कराया कि उन्हें मतदाता सूची देखने पर ज्ञात हुआ है कि बहादरपुर ग्राम सभा एवं अन्य स्थानों के व्यक्तियों के नाम फर्जी तरीके से मतदाता सूची में शामिल किए गए हैं। इन व्यक्तियों के नाम बहादुरपुर ग्राम सभा की सूची में भी शामिल हैं। उन्होंने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस संबंध में संबंधित बीएलओ को प्रार्थना पत्र देकर इन नामों को निरस्त करने की मांग कर चुके हैं लेकिन संबंधित बीएलओ द्वारा इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर एसडीएम गौरव चटवाल ने बताया कि दोनों पक्षों को नोटिस जारी करके नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

...तो हरे पेड़ काटने वालों को मिल गया अभयदान

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: प्रतापपुर के पास हरे भरे आम के पेड़ काटने के मामले में अभी तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। शिकायत पर एनजीटी के टीम कई बार जांच को पहुंच चुकी है। हैरत की बात यह है कि वन विभाग व उद्यान विभाग कितने पेड़ अवैध रूप से काटे गए हैं, मामले की जानकारी तक नहीं दे सके हैं।

बीते साल प्रतापपुर के पास आम के पेड़ काटे गए थे। विभागीय अधिकारियों की मानें तो कुछ पेड़ काटने की अनुमति दी गई थी, लेकिन संबंधित आरोपियों ने सौ से अधिक पेड़ काट दिए थे। काशीपुर निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर एनजीटी की टीम जांच करने पहुंची है। सवाल यह है कि वन विभाग और उद्यान विभाग, प्रशासन को कई बार घटनास्थल पर बुलाया गया। लेकिन कितने पेड़ काटे गए, मामले की जानकारी किसी भी अधिकारी ने नहीं दी है। खुद एसडीएम अभय प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे हैं। उनका कहना है कि वन विभाग व उद्यान विभाग से रिपोर्ट मांगी जा रही है। वहीं, कई माह होने के बाद भी रिपोर्ट नहीं देना संबंधित अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है। सूत्रों की मानें तो संबंधित व्यक्ति अब प्लाटिंग करने की तैयारी में है। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

विजयी प्रतिभागियों के साथ अधिकारी। ● अमृत विचार

शिवालिक को रौंद पटेल भवन बना कबड्डी चैंपियन

पंतनगर : सत्र 2023-24 की विवि अंर्तछात्रावास कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन आठ से 10 मई तक विवि के स्टीवेंसन स्टेडियम में किया गया। शुक्रवार को खेले गए फाइनल में पटेल भवन ने शिवालिक भवन को 41-28 से पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। प्रतियोगिता में छह छात्रावासों की टीमों ने प्रतिभाग किया था। सेमीफाइनल में शिवालिक भवन ने नेहरू भवन और पटेल भवन ने चित्तरंजन भवन-1 को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में पटेल भवन ने शिवालिक को 41-28 से पराजित कर दिया। पटेल भवन के भावेश सिंह बानी को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. बृजेश सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन कबड्डी के स्टाफ काउंसलर जीएस बोहरा, शारीरिक शिक्षा अनुभाग के एसके मौर्या व कर्मचारियों ने सफलतापूर्वक किया।

पहल कुलपति ने एटिक के उद्देश्यों की महत्ता देखते हुए इसको सुदृढ़ करने का सुझाव दिया

14 साल बाद हुई एटिक प्रबंधन समिति की बैठक

प्रबंधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते कुलपति डॉ. एमएस चौहान। ● अमृत विचार

संवाददाता, पंतनगर

अमृत विचार: जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय की ओर से कुलपति सभागार में 14 वर्षों के बाद शनिवार को एटिक प्रबंधन समिति की पांचवीं बैठक आयोजित की गई। विवि में कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केंद्र (एटिक) की स्थापना 26 अगस्त 2001 को हुई थी। जिसका उद्देश्य एकल खिड़की से किसानों को कृषि से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी, बीज व अन्य तकनीकों को उपलब्ध कराना था।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. एमएस चौहान ने एटिक के उद्देश्यों की महत्ता देखते हुए इसको सुदृढ़ करने का सुझाव दिया।

जिससे कि विवि के विभिन्न महाविद्यालयों के वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे शोध का किसानों को पूरा लाभ मिल सके।

डॉ यूएस सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पंतनगर : जीबी पंत कृषि विवि स्थित कृषि महाविद्यालय के पादप रोग विज्ञान विभाग में प्राध्यापक रहे डॉ. यूएस सिंह का बीते बृहस्पतिवार को हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया। वह अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक थे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान फिलीपिंस के साथ-साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में भी अपना योगदान दिया था। एटिक प्रबंधन समिति की बैठक के दौरान सभी मौजूद प्राध्यापकों ने डा. सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

डॉ. यूएस सिंह।

सार-संक्षेप

आरएएन में नये कैडेटों का चयन करते एनसीसी अधिकारी। ● अमृत विचार

एनसीसी के अधिकारियों ने किया आरएएन स्कूल का दौरा

रुद्रपुर : एनसीसी के नये कैडेट के चयन को लेकर यू के और एसक्यूएल द्वारा आरएएन पब्लिक स्कूल का दौरा किया और सब यूनिट के विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता का आकलन किया। जिसमें विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। शनिवार को यूके और एक्यूएन के अधिकारी विद्यालय परिसर पहुंचे और एनसीसी के नये कैडेटों की चयन प्रक्रिया प्रारंभ की। इस दौरान उन्होंने इच्छुक विद्यार्थियों की शारीरिक क्षमता को लेकर परखा और रिपोर्ट तैयार की। विद्यालय के प्रबंधक मोहित राय ने बताया कि प्रतिवर्ष एनसीसी के अधिकारी नये कैडेटों का चयन करते हैं। इसमें कैडेट की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता के आकलन के आधार पर चयन होता है। इस मौके पर विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एचके राय, प्रधानाचार्य भावना भनोट ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

जसपुर में क्षत्रिय महासभा के कार्यकर्ताओं के साथ केक काटते विधायक चौहान।

महाराणा प्रताप के शौर्य को किया याद

जसपुर : क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप की जयंती पर जसपुर-अफजलगढ़ रोड स्थित हीरा गार्डन में समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विधायक ने महाराणा प्रताप के शौर्य को याद किया। विधायक व क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने अतिथियों के साथ केक काटा और मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर गजेन्द्र चौहान, हिरदेश चौहान, कृष्णा सिंह, रेखा राजपूत, डोली चौहान, राहुल गहलौत, अनिल गहलौत, शैलेन्द्र गहलौत, सर्वेश चौहान, संजय राजपूत आदि मौजूद रहे।

बाजपुर के ग्राम चकरपुर में व्यावसायिक शिक्षा की जानकारी प्राप्त करतीं छात्राएं।

छात्राओं ने किया औद्योगिक भ्रमण

बाजपुर : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की कक्षा 10 व 12 की इलेक्ट्रानिक्स एंड हार्डवेयर की छात्राओं ने शनिवार को जिला कोऑर्डिनेटर मोहन देव के निर्देशन में एक्यूरेट आटोमोटिव हार्नेस कंपनी में औद्योगिक भ्रमण किया। इस दौरान ग्राम चकरपुर में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को इलेक्ट्रानिक्स एंड हार्डवेयर के प्रशिक्षक नितेश सिंह ने व्यावसायिक शिक्षा का महत्व और कैरियर संबंधी विषयों की जानकारी दी। इस दौरान जीजीआईसी की प्रधानाचार्या मीता बोस, गीता रावत, पूजा रानी, अर्चना सिंह, सरिता, इंजीनियर राजेंद्र सिंह, कंपनी प्रबंधक सौरभ ठाकुर, संदीप, अमित आदि मौजूद रहे।

बाजपुर के ज्ञानदीप स्कूल में खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते अतिथि।

ज्ञानदीप स्कूल में प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरू

बाजपुर : उत्तराखंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन बाजपुर-दोराहा मुख्यमार्ग स्थित ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल में किया गया। इसमें देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, टिहरी, ऊधम सिंह नगर, अल्मोड़ा, चंपावत आदि जनपदों के करीब 300 खिलाड़ियों ने हिस्सा किया। शनिवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह काहलो, डायरेक्टर राजिंदर कौर काहलो व मैनेजिंग दीपक काहलो आदि ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य भुवन कांडपाल, संस्था के उत्तरखंड अध्यक्ष राजेश यादव, सचिव हरीश रावत, अतुल चंद्रा, अक्षय कुमार, आयोजक मनोज राजहंस, शेखर राजहंस आदि मौजूद रहे।

श्री रामचरित मानस अखंड पाठ 14 से

काशीपुर : श्मशान घाट रोड स्थित श्री गंगे बाबा मंदिर उदासीन आश्रम में श्री रामचरित मानस अखंड पाठ का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए महंत लखन दास ने बताया कि मंगलवार 14 मई को रात्रि 8 बजे से श्री रामचरित मानस अखंड पाठ प्रारम्भ होगा, जबकि गुरुवार 16 मई को प्रात : 8 बजे से हवन यज्ञ तथा प्रात : 9 बजे समापन के उपरांत भंडारा आयोजित किया जाएगा।

पोस्टर का विमोचन करते डॉ. ओपीएस नेगी, डॉ. संजय कुमार व अन्य वैज्ञानिक।

विजन फॉर विकसित भारत पोस्टर का हुआ विमोचन

पंतनगर : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उत्तराखंड मुक्त विवि हल्द्वानी के कुलपति प्रो. ओपीएस नेगी, निदेशक बायोटेक डॉ. संजय कुमार, डॉ. तरुण सक्सेना, डॉ. आशुतोष भट्ट, डॉ. मणिंद्र मोहन व डॉ. कंचन कार्की ने 'विजन फॉर विकसित भारत' पोस्टर का विमोचन किया। प्रोफेसर नेगी ने शोधकर्ताओं को शोधपत्र लेखन प्रतियोगिता के 11 बिंदुओं को विस्तार से बताते हुए इसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया। एमआईईटी कुमाऊं के निदेशक डॉ. तरुण सक्सेना, डॉ. आशुतोष भट्ट, जितेंद्र बोहरा, अनुज कुमार, ललित मिश्रा आदि मौजूद थे।

एक नजर

सब्जी मंडी के बाहर खड़ी बाइक चोरी

रुद्रपुर : सिविल लाइंस स्थित सब्जी मंडी के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और रिपोर्ट दर्ज की। जेपी नगर जनपथ रोड फुलसुंगा निवासी विशाल कुमार ने बताया कि आठ मई की शाम साढ़े सात बजे वह अपनी बाइक संख्या यूके 06 बीए 3961 को लेकर संजय नगर खेड़ा स्थित सब्जी मंडी गया था और बाइक को लॉक कर बाहर खड़ी कर दी। थोड़ी देर बाद जब वापस लौटा तो बाइक अपने स्थान से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा।

ट्रांजिट कैंप में कच्ची शराब बेचती महिला गिरफ्तार

रुद्रपुर : थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने कच्ची शराब बेचते हुए एक महिला को गिरफ्तार कर शराब बरामद की और आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। शनिवार की दोपहर को थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को खबर मिली कि इलाके में एक महिला बड़े पैमाने पर कच्ची शराब बेचने का धंधा कर रही है। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस को देख आरोपी महिला भागने लगी। पुलिस ने घेराबंदी कर महिला को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी महिला ने अपना नाम दीक्षा गंगवार निवासी वार्ड-चार आजाद नगर थाना ट्रांजिट कैंप बताया। पुलिस ने मौके से 26 लीटर कच्ची शराब बरामद की।

घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट का आरोप

खटीमा : मझोला गांव में घर में घुसकर पड़ोसी ने लाठी डंडों से हमला कर ग्रामीण को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सत्रहमील पुलिस चौकी प्रभारी ललित बिष्ट को सौंपी तहरीर में ग्राम मझोला निवासी प्रदीप कुमार ने कहा है कि शुक्रवार दोपहर के समय वह अपने घर में परिवार के साथ था। इस दौरान पड़ोसी लाठी डंडा लेकर घर में घुस आया और गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसने सिर पर डंडा मार दिया जिससे पीड़ित के सिर में गहरी चोट आई और वह बेहोश होकर गिर गया। उसके बाद भी लात घूंसों से मारता रहा। पीड़ित परिवार की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोगों ने उसे बचाया।

153 पाउच कच्ची शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

शांतिपुरी : पुलिस ने शनिवार सुबह आरोपी बलजीत सिंह निवासी कुईखेड़ा थाना गदरपुर को शान्तिपुरी इमलीघाट बिन्दुखत्ता लालकुआं के पास जंगल से 153 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध दफा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

प्रधानाध्यापक कार्यालय में चोरी

बंद घर से नकदी व जेवरात पर किया हाथ साफ

वारदात

- राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दानपुर की घटना
- प्रधानाध्यापक ने दर्ज कराया मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : गांव दानपुर में चोरों ने धावा बोलकर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक के कार्यालय का ताला तोड़कर सामान चुरा लिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना की जानकारी ली और तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया।

गांव दानपुर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक मंजू अग्रवाल के अनुसार नौ मई 2024 की शाम को आठ बजे के करीब विद्यालय की अध्यापिका तसनीम जैदी ने फोन कर बताया कि विद्यालय में उनके कार्यालय का ताला टूटा हुआ है।

सूचना मिलते ही जब मौके पर आकर देखा तो चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर यूपीएस, प्रबंधन समिति की खाता पासबुक के अलावा अन्य जरूरी सामान चोरी कर लिया था। सूचना मिलने पर रंपुरा चौकी पुलिस ने घटना की जानकारी ली और विद्यालय प्रधानाध्यापक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

काशीपुर : गृहस्वामिनी की अनुपस्थिति में चोर ममटी का शीशा तोड़कर घर में घुस आए और कमरे में रखी अलमारी से हजारों की नगदी समेत लाखों के आभूषण चोरी कर ले गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम गंगापुर रकवा निवासी मीना ने कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने देवर मनोज कुमार के साथ रहती है। देवर की तबीयत खराब होने के कारण वह बीती 3 मई को घर का ताला लगाकर इलाज के लिए काशीपुर में अपने रिश्तेदार के घर चली गई थी। 8 मई को वापस आने पर देखा तो घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था तथा अन्दर समान बिखरा पडा था। चोरों ने घर के अन्दर कमरे में रखी अलमारी तोड़कर उसमे से करीब 90 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों के सोने के जेवरात चोरी कर लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

ठेकेदार पर मनमानी करने तथा नियम विरुद्ध अवैध वसूली करने का आरोप लगाया

स्लॉटर हाउस ठेकेदार पर भड़के मीट विक्रेता

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: स्लॉटर हाउस ठेकेदार पर मनमानी करने तथा नियम विरुद्ध अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए तमाम मीट विक्रेताओं ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ठेकेदार के विरुद्ध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। इस दौरान मीट विक्रेताओं के साथ उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार ने वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी और जल्द जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

स्लॉटर हाउस ठेकेदार एवं मीट विक्रेताओं के बीच शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। विगत लंबे समय से चल रहा विवाद लगातार तूल पकड़ रहा है। शनिवार की दोपहर वरिष्ठ मीट कारोबारी हाजी इदरीश कुरैशी एवं मंडी समिति के पूर्व डायरेक्टर मोहम्मद आरिफ कुरैशी के नेतृत्व में तमाम मीट विक्रेता उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने स्लॉटर हाउस ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। नगर पालिका के निवर्तमान सभासद मोहम्मद आरिफ गुड्डू एवं वहीद पहलवान ने आरोप लगाया कि नगर पालिका द्वारा स्लाटर हाउस के दिए गए ठेके में 100 रुपए प्रति जानवर शुल्क वसूलने का निर्देश दिया गया है जबकि ठेकेदार द्वारा मनमानी कर 12 सौ रुपए से लेकर 15 सौ रुपए तक का प्रति जानवर का अवैध शुल्क वसूला जा रहा है। मीट विक्रेताओं से वार्ता करते हुए उप जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्रा एवं तहसीलदार गिरीश चंद्र त्रिपाठी में पूरे मामले की जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर हाजी इदरीश कुरैशी, वहीद पहलवान, मोहम्मद आरिफ कुरैशी, दानिश कुरेशी, मोहम्मद आरिफ गुड्डू, इकबाल कुरैशी, मोहम्मद शरीफ कुरैशी, शमशाद कुरैशी, छोटा कुरैशी, हाजी रफीक कुरैशी, असलम कुरैशी, छोटू कुरेशी, मोहम्मद आमिर कुरैशी, जबर कुरेशी, शरीफ कुरैशी, पप्पू कुरैशी, सुहेल कुरेशी मौजूद रहे।

किच्छा में एसडीएम कार्यालय के पास प्रदर्शन करते मांस विक्रेता। ● अमृत विचार

विवि प्रशासन और व्यापारियों के बीच झड़प

अतिक्रमण को लेकर परिसर से सटी मस्जिद कॉलोनी में शुक्रवार रात से शनिवार दोपहर तक मचा रहा बवाल

मस्जिद कॉलोनी में दुकानें लगाने को लेकर विवि के अधिकारियों से वार्ता करते व्यापारी।

प्रशासनिक अमला पहुंचने से पूर्व जनार्दन सिंह व अतुल वर्मा से वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

विवाद

संवाददाता पंतनगर,

अमृत विचार: विवि की भूमि पर अतिक्रमण कर दुकानें लगाने पर सुरक्षा कर्मियों की व्यापारियों से झड़प हो गई। शुक्रवार रात से शनिवार सुबह 11 बजे तक चले बवाल के बाद पहुंचे विवि के अधिकारियों और व्यापारियों के बीच तीखी बहस के बाद विवि की हदबंदी करवाने की बात पर मामला शांत हो गया।

विवि परिसर से सटी मस्जिद कॉलोनी में नवनिर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग (विवि भूमि की सतह से लगभग चार-पांच फुट ऊंचा) के किनारे लोगों ने कथित अवैध कब्जा कर दुकानें (मीट, चाय व स्नैक्स आदि) खोल ली हैं। राजमार्ग के किनारे तीन फुट के नाले का निर्माण भी कराया गया है। नाला निर्माण के दौरान लगभग 15-20 व्यापारियों ने अपनी दुकानें राजमार्ग के बीच (डिवाडर पर) लगानी शुरू कर दी थीं। शुक्रवार की शाम एनएचएआई के अधिकारियों के ऐतराज करने पर व्यापारियों ने अपनी दुकानें नाले के किनारे कथित विवि की भूमि पर मिट्टी आदि का भरान कर लगा लीं। सूचना मिलने पर शुक्रवार देर रात पहुंचे सुरक्षा कर्मियों ने सभी दुकानों का सामान हटवाकर नाले के ऊपर रखवा दिया। सुबह सुरक्षा विभाग को सूचना मिली कि व्यापारियों ने अपनी दुकानें पुनः विवि की भूमि पर सजा ली हैं। इसके बाद सुबह साढ़े नौ बजे सुरक्षाधिकारी रविंद्र मिश्रा, डीपी यादव, मदन सिंह मेहरा व सतर्कता अधिकारी प्रकाश जोशी बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों सहित जेसीबी व ट्रैक्टर ट्रॉली आदि लेकर मौके पर पहुंच गए। किसी ने अफवाह उड़ा दी कि विवि प्रशासन व्यापारियों का सामान जब्त करने पहुंचा है। इधर यूनियन नेता जनार्दन सिंह और युवा समाजसेवी अतुल वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों लोग मौके पर एकत्र हो गए और विवि प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। मौके पर पहुंचे विवि के अपर निदेशक प्रशासन डॉ. विवेकानंद, सीजीएम फार्म डॉ. जयंत सिंह, निदेशक निर्माण एवं संयंत्र डॉ. अभिषेक तोमर, सुरक्षाधिकारी डॉ. जीएस बोहरा, निदेशक विधि वीके सिंह और प्रभारी परिसंपत्ति अधिकारी आरडी यादव ने व्यापारियों से वार्ता की, जिससे वह लोग उग्र होने लगे और दुकानें वहीं लगाने की बात पर अड़े रहे। इसके बाद पुलिस बुलाकर व्यापारियों की दुकानें उठवाकर डिवाइडर व राजमार्ग के दूसरे किनारे पर रखवा दी गईं।

करिश्मा की हत्या में मृतक भाई पर दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

- भाई-बहन में बहस के बाद दिया वारदात को अंजाम
- मुकदमा पंजीकृत होने के बाद लगेगी एफआर

अमृत विचार : कोतवाली इलाके के सिंह कॉलोनी में हुई हत्या व आत्महत्या प्रकरण में पुलिस ने तहरीर आने के बाद मृतक भाई पर बहन की हत्या करने का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है, चूंकि हत्यारे भाई ने हत्याकांड को अंजाम देने के बाद खुद भी खुदकुशी कर ली थी। तो अब पुलिस इस प्रकरण में एफआर लगाने की तैयारी में जुट गई है।

सिंह कॉलोनी गली-छह निवासी संजू देवी ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहती है, जबकि ग्राम चंदुवा थाना हाफिजगंज बरेली निवासी उसका भाई सुनील कुमार व छोटी बहन करिश्मा द्वारा वारदात के कुछ दिन पहले ही सिंह कॉलोनी गली-10 में किराए पर रहने लगे। बताया कि आठ मई की सुबह साढ़े सात बजे बहनोई अमर पाल निवासी ग्राम शसिया हुसैनपुर सीबीगंज बरेली ने जब भाई सुनील को कई बार फोन कि या और जब फोन नहीं उठा। तो बहन व भाई के कमरे में चले गए। जहां आवाज व दरवाजा खटखटाने के बाद भी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई, तो बहनोई ने पति रवि को अवगत कराया। पति और बहनोई ने मौके पर जाकर देखा, तो दरवाजा अंदर से बंद था और सुनील फंदे पर लटका हुआ था, जबकि छोटी बहन करिश्मा जमीन पर पड़ी हुई थी। जिसे देखकर तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। संजू देवी ने संदेह जताया कि आठ मई की देर रात्रि को भाई और बहन के बीच किसी बात को लेकर भाई व बहन में कहासुनी हुई होगी और आवेश में आकर भाई ने उसकी छोटी बहन की हत्या कर खुद भी आत्महत्या कर ली होगी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतक सुनील के खिलाफ बहन की मुंह दबाकर हत्या करने के आरोप में 302 का मुकदमा दर्ज कर लिया है, पुलिस की तफ्तीश में अभी तक हत्या और आत्महत्या प्रकरण में कोई भी संदिग्ध तथ्य सामने नहीं आए हैं।

> करिश्मा की हत्या और सुनील द्वारा आत्महत्या प्रकरण में हुई पड़ताल में भाई और बहन की बहस होने की आशंका है। इसके बाद ही आवेश में आकर भाई ने अपनी ही बहन की हत्या कर खुदकुशी का रास्ता अख्तियार किया होगा। इसके बाद पुलिस प्रकरण में एफआर लगाएंगी।
> -निहारिका तोमर, सीओ सदर रुद्रपुर।

ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर प्रिया ने की थी आत्महत्या

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: राजा कॉलोनी में प्रिया द्वारा आत्महत्या किए जाने के प्रकरण में नया मोड़ आया है। युवती ने मरने से पहले लिखे सुसाइड नोट में एक युवक पर ब्लैकमेल कर बार-बार रुपये ऐंठने का जिक्र किया था। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी है।

प्रिया आर्या।

ग्राम निपुणता भगजता अल्मोड़ा निवासी गोपाल राम ने बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी प्रिया आर्या सिडकुल की एक कंपनी में काम करती थी। साथ ही साथ लॉ की तैयारी भी कर रही थी। बताया कि आत्महत्या करने से पहले बेटी अल्मोड़ा आई थी और काफी परेशान दिख रही थी। पूछने पर उसने कुछ नहीं बताया और दस हजार रुपये लेकर वापस ट्रांजिट कैंप चली गई। जहां उसने रकम को अपने खाते में ट्रांसफर कराया था।

बताया कि छह मई को पुलिस द्वारा बेटी का शव लटका होने की सूचना मिली और जब सात मई को घटनास्थल का मुआयना किया, तो बेटी के बिस्तर के नीचे से एक सुसाइड नोट प्राप्त हुआ। आत्महत्या से पहले बेटी ने एक सुसाइड नोट में नीरज नाम के एक युवक का जिक्र किया था। लिखा था कि आरोपी युवक के दबाव में आकर वह आत्महत्या कर रही है और युवक दबाव बनाकर काफी रुपये में ऐंठ चुका है। इसकी वजह से उसकी बेटी मानसिक अवसाद से गुजर रही थी। पुलिस ने तहरीर के आधार आरोपी युवक के खिलाफ आत्महत्या का दबाव बनाने का मुकदमा पंजीकृत कर तलाश शुरू कर दी है।

उधर, थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप भारत सिंह ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। सुसाइड नोट में लगे आरोपों की जांच के साथ ही युवक की तलाश की जा रही है।

दो युवकों पर होर्डिंग चोरी का आरोप

काशीपुर: कुंडा थाना क्षेत्र में लगे दो हार्डिंग चोरी करने के मामले में एडवरटाइजिंग कंपनी के फील्ड मैनेजर ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। इसके आधार पर पुलिस ने दो युवकों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में रेशू एडवरटाइजिंग मुजफ्फरनगर, बिहार के फील्ड मैनेजर के पद पर कार्यरत जोगिन्द्र सिंह हुड्डा ने बताया कि उनकी कंपनी का कार्य होर्डिंग द्वारा विज्ञापन का प्रचार-प्रसार करना है। कंपनी के दो हार्डिंग थाना क्षेत्र कुंडा के मंडी समिति गेट पर एवं दूसरा केवीआर हॉस्पिटल के पास बाईपास पर लगा था। उसे चोर उठा ले गए हैं। टीम के राउंड पर आने पर उन्हें सूचना मिली कि उक्त चोरी ठाकुरद्वारा निवासी सलीम व हामिद ने की है।

नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

बेटी और पति के साथ अंशु।

संवाददाता, जसपुर

अमृत विचार: गांव ध्याननगर में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी डेढ़ साल की बच्ची की हालत खराब है।

जसपुर के मोहल्ला भूप सिंह निवासी राजेश की पुत्री अंशु की 2020 में गांव ध्याननगर निवासी विकास सिंह से लव मैरिज हुई थी। करीब एक सप्ताह पहले अंशु की तबीयत खराब हो गई। इस पर उसका पति विकास उसे फुफेरी बहन श्रुति के यहां सुल्तानपुर पट्टी छोड़ आया। इसी बीच शुक्रवार को अंशु के साथ-साथ उसकी डेढ़ वर्षीय पुत्री खुशी की भी तबीयत खराब हो गई। जब शुक्रवार को दोनों की तबीयत ज्यादा खराब हो गई तो अंशु की भांजी उसे उसकी पुत्री को मायके में जसपुर ले आई। अंशु के पिता ने उसके पति को बुलाकर दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुर भिजवाया। जहां डॉक्टर ने उनकी हालत खराब बताकर कहीं अन्यत्र ले जाने की सलाह दी। दूसरे अस्पतालों में भी मना करने के बाद विकास पत्नी व पुत्री को अपने घर ले आया। इसके बाद उसकी पत्नी की मौत हो गई, जबकि पुत्री खुशी को काशीपुर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार भुवन चंद्र आर्य ने मय पुलिस के मौके पर पहुंच कर पंचनामा भरकर मृतका के सब को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की उम्र 21 वर्ष बताई गई है।

जसपुर में महिला की मौत होने के बाद जांच करते नायब तहसीलदार व पुलिस कर्मी।

गर्भपात की दवा खाने से बिगड़ी हालत

जसपुर : अंशु की मौत के संबंध में बताया गया कि वह गर्भवती थी। उसने किन्हीं परिस्थितियों के कारण गर्भपात की दवा ले ली। इसी के चलते उसकी हालत खराब हो गई और उसकी मौत हो गई। समझा जा रहा है कि उसका दूध पीने के कारण उसकी डेढ़ वर्षीय पुत्री खुशी की भी तबीयत बिगड़ गई।

मामला पांच मई की रात्रि दो बजे हुआ था ट्रक-बस हादसा, चालक-परिचालक व कई यात्री हुए थे घायल

परिचालक ने दर्ज कराया ट्रक चालक पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: पांच मई की देर रात्रि को काठगोदाम डिपो बस-ट्रक भिड़ंत प्रकरण में रोडवेज बस के परिचालक ने ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज करवाते हुए लापरवाही का आरोप लगाया। हादसे में चालक व परिचालक के अलावा कई यात्री घायल हो गए थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

उत्तराखंड परिवहन निगम के बस परिचालक केदार दत्त जोशी ने बताया कि वह काठगोदाम डिपो की अनुबंधित बस वाहन संख्या यूके 04 सीए 1963 का परिचालक है और पांच मई को चालक सरफराज दिल्ली से हल्द्वानी से यात्रियों को बैठाकर हल्द्वानी की ओर आ रहे थे कि रात्रि दो बजे पत्थरचट्टा मोड़ वन विभाग की चौकी के पास ट्रक संख्या यूपी 22 एटी 3538 के चालक द्वारा ट्रक को तीव्र मोड़ पर हल्द्वानी की ओर जाने वाले मार्ग के बीच बिना पार्किंग लाइट जलाएं खड़ा कर दिया था, चूंकि उक्त हाईवे पर निर्माण कार्य संचालित था और यातायात वनवे चल रहा था।

पांच मई को हाईवे पर हादसे के बाद क्षतिग्रस्त रोडवेज बस। ● अमृत विचार

तीव्र मोड़ और बिना लाइट के खड़े ट्रक में रोडवेज की बस टकरा गई। इसमें चालक व यात्रियों के अलावा वह खुद भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में जिला अस्पताल से रेफर कर दिया गया। वहीं अनुबंधित बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। परिचालक का आरोप था कि ट्रक चालक ने नियमों का उल्लंघन करते हुए लापरवाही से ट्रक खड़ा किया था, जिस कारण हादसा हुआ।

12 ग्राम स्मैक के साथ युवक को दबोचा

किच्छा : पुलभट्टा थाना पुलिस की टीम ने चेकिंग के दौरान स्मैक के साथ एक युवक को दबोच लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से करीब 12 ग्राम स्मैक बरामद की। पकड़ा गया आरोपी थाना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को फुटकर में स्मैक बेचने का काम करता है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलभट्टा थाना प्रभारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि चेकिंग के दौरान फ्लाई ओवर के निकट पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी वार्ड नंबर 17, थाना पुलभट्टा, जिला उधम सिंह नगर निवासी पूरन सिंह उर्फ हैप्पी के कब्जे से तलाशी के दौरान 12 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। थाना अध्यक्ष रविंद्र बिष्ट ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पूरन सिंह ने पूछताछ में बताया कि उसके द्वारा सीमावर्ती बहेड़ी क्षेत्र निवासी अज्ञात व्यक्ति से स्मैक खरीदी गई थी तथा उसने नशे के आदी लोगों को कुछ स्मैक बेच दी है।

पोते को बहू से दिलाने की मांग

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: ग्राम नंदपुर नरटोपा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बहू से पोते को वापस देने की मांग को लेकर कोतवाली में तहरीर दी है। साथ ही बहू के मायके वालों पर मारपीट का आरोप लगाया है।

ग्राम नंदपुर नरटोपा निवासी सुखदयाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे की शादी बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत एक गांव से हुई थी। शादी के बाद एक पोते का जन्म हुआ। इसी बीच दुर्भाग्यवश 18 नवंबर 2021 को बेटे की मृत्यु हो गई थी। इसके बाद पुत्रवधु के मायके वालों और उसके पारिवारिक सदस्यों की तरफ से की गई एक पंचायत में यह तय हुआ था कि पुत्रवधु व पोते के खर्चे के लिए 40 हजार रुपये जमा किया जाएगा। यह भी कहा गया था कि पुत्रवधु शादी नहीं करेगी और अपने पुत्र का पालन-पोषण करेगी। यदि वह दूसरी शादी करती है तो बेटे को उसके दादा की सुपुर्दगी में देगी। आरोप है कि पुत्रवधु ने मेन रोड बाजपुर निवासी युवक के साथ शादी कर ली है। 6 मई की सुबह करीब 10 बजे जब वह पोते को लेने पुत्रवधु के मायके गए तो पुत्रवधु व उसके मायके वालों ने गाली-गलौज की और दोबारा पोते को मांगने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। कहा कि पुत्रवधु ने जिस युवक से शादी की है वह कनाडा में रहता है, पुत्रवधु भी पोते को साथ लेकर कनाडा जाने की तैयारी में है।

बाजपुर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग करता पीड़ित पक्ष।

प्राचीन काल से संस्कृति आधारित राष्ट्र रहा है भारत

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

सांप्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। सांप्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं,उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं। राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने मुस्लिम संख्या वृद्धि के तथ्य उद्घाटित किए हैं। सलाहकार परिषद स्वतंत्र निकाय है। यह समय-समय पर तथ्य व आंकड़ों के आधार पर भिन्न-भिन्न विषयों पर परामर्श देती है। परिषद ने दुनिया के 167 देशों के जनसांख्यकीय चरित्र का अध्ययन किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के किसी भी देश में बहुसंख्यक आबादी की बढ़त नहीं दिखाई पड़ी है,लेकिन कई देशों में अल्पसंख्यक आबादी की बढ़त पाई गई है। भारत में मुस्लिम आबादी की संख्या बढ़ी है। मुस्लिम संख्या वृद्धि के ताजा आंकड़ों को लेकर देश में खासी बहस चल रही है।

भारत में हिन्दू मुस्लिम सहअस्तित्व सामाजिक पुनर्गठन की बड़ी चुनौती रहा है। गांधी जी ने हिन्दू मुस्लिम सहअस्तित्व के लिए आजीवन काम किया और अंत में कहा कि इस प्रश्न पर मेरी हार हुई। मुस्लिम राजनीति अन्य पंथों पर आक्रामक रही है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। गांधी जी ने मोहम्मद अली जिन्ना से पाकिस्तान की मांग न करने और साथ-साथ रहने का आग्रह किया था। इस सम्बंध में उन्होंने जिन्ना को (15 सितंबर 1944) पत्र लिखा था। उन्होंने जिन्ना से पूछा था कि, ''मजहब के अलावा हिन्दू और मुसलमान में क्या कोई और भी भेद है? मुसलमान शेष भारतवासियों से क्यों अलग हैं? जिन्ना ने जवाबी पत्र (17 दिसम्बर 1944) में लिखा था, ''हम मानते हैं कि मुसलमान और हिन्दू देश की किसी भी परिभाषा के आधार पर अलग-अलग कौमें हैं। हमारी संस्कृति, सभ्यता, भाषा, साहित्य, कला, कानून, परम्परा व इतिहास अलग-अलग है। जीवन के प्रति हमारा नजरिया भी अलग है। हम किसी भी अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर अलग राष्ट्र हैं।" यह मुस्लिम लीग और जिन्ना का घोर साम्प्रदायिक दृष्टिकोण था। इस साम्प्रदायिकता के दृष्टिकोण को माने तो हिन्दू मुसलमान जब मिलकर रहते थे, तब भी मुसलमान अलग राष्ट्र थे। भारत के भीतर दो राष्ट्र थे। यह सोच अलगाववादी थी। वस्तुतः भारत प्राचीन काल से ही एक संस्कृति आधारित राष्ट्र है।

सांप्रदायिक राजनीति स्वयं को अलग राष्ट्र मानती रही है। मजहब आधारित जनसंख्या में बढ़त इसीलिए चिन्ता का विषय है। मजहब के आधार पर अलग राष्ट्र की मांग करना, इसके लिए लाखों लोगों की हत्या हिंसा किसी भी सूरत में उचित नहीं हो सकता। यह मानवता के विरुद्ध अपराध है। जनसंख्या के आधार पर ही मुस्लिम लीग ने अलग देश मांगा। भयंकर रक्तपात हुआ। इसलिए साम्प्रदायिक आबादी की बढ़त की कोई भी सूचना देश को चिंता में डाल देती है।

आंकड़ों के निष्कर्ष सत्य के उद्घाटन के लिए पर्याप्त हैं। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिन्दू आबादी 84.44 प्रतिशत थी और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों की इस संख्या में आज के पाकिस्तान और बांग्लादेशी मुस्लिम भी सम्मिलित थे। फिर देश का बंटवारा हुआ। भारत स्वतंत्र हुआ। कुल मुस्लिम आबादी की संख्या में पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या घट गई। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना 1951 में हुई। तब पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिन्दू जनसंख्या का अनुपात 87.24 हो गया। मुस्लिम आबादी घटकर 10.43 हो गई। लेकिन 50 वर्ष बाद 2001 की जनगणना में हिन्दू घटकर 84.21 प्रतिशत हो गए। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। आबादी के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने अलग देश की मांग की थी और पाकिस्तान अस्तित्व में आया था। इस तरह की जनसंख्या बढ़त से एक और मजहबी साम्प्रदायिक देश की जनसंख्या तैयार हो गई है।

सांप्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। सांप्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं, उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं। राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है। कट्टरपंथी मजहबी राजनीति की मांगे खतरनाक हैं। वे तुष्टीकरण की साम्प्रदायिक राजनीति को सेकुलर कहते हैं। वस्तुतः सेकुलर विचार में आस्था और अंधविश्वास नहीं होने चाहिए। मजहबी राजनीति सेकुलर हो ही नहीं सकती। इस्लामी विचारधारा के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप के अनुसार, ''दूसरे पंथों के विपरीत इस्लाम में सामाजिक जीवन के परिचालन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है। दूसरे पंथ केवल मौलिक मूल्यों के ही उपदेश देते हैं और भौतिक विषयों पर समय अनुसार विधान और नियम बनाने का काम समाज पर छोड़ देते हैं। इस्लामी राजनैतिक चिन्तन सुस्पष्ट ध्येय निर्धारित करता है। सभी मुसलमानों को इन नियमों का पालन अनिवार्य है। दूसरे पंथों में राजनीतिक क्रियाकलापों के लिए लिखित आदेश नहीं है। मुस्लिम विश्वास में ईश्वर पर विश्वास के साथ ही उनके पवित्र कानून भी हैं। यह कानून 'शरिया' कहा जाता है। यह राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करता है। इस्लामी राजनीति में मजहब की प्रचंड प्रेरणा है।" (प्रोफेसर डेनियल पाइप-'इन द पाथ आफ गॉड' पृष्ठ तीन)

गांधी जी हिन्दू मुसलमान की साझा राष्ट्रीयता चाहते थे। वे असफल रहे। डॉक्टर आंबेडकर हिन्दू-मुसलमान के पक्ष पर गांधी जी से असहमत थे। डॉ. आंबेडकर ने लिखा है, ''गजनी के मोहम्मद ने भारत पर अपने अनेक हमलों को जेहाद छेड़ने की संज्ञा दी थी।" मोहम्मद के इतिहासकार अल उतबी ने उसके हमले के बारे में लिखा था, "उसने मंदिरों में मूर्तियों को तोड़ा और इस्लाम की स्थापना की। उसने शहरों पर कब्जा किया, नापाक कमीनों को मार डाला। मूर्ति पूजकों को तबाह किया और मुसलमानों को गौरवान्वित किया। तदुपरांत वह घर लौटा और इस्लाम के लिए की गई विजयों का ब्योरा दिया और यह संकल्प व्यक्त किया कि वह हर वर्ष हिन्द के खिलाफ जेहाद करेगा।" यही स्थिति अन्य हमलों की भी है। हजारों मंदिर तोड़े गए थे। श्रीराम जन्मभूमि, ज्ञानवापी काशी और मथुरा की घटनाओं के प्रसंग इस समय भी ताजा हैं।

यूरोप के अनेक देश मुस्लिम आक्रामकता को लेकर चिन्तित हैं। फ्रांस में पैगम्बर का कार्टून बनाने को लेकर भयानक हिंसा हुई। डेनमार्क में भी ऐसी ही साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी। पाकिस्तान में ईश निंदा कानून के अंतर्गत ढेर सारे गैर मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर भी इसी तरह का हमला हुआ था। इसलिए जनसंख्या की बढ़त को लेकर चिंता स्वाभाविक है। भारत के लिए यह और भी चिंता का विषय है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही देश टूटा था। अपनी इच्छा अनुसार जीवन ध्येय निर्धारित करना प्रत्येक मनुष्य का अधिकार है। विवेक आधारित जीवन रस का आस्वाद प्रत्येक मनुष्य की अभिलाषा है। अपने अनुभव और विश्वास के अनुसार जीने का अधिकार स्वाभाविक है। इसलिए कि प्रत्येक मनुष्य अद्वितीय है। अनूठा भी। किसी की जीवन पद्धति में हस्तक्षेप न करना और सबको अपने ढंग से जीवन जीने का अवसर मिलना प्राकृतिक न्याय है। दुनिया को सुन्दर बनाने की यह न्यूनतम शर्त है, लेकिन साम्प्रदायिक मजहबी राजनीति अपने मत को श्रेष्ठ और बाकी को 'इनकार करने वाला' मानती है और इनकार करने वालों के लिए सजा का औचित्य भी सिद्ध करती है। मुस्लिम जनसंख्या की बढ़त के प्रभाव का विवेचन जरूरी है। यह चिन्ता मुस्लिमों के विरुद्ध नहीं है। चिन्ता का विषय आक्रामक साम्प्रदायिकता और अलगाववाद से छुटकारा पाना है। भारत के राष्ट्रजीवन व संविधान में सभी आस्था समूहों का सम्मान है। इसलिए जनसंख्या का असंतुलन गहन रूप में विचारणीय है।

जमानत आसान: विधि वेत्ता हैरान

अब जब वे जाएंगे, तो केजरीवाल की नजीर सामने होगी। ऐसे में न्यायालय शायद सोरेन का प्रार्थना पत्र भी खारिज न कर सके। बड़े वकील तो जेल में बंद अलगाववादी मुल्जिमों का भी मुद्दा यह कहकर उभार रहे हैं कि चुनाव प्रचार के लिए तो वे भी कोर्ट से आग्रह कर सकते हैं। तब क्या आदेश होंगे?

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

दिल्ली शराब घोटाले के आरोपी अरविंद केजरीवाल,जो तिहाड़ जेल में बंदी थे,को सर्वोच्च न्यायालय ने कुछ शर्तों के साथ,प्रचलित लोकसभा चुनावों में प्रचार हेतु अंतरिम जमानत दे दी है,उन्हें दो जून को पुनः समर्पण करना होगा। वे इस अवधि में मुख्यमंत्री पद से संबंधित कोई कार्य नहीं कर सकेंगे। शराब घोटाले पर कुछ नहीं बोल सकेंगे और न मामले से संबंधित गवाहों से बातचीत कर सकेंगे। इस ऐतिहासिक आदेश के कई प्रभाव स्पष्ट हैं।

विचाराधीन बंदी और अपराध करने का मन बना रहे लोग हृदय में प्रसन्न हैं,क्योंकि जमानत का एक नया और आसान आधार मुहैया हो गया है। चुनाव प्रचार को उच्चतम न्यायालय ने एक प्रकार से मानव की आवश्यक बुभुक्षा मान लिया है और स्वाभाविक है कि यह अधिकार सबको मिलेगा,क्योंकि संविधान में अनुच्छेद 14 में समानता का अधिकार संरक्षित है। वैसे भी न्याय की देवी आंखों में पट्टी बांधे दिखलाई जाती हैं,वे विभेद कर ही नहीं सकतीं। चुनाव तो देश में कहीं न कहीं होते ही रहते हैं। वे किसी स्तर के हों और सारा देश एक है तथा हर नागरिक को देश के किसी हिस्से में किसी चुनाव में प्रचार करने का हक है। रही बात बड़े छोटे की,तो जैसे बड़े नेता के लिए लोकसभा का चुनाव महत्व रखता है,वैसे ही गांव गिराव के नेता को ग्राम पंचायत चुनाव।

न्यायाधीश के लिए कोई बड़ा छोटा होता ही नहीं है। अलबत्ता इस निर्णय से विधि वेत्ता हैरान हैं। वे सोचते हैं कि अब तो विचाराधीन और सजा काट रहे जघन्य अपराधों में संलिप्तता वाले बंदी किसी न किसी चुनाव प्रचार हेतु जमानत मांगेगें,तब संगत न्यायालय कैसे इंकार कर पाएंगे? वे यदि मना करेंगे तो वह आदेश विभेदकारी होगा। कानूनविदों की सोच है कि इसके पहले इस आधार पर जमानतें मांगी गई थीं, जो नहीं प्रदान की गई।

हाल ही में झारखंड के मुख्यमंत्री रहे,जेल काट रहे हेमंत सोरेन भी सुप्रीम कोर्ट जमानतार्थ गए थे,क्योंकि उनकी ऐसी अर्जी उच्च न्यायालय से खारिज हो गई थी। उच्चतम न्यायालय ने उनसे अगले हफ्ते आने के लिए कहा।

अब जब वे जाएंगे तो केजरीवाल की नजीर सामने होगी। ऐसे में न्यायालय शायद सोरेन का प्रार्थना पत्र भी खारिज न कर सके। बड़े वकील तो जेल में बंद अलगाववादी मुल्जिमों का भी मुद्दा यह कहकर उभार रहे हैं कि चुनाव प्रचार के लिए तो वे भी कोर्ट से आग्रह कर सकते हैं। तब क्या आदेश होंगे? बहरहाल,यह तो निकट भविष्य में साफ हो पाएगा कि उच्च और अवर न्यायालय इस बहस भरे बिंदु पर क्या रुख अपनाते हैं,किंतु एक नई बहस छिड़ तो गई ही है।

फिलहाल केजरीवाल प्रथम दृष्ट्या दोषी माने गए हैं,क्योंकि उन्हें पुनः समर्पण के आदेश हैं और घोटाले पर कुछ भी बोलने की मनाही की गई है। तथ्य यह भी है कि संप्रति उनकी गिरफ्तारी को अवैध करार देने वाली याचिका अनिर्णीत है।

चुनावों को प्रभावित करता सॉफ्टफेक

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

कंटेंट बनाने वाली कंपनियों को इन वॉटरमार्क का इस्तेमाल कैसे किया जाना चाहिए, यह परिभाषित करने पर बारीकी से विचार करना चाहिए।

विगत फरवरी माह में इंडोनेशिया और पाकिस्तान में मतपत्रों के जरिए संपन्न हुए चुनावों में साफ झलक मिली कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीकें चुनावी गतिविधियों में भी घुसपैठ कर चुकी हैं। यह चिंताजनक परिदृश्य है,जो तथ्यहीन सूचनाओं या फर्जी खबरों के प्रसार से कहीं ज्यादा व्यापक और दुष्प्रभावी है।

विश्वप्रसिद्ध वैज्ञानिक जर्नल के अभी हाल के 9 अप्रैल 2024 के अंक में छपे लेख के अनुसार ट्विटर (अब एक्स) में मशीन लर्निंग, एथिक्स, ट्रांसपेरेंसी एंड अकाउंटेबिलिटी (मेटा) टीम की निदेशक रह चुकी रुम्मन चौधरी ने जनरेटिव एआई (जीएआई) के जरिए चुनाव संबंधी गलत सूचनाओं की पहचान करने और उन्हें रोकने के लिए चल रहे बड़े पैमाने पर प्रयासों का ब्योरा दिया था। ऐसे प्रयासों में जेनरेटिव एआई के दुरुपयोगों का उल्लेख था,किंतु राजनेताओं और राजनीतिक दलों द्वारा एआई का उपयोग अब ऐसे उद्देश्यों के लिए भी हो रहा है,जो दुर्भावनापूर्ण तो नहीं हैं,फिर भी वे गहरी नैतिक चिंताएं पैदा करते हैं। डीपफेक के साथ ही जेनरेटिव एआई 'सॉफ्टफेक' के युग की शुरुआत कर रहा है जिनसे ऐसी छवियां, वीडियो ऑडियो क्लिप बनाई जाती हैं,जो राजनीतिक उम्मीदवार को अधिक आकर्षक और जनप्रिय बनाती हैं,जबकि डीपफेक (डिजिटल रूप से परिवर्तित दृश्य मीडिया) और चीपफेक्स (कम गुणवत्ता वाले परिवर्तित मीडिया) आपत्तिजनक होते हैं।

सॉफ्टफेक अक्सर उम्मीदवार की चुनावी अभियान टीम द्वारा ही बनाए जाते हैं। उदाहरण के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी उम्मीदवार प्रबोवो सुबिआंतो ने जीएआई पर बहुत अधिक भरोसा किया और खुद को एक जनप्रिय नेता के रूप में ब्रांड/प्रोजेक्ट करने के लिए कार्टून अवतारों का निर्माण और प्रचार किया। उन्हें 'जन जन प्यारा और गले लगाने वाला' नेता प्रोजेक्ट किया गया। यह एआई संचालित मेकओवर युवा मतदाताओं को आकर्षित करता था। एक उच्च रैंकिंग वाले सेना अधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मानवाधिकारों के हनन से उन्हें जोड़ने वाले आरोपों को खारिज करने के व्यापक प्रयास का यह एक हिस्सा था,जबकि चर्चित न्यूज एजेंसी बीबीसी ने उन्हें इंडोनेशिया का 'खूनी अतीत वाला" तक करार दिया था।

यही नहीं सुबिआंतो का समर्थन करने वाले एक समूह द्वारा इंडोनेशिया के दिवंगत हो चुके पूर्व राष्ट्रपति सुहार्तो की एक एआई जनित झूठी अपील 'गेट आउट टू वोट' का वर्चुअल रीमेक किया गया और डीपफेक का चतुर उपयोग भी किया गया। यह सब उनकी आश्चर्यजनक जीत में योगदान देने वाला माना जाता है। लाहौर,पाकिस्तान में स्थित शोध और वकालत के संगठन डिजिटल राइट्स फाउंडेशन की संस्थापक निघत दाद के अनुसार दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशियाई चुनावों में उम्मीदवारों के कई भाषाओं में बोलने,पुराने कर्णप्रिय गाने गुनगुनाने आदि के डीपफेक वीडियो की बाढ़ आ गई जिसमें नेताओं को वैसा जीवंत मानवीय रूप दिया गया है,जैसा कि उम्मीदवार स्वयं अभिनीत नहीं कर सकते।

अब प्रश्न यह है कि क्या किया जाना चाहिए? चुनावों में जीएआई के उचित उपयोग के बारे में वैश्विक दिशा-निर्देशों पर विचार किया जा सकता है,लेकिन वे क्या होने चाहिए? इस दिशा में कुछ आरंभिक प्रयास हुए हैं। उदाहरण के लिए यूएस फेडरल कम्युनिकेशंस कमीशन ने फोन कॉल में एआई जनरेटेड वॉयस के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है,जिसे रोबोकॉल के रूप में जाना जाता है। मेटा जैसे व्यवसायों ने कतिपय वॉटरमार्क लांच किए हैं,जो एक लेबेल या एम्बेडेड कोड सरीखे होते हैं, जिन्हें किसी छवि या वीडियो में जोड़ा जाता है। हेर-फेर किए गए मीडिया को चिह्नित करने के लिए,लेकिन ये कम असरकारी और अक्सर स्वैच्छिक रुप से अपनाए जाने वाले उपाय हैं,जबकि डिजिटल संचार की में ठोस नियमों को लागू करने की आवश्यकता है,जो उन कंपनियों से जो एआई सामग्री उत्पन्न करती हैं। सोशल-मीडिया प्लेटफॉर्म,जो उन्हें वितरित करते हैं,सभी पर लागू हों।

कंटेंट बनाने वाली कंपनियों को इन वॉटरमार्क का इस्तेमाल कैसे किया जाना चाहिए? यह परिभाषित करने पर बारीकी से विचार करना चाहिए। वॉटरमार्किंग एक स्टैंप की तरह होनी चाहिए है या कंटेंट वितरकों द्वारा उठाए जाने वाले एम्बेडेड मेटाडेटा की तरह भी जटिल हो सकती है। कंटेंट वितरित करने वाली कंपनियों को न केवल गलत सूचना,बल्कि आधिकारिक,उम्मीदवार-समर्थित चैनलों के माध्यम से जारी किए जाने वाले चुनाव-अस्थिर करने वाले, अनुचित प्रभाव डालने वाले सॉफ्टफेक की निगरानी के लिए सिस्टम और संसाधन स्थापित करने चाहिए। अभी तक उम्मीदवारों के लिए कंटेट में वॉटरमार्किंग का प्रावधान नहीं है। इसे चुनाव संचालित करने वाली मशीनरी और नियामक संस्थाओं द्वारा अनिवार्य बनाना होगा। सोशल मीडिया नियंत्रित करने वाले प्रतिष्ठान ऐसे वाटरमार्क वाले या इनसे रहित कंटेंट के बारे में दर्शकों को उचित अलर्ट दे सकती हैं और उन्हें सूचित कर सकती हैं।

मीडिया आउटलेट सॉफ्टफेक पर स्पष्ट नीतियां बना सकते हैं। उदाहरण के लिए वे बस ऐसे एकाध डीपफेक की अनुमति दे सकते हैं जिसमें एक विजेता के भाषण का कई भाषाओं में अनुवाद किया जाता हो,लेकिन उम्मीदवारों का समर्थन करने वाले मृत राजनेताओं के डीपफेक की अनुमति नहीं होनी चाहिए। चुनाव विनियामक और सरकारी निकायों को चुनावी काल में कुकुरमुत्ते की तरह उगती उन कंपनियों की बारीकी से जांच करनी चाहिए,जो ऐसी नकली कंटेंट के निर्माण में संलग्न हैं।

जैसे न्यूयॉर्क शहर में स्थित एक एआई कंपनी इलेवन लैब्स के टेक्स्ट-टू-स्पीच और वॉयस इम्यूलेशन सॉफ्टवेयर को रोबोकॉल बनाने के लिए तैनात किया गया था जिसने जनवरी में न्यू हैम्पशायर के प्राथमिक चुनावों में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को वोट देने से मतदाताओं को रोकने की कोशिश को नाकाम किया। ऐसे ही जेल की कोठरी से अपने 2024 के अभियान के आउटरीच के दौरान पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के सॉफ्टफेक बनाने के प्रयास भी हुए थे।

जीएआई उपयोगों पर चुनावी मानक स्थापित करना आवश्यक है। ऐसे कानूनों का एक लंबा इतिहास है,जो यह विनियमित करते हैं कि उम्मीदवार कब,कैसे और कहां प्रचार कर सकते हैं और उन्हें क्या कहने और क्या न कहने की अनुमति है? जागरूक नागरिकों की भी इसमें भूमिका है। हम सभी जानते हैं कि इंटरनेट पर जो सब कुछ उपलब्ध होता है,उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता। अब हमें न केवल बदले हुए मीडिया को पहचानने के लिए सजगता विकसित करनी चाहिए, बल्कि यह सोचने की भावनात्मक इच्छा से भी बचना चाहिए कि अमुक उम्मीदवारों के सॉफ्टफेक कितने 'मजेदार' या 'प्यारे' हैं,जो अक्सर स्पष्ट रूप से एआई द्वारा जनित होते हैं। इसका लक्ष्य बस उम्मीदवार को पसंद करने योग्य बनाना है।

सॉफ्टफेक पहले से ही दुनिया के कुछ सबसे बड़े लोकतंत्रों में चुनावों को प्रभावित कर रहे हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में भी इस समय सामान्य निर्वाचन का समय है। मतदाताओं को जागरूक रहने का वक्त है। कृत्रिम बुद्धि के ऐसे झांसों में न आकर विवेकपूर्ण मतदान करना ही बुद्धिमानी होगी।

समष्टीकरण



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

समष्टीकरण की प्रक्रिया भारत के लिए कोई नई बात नहीं है। जरूरत है-शब्द और भाषा को भेदने की। भारत की ज्ञान परंपरा आख्यानात्मक है,जीवन और प्रकृति के तत्वबोध को मनीषियों ने किसी न किसी कथानक या आख्यान के रूप में व्यक्त किया है। आधुनिक स्वतंत्रता संघर्ष और लोकचेतना के अध्येता के लिए यह चुनौती भरा काम है कि वह उस कथानक या आख्यान में समाए हुए उस तत्त्वबोध को,उन अवधारणाओं की पहचान करे।

शक्ति उपासना की परंपरा में एक ग्रंथ का नाम है दुर्गासप्तशती। दुर्गा सप्तशती के दूसरे अध्याय में महाशक्ति के प्रादुर्भाव की एक रूपक-कथा है,महिष से परास्त होकर देवता ब्रह्माजी के नेतृत्व में भगवान शंकर और विष्णु के पास गए। निवेदन किया कि भगवान। सूर्य, इंद्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण तथा अन्य देवताओं के अधिकार छीनकर महिषासुर स्वयं ही सबका अधिष्ठाता बना बैठा है। इस निरंकुशता की बात सुनकर चक्रपाणि विष्णु को क्रोध आया और उनके आवेश से एक तेज प्रकट हुआ। उनके तेज को देखा तो ब्रह्मा,शंकर तथा इंद्र आदि अन्य देवताओं के शरीर से भी बड़ा भारी तेज निकला। वह सब तेज मिलकर एक हो गया। वह तेज पुंज जलते पर्वत सा जान पड़ा,उसकी ज्वालाएं,सभी दिशाओं में व्याप्त हो गईं। वह देवी या व्यापक महाशक्ति अपनी हजारों भुजाओं से सभी दिशाओं को आच्छादित करके खड़ी थीं। रणभूमि में दैत्यों के साथ युद्ध करती हुई अंबिका देवी ने जितने निःश्वास छोड़े वे तत्काल सैकड़ों-हजारों गणों के रूप में प्रकट हो गए और असुरों का सामना करने लगे। सुमहत्तेजस्तच्चैक्यं समगच्छत,सभी के सात्विक आवेश से निकलने वाला वह महान तेज एक बन गया। विभिन्न दिशाओं में बिखरी हुई ऊर्जा को एक निश्चित दिशा मिली और वह संगठित हो गई।

अन्याय के विरुद्ध यह समष्टि का सात्विक क्रोध है। इसमें "मैं" और "मेरे" की राजस-तामस गंध नहीं और इस समष्टिगत और सात्विक क्रोध से एक तेज निकलता है और वह तेज भी समष्टि का तेज बन जाता है। वही महाशक्ति है। अन्याय-अत्याचार के विरुद्ध वह जागरण शक्ति है। सामूहिक शक्ति है। यह लोकचेतना है,अक्षय-ऊर्जा का अव्ययस्रोत। यदि आप इसे अभिधा में ही पढ़ना चाहते हैं और आपका आग्रह है कि यह तो हिस्ट्री है,देशकाल में घटित घटना का शब्दगत सच,तो वह आप जानें,किंतु यदि इसके अर्थ की गहराई में जाएं,व्यंजना को समझें तो एकता की महाशक्ति का स्वरूप बहुत स्पष्ट हो सकेगा।

किसकी हवा चल रही है

अनूप शुक्ल
कानपुर

दोनों विरोधी नेताओं की प्रचार सामग्री एक ही प्रेस में छपी है। सोचते हैं अबकी बार कोई पूछेगा किसकी हवा चल रही है तो बता दूंगा- 'फ़लाने प्रिंटिंग प्रेस की हवा चल रही है।'

शहर में वोटिंग हो रही थी तो सुबह जरा आराम से उठे। अपना वोट दूसरे शहर में हैं। इसलिए यहां निश्चिंत सोते रहे। वहां होते तो शायद अब तक उंगली की नीली स्याही दिखाते हुए सोशल मीडिया पर फोटो सटा दिए होते। क्या पता अनगिनत नीली स्याही लगी उंगलियों को देखकर कोई विकास पुरुष कहता हो- "तुम मुझे उंगली दिखाओ,हम तुम्हें अंगूठा दिखाएंगे।"

दोस्तों से बात होती है तो कोई पूछता है-"वहां हवा किसकी चल रही है?" हम बताते हैं- ''हमें तो कोई हवा नहीं दिख रही।'' अभी तक तो किसी ने बताया नहीं कि वो अपना वोट किसको देगा। जिस भी दोस्त से बात हुई उसने यही पूछा- "यार ये मंहगाई भत्ते की बढ़ी किस्त अभी मिली नहीं। कुछ पता है कब तक आएगी?"

मन करता है अबकी कोई पूछे तो बता देंगे कि यहां तो सिर्फ 'मंहगाई भत्ते' की हवा चल रही है। क्या पता हम किसी का नाम ले देते तो वो गाने लगता जबलपुर में तो उनकी हवा चल रही है। फिर वह जबलपुर में किसी को फोन करके बताता- "तुमको पता नहीं जबलपुर में तो उसकी हवा चल रही है। दो-चार फोन के बाद वह हवा अंधड़ में बदल जाती और लोग आंख मूंदकर मान लेते। इसके बाद पड़ोसी को बताता- "अरे तुमको पता नहीं जबलपुर में तो फलाने की हवा चल रही है।" अगर वह पूंछता-"खबर पक्की है? तुमको कैसे पता चला?" उसको शायद जबाब मिलता-"हां एकदम पक्की खबर है। हमको कानपुर के लोगों ने बताया कि जबलपुर में फलाने जीत रहे हैं।"

अपने यहां यही हो रहा है। जबलपुर की हवा के बारे में कानपुर वाला बता रहा है। बिहार के बारे में नागालैंड वाला। आसाम के बारे में गुजरात वाला। दिल्ली के बारे में झुमरीतलैया वाला।

हाल यह है कि जो जहां नहीं है,वह वहां की हवा के बारे में बता रहा है,जो जिस जगह से जितना दूर है,उसके पास उस जगह के बारे में उतनी ही पुख्ता सूचना है। अमेरिका को तो भारत की हवा के बारे में इत्ती पुख्ता खबर है कि वहां विदेश मंत्रालय के पत्ते फेंट दिए गए। नारद जी ने नाम न बताने की विद्या कसम दिलाते हुए बताया है कि मीडिया पर भारत में बहती हवा को देखते हुए यमराज को अतिरिक्त ताकतों से लैस किया जा रहा है। हवा का ताजा रुख जानने के लिए मैं अखबार खोलता हूं। अखबार में एक साथ दो विरोधी पार्टियों के नेताओं की अपीलें लिपटीं हैं। एक ही साइज के पर्चे,एक ही छपाई में दोनों एक जैसे मुस्कराते हुए दिखते हैं। एक साथ लिपटे होने के कारण दोनों की तस्वीरें गले मिलतीं दिखीं।

अखबार खुलते ही दोनों अपीलें जमीन पर गिर जाती हैं। नीचे गिरी मुस्कराती तस्वीरें देखते हुए सोचता हूं- "इस देश के नेता को चुनाव जीतने के चक्कर में कितना तप करना पड़ता है,मुस्कराते हुए कितना गिरना पड़ता है।"

दोनों विरोधी नेताओं की प्रचार सामग्री एक ही प्रेस में छपी है। सोचते हैं अबकी बार कोई पूछेगा किसकी हवा चल रही है तो बता दूंगा-''फलाने प्रिंटिंग प्रेस की हवा चल रही है," लेकिन चुनाव में तो पैसा भी लगता है। आजकल बिना पैसे के चुनाव जीतता असंभव माना जाता है। हाल यह है कि जैसे प्राइवेट स्कूल वाले बच्चे के एडमिशन के पहले बच्चे के मां-बाप की आमदनी नापते हैं,उसी तरह राजनीतिक पार्टियां चुनाव में टिकट देने के पहले उम्मीदवार की टेंट देखते हैं। टिकट उसी को देते हैं,जो चुनाव में पैसा खर्च कर सके,बहा सके और जरूरत पड़े तो चुनाव आयोग से नजरें बचाकर लुटा भी सके। पैसा उम्मीदवार की साख से ज्यादा जरूरी है,क्योंकि चुनाव साख से नहीं पैसे से जीते जाते हैं। इमेज जरूरत होगी तो पैसे से बन जाएगी, लेकिन इमेज से पैसा नहीं पैदा होता न!

पहले चुनाव में पैसा कम लगता था,क्योंकि लोग चुनाव देश सेवा के लिए लड़ते थे। अपने पैसे से चुनाव लड़कर देश सेवा का शगल पूरा कर लेते थे,लेकिन इधर पिछले कुछ दशकों से देश सेवा धंधा बन गई है। धंधा बनने के बाद देश सेवा के काम में बहुत बरक्कत हुई है। अब पूरा बाजार और कारपोरेट देशसेवा का टेंडर भरता है। ग्लोबल कंपनियां तक इसमें अपना पैसा लगाती हैं। हाल यह है कि देश के कल्याण के लिए विदेशी तक बेचैन रहते हैं। ये सब मिलकर बाजार में शामिल हैं। बाजार देश सेवा का कोई ठेका अपने हाथ से जाने नहीं देता। एक-एक सीट के लिए कई-कई टेंडर भरता है बाजार। पक्ष में भी बाजार का आदमी होता और विपक्ष पक्ष में भी। चाहे इस पार्टी का उम्मीदवार जीते या उस पार्टी का देश सेवा का काम आखिर में बाजार को ही मिलना है। सोचते हैं अबकी बार कोई फोन करके पूछेगा किसकी हवा चल रही है तो बता देंगे उसको, ''यहां तो बाजार की हवा चल रही है।" आप बताओ आपके उधर किसकी हवा चल रही है?

बेरोजगारी से बढ़ती चिंता

युवाओं के इस देश में जहां 100, बेरोजगारों में 83 युवा हैं तो ऐसे में देश की असल प्रगति कैसे संभव होगी? रोजगार सर्जन आने वाली सरकार की प्राथमिकता होगी,यह आशा की जानी चाहिए।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

हाल के अखबारो की सुर्खिया देखकर डर लग रहा है कि देश किस ओर जा रहा है। आज की एक इकोनॉमिक अखबार की खबर है कि तेल मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार देश की कुछ प्रमुख तेल और गैस कंपनियों ने 15700 जॉब्स घटा दिए, जबकि पिछले वर्षों में उनका राजस्व दो गुना हुआ है। यही नहीं देश के सर्वोच्च तकनीकी संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों को जॉब नहीं मिलने के आंकड़े इन दिनों की सुर्खियां बन रहे हैं। अर्थव्यवस्था की चमकती तस्वीर के बीच बेरोजगारी की भयावह स्थिति बनी हुई है। हमें समझना होगा कि मजदूर पूंजी पैदा करता है,मजदूर समाज में सुख और शांति पैदा करता है। यह एक अन्याय पूर्ण व्यवस्था है कि अपने श्रम से पूंजी पैदा करने वाला नंगा और भूखा है और पूंजी का बड़ा हिस्सा पूंजीपतियों की तिजोरियों और बैंकों के खातों में जमा हो रहा है।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआई) के हाउस होल्ड सर्वे में दावा किया गया है कि पिछले महीने में 47 लाख लोगों का रोजगार छिन गया जिसमें सबसे ज्यादा संख्या ग्रामीण एरिया में रहने वाले लोगों की रही है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम आयोग की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 2012 में लगभग एक करोड़ लोग बेरोजगार थे,जबकि 2022 में यह संख्या 2.29 करोड़ जा पहुंची। देश में श्रम बल का आकार लगातार घट रहा है,जो मार्च में 43.38 करोड़ से घटकर अप्रैल में 42.91 करोड़ रह गया जिसका सबसे ज्यादा प्रकोप ग्रामीण क्षेत्र में हुआ शहरी क्षेत्र में स्थिति मार्च जैसी ही है। युवाओं के इस देश में जहां 100, बेरोजगारों में 83 युवा हैं तो ऐसे में देश की असल प्रगति कैसे संभव होगी? रोजगार सर्जन आने वाली सरकार की प्राथमिकता होगी,यह आशा की जानी चाहिए।

सार-संक्षेप

21.35 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

टनकपुर : थाना लोहाघाट क्षेत्र में एसओजी व लोहाघाट पुलिस ने लोहाघाट-खेतीखान सड़क मार्ग में चेकिंग के दौरान 21 वर्षीय कुलदीप सिंह पुत्र मंजीत सिंह निवासी ग्राम नगला, थाना नानकमत्ता, जनपद ऊधम सिंह नगर को 21.35 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी ओर से स्मैक नानकमत्ता क्षेत्र से सस्ते दामों में खरीदकर चम्पावत, लोहाघाट आदि क्षेत्र में ऊंचे दामों में बेची जा रही थी।

चाचा ने नाबालिग भतीजी से किया दुष्कर्म, जेल भेजा

चम्पावत : चम्पावत में रिश्तों की मर्यादा को तार-तार करने की घटना सामने आई है। चाचा पर अपनी नाबालिग भतीजी से दुष्कर्म करने का आरोप है। पीड़िता की माता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुख्यालय चम्पावत से करीब 10 किलोमीटर के एक गांव का मामला है। नाबालिग भतीजी पढ़ाई के लिए शहर में किराये में रहती थी। चाचा पर आरोप है कि उसने 15 वर्षीय भतीजी को बहलाफुसला कर उसके साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग ने हिम्मत दिखाकर मामला परिजनों को बताया। मामला कोतवाली जा पहुंचा। महिला सेल की प्रभारी मामले की जांच कर रही हैं।

दिल्ली के डॉक्टरों ने जांचा 122 लोगों का स्वास्थ्य

चिकित्सा शिविर का शुभारंभ करते पावर स्टेशन प्रमुख राजिल व्यास।

बनबसा : टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी में इन्द्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली की ओर से निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें 122 लोगों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी के महा प्रबंधक राजिल व्यास और पावर स्टेशन प्रथम महिला संगीता व्यास ने दीप प्रज्वलित कर किया। अओलो हॉस्पिटल दिल्ली से आए हड्डी रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. विभु बहल, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. वरुण वंसल, श्वसन प्रणाली रोग विशेषज्ञ डॉ. ईसान गुप्ता, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहमद इरतजा और उनकी सहायक टीम के सदस्यों ने 122 लोगों की जांच की। शिविर के उपरान्त स्पीच हॉल में संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सक दल ने लोगों को स्वस्थ्य रहने के उपाय बताए। गोष्ठी में एनएचपीसी के नियमित-संविदा कर्मचारी, सुरक्षा बल के जवान व अन्य लोगों ने भाग लिया।

फैशन शो में रुचिका नाथ की पोशाक सबसे सुंदर

पुरस्कार के साथ प्रतियोगिता में विजेता माताएं।

बनबसा : मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल में मातृ दिवस मनाया गया। इस अवसर पर माताओं के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। शनिवार को हुए कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेत्री हेमा जोशी ने किया। मातृ दिवस पर माताओं के मध्य फैशन शो, अखबार से विभिन्न प्रकार की पोशाकों को बनाने की प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें पहला स्थान रुचिका नाथ, द्वितीय स्थान सपना पांडे ने व तृतीय स्थान जया ने प्राप्त किया। अंत में अभिभावकों व अध्यापिकाओं के मध्य अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली माताओं को पुरस्कृत किया गया। शिक्षिका शशि सोराड़ी के संचालन में हुए कार्यक्रम में प्रिस्ला शिप्वे, प्रबंधक गिरीश चंद्र जोशी, उप प्रधानाचार्य फिलीस जॉर्ज मैम, एल्सी आदि उपस्थित रहीं।

अल्मोड़ा को मिले डेढ़ सौ के सापेक्ष महज 33 चिकित्सक

अल्मोड़ा : चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे अल्मोड़ा जिले में अनुबां के आधार पर रखे गए डेढ़ सौ चिकित्सकों का अनुबंध खत्म होने के बाद उन्हें सेवाओं से तो हटा दिया गया। लेकिन उसके सापेक्ष अब जिले को कुल 33 नए चिकित्सक मिले हैं। जिस कारण सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की भारी कमी बनी हुई है। अल्मोड़ा जिले की बात करें तो यहां के अस्पतालों में चिकित्सकों के करीब 290 पर स्वीकृत हैं। जिनके सापेक्ष वर्तमान में जिले में महज 175 चिकित्सक कार्यरत हैं। जिले में चिकित्सकों की कमी को पूरा करने के लिए पूर्व में करीब डेढ़ सौ चिकित्सकों की अनुबंध के आधार पर तैनाती की गई थी। लेकिन इस वर्ष मार्च महीने में उनका अनुबंध समाप्त हो गया। स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सकों के इन रिक्त पदों पर शीघ्र चिकित्सकों की तैनाती करने की बात कही थी। लेकिन चालीस दिन बीत जाने के बाद अब स्वास्थ्य महानिदेशक के निर्देश पर जिले को महज 33 नए चिकित्सक ही मिल पाए हैं। चिकित्सकों की कमी के कारण जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल दिन प्रतिदिन बिगड़ता जा रहा है। रोगी चिकित्सक न मिल पाने के कारण मजबूरी में महानगरों के निजी अस्पतालों में भर्ती होने को मजबूर हैं। लेकिन स्वास्थ्य महकमा चिकित्सकों की कमी को दूर करने में लगातार नाकाम साबित हो रहा है।

नैनीताल से उच्च न्यायालय स्थानांतरण करने का विरोध

बागेश्वर : नैनीताल से उच्च न्यायालय के स्थानांतरण किए जाने का बार एसोसिएशन ने विरोध किया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, हरीश जोशी, हरीश चंद्र, त्रिलोचन जोशी समेत बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विनोद भट्ट व घनश्याम जोशी आदि ने कहा कि बार एसोसिएशन द्वारा नैनीताल से उच्च न्यायालय के स्थानांतरण का विरोध किया जाएगा। कहा कि राज्य की राजधानी गढ़वाल मंडल में है तथा कुमाऊं से नैनीताल को हटाना कुमाऊं मंडल की आवश्यकता है। कहा कि इस निर्णय का विरोध किया जाएगा।

बारिश बनी आफत, मकान ध्वस्त, घरों में घुसा मलबा

शनिवार की सुबह जनपद में हुई मूसलाधार बारिश, नदी-नाले उफान पर, मलबे से कई घरों की खिड़की और दरवाजे भी टूटे

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : बीते गुरुवार को जिले के सोमेश्वर में बादल फटने और चौखुटिया में अतिवृष्टि के बाद शनिवार की सुबह जिले में बारिश के फिर अपना रौद्र रूप दिखाया। तेज आकाशीय गर्जन और बिजली चमकने के साथ ही जिले भर में मूसलाधार बारिश हुई, जिससे लोग सहम गए। बारिश के कारण लमगड़ा विकास खंड में एक ग्रामीण का आवासीय भवन पूरी तरह ध्वस्त हो गया। जबकि उफान पर आए नालों के कारण अल्मोड़ा जिला मुख्यालय में बरसात का पानी और मलबा लोगों के घरों में घुस गया।

शनिवार की सुबह तीन से चार बजे के आसपास जिले भर में तेज अंधड़, आकाशीय गर्जन और बिजली चमकने के साथ ही तेज बारिश शुरू हो गई। एक डेढ़ घंटे तक लगातार मूसलाधार बारिश होती रही। जिससे जगह जगह नदी नाले उफान पर आ गए। लमगड़ा विकास खंड के खेरदा गांव निवासी विक्रम सिंह बोरा पुत्र दीवान बोरा का मकान तेज बारिश के दौरान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। छत से पत्थर गिरते ही घर के सदस्य बाहर निकल आए और अपनी जान बचाई। थोड़ी ही देर में विक्रम सिंह का घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मकान के मलबे में घर में रखा सारा सामान जमीदोंज हो गया। आसपास के लोग मदद के लिए आए लेकिन तेज बारिश में कुछ भी संभव नहीं हो पाया। पीड़ित परिवार ने अब गांव के अन्य ग्रामीणों के घरों में शरण ली है। इधर मूसलाधार बारिश का असर अल्मोड़ा जिला मुख्यालय पर भी देखने को मिला। बरसाती पानी की निकासी का ठोस प्रबंध न होने के कारण यहां नगर के अनेक मोहल्लों में बरसाती पानी के साथ आया मलबा लोगों के घर में घुस गया। सबसे अधिक नुकसान खत्याड़ी क्षेत्र में हुआ। मूसलाधार बारिश के कारण जहां यहां स्थित नाले उफना गए।

वहीं पानी की निकासी न होने कारण वह मलबे साथ लोगों के घरों में घुस गया। पानी और मलबे के दबाव से कई घरों के खिड़की दरवाजे भी टूट गए। रैलापाली वार्ड के न्यू इंदिरा कॉलोनी में भी बारिश ने जमकर कहर ढाया। स्थानीय निवासी नरेंद्र ने बताया कि तेज बारिश के कारण ठुलकुड़ा गधेरा उफान पर आ गया।

वह अपने साथ कैंट, होली डे होम, सर्किट हाउस, स्टेडियम और जवाहर कॉलोनी की सारी गंदगी और बरसाती पानी लेकर इस वार्ड की ओर आया और लोगों के घरों में घुस गया। कई घरों में रखा सामान पूरी तरह बर्बाद हो गया जबकि कुछ घरों के आंगन भी बरसाती पानी की चपेट में आकर बह गए। नगर के रानीधारा, सरकार की आली, पांडेखोला, खोल्टा, बेस समेत अनेक मोहल्लों में मूसलाधार बारिश ने इसी तरह कहर ढहाया। शनिवार को दिन भर लोग अपने अपने घरों से मलबा हटाने के काम में जुटे रहे। नगर के लोगों ने प्रशासन से नगर के संवेदनशील इलाकों में बरसाती पानी की निकासी के लिए ठोस व्यवस्था करने की मांग उठाई है।

लमगड़ा विकासखंड के खेरदा में बारिश से ध्वस्त मकान। ● अमृत विचार

घर में घुसे मलबे को साफ करता गृह स्वामी। ● अमृत विचार

पेयजल लाइनों को पहुंचा नुकसान

अल्मोड़ा : शनिवार की सुबह जिले में हुई बारिश के कारण अनेक स्थानों पर पेयजल लाइनों को भी नुकसान पहुंचा है। जिला मुख्यालय के खत्याड़ी, न्यू इंदिरा कालोनी और खोल्टा आदि क्षेत्रों के अलावा रानीधारा इलाके में कई स्थानों पर पानी की लाइनें टूट गई हैं। जबकि लमगड़ा और सल्ट विकास खंड में भी अनेक स्थानों पर भूस्खलन के कारण पानी की लाइनों को नुकसान होने की खबर मिली है।

जिला मुख्यालय पर खुली प्रशासन की पोल

अल्मोड़ा : शनिवार की सुबह हुई मूसलाधार बारिश ने जिला मुख्यालय पर प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है। प्रभावित क्षेत्र के लोगों का कहना था कि नगर के नालों को ठीक करने और बरसाती पानी की निकासी के लिए ठोस व्यवस्था करने की मांग लंबे समय से की जा रही है। निर्माण के नाम पर प्रशासन हर साल लाखों करोड़ों रुपये खर्च भी करता है, लेकिन नगर के लोगों को इस समस्या से आज तक निजात नहीं मिल पाई। स्थानीय लोगों ने कहा कि अगर यही हाल रहा तो मानसून काल में प्रशासन की इस लापरवाही का खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ सकता है।

कहां कितनी बारिश

अल्मोड़ा	44.0 एमएम
रानीखेत	12.0 एमएम
द्वाराहाट	7.5 एमएम
चौखुटिया	10.0 एमएम
सोमेश्वर	4.5 एमएम
भिकियासैंण	16.0 एमएम
जागेश्वर	0.5 एमएम
सल्ट	37.5 एमएम
जैंती	7.5 एमएम
शीतलाखेत	11.0 एमएम
मासी	8.5 एमएम
जलस्तर	
कोसी	1126.62 मीटर
रामगंगा	921.550 एमएम

अंधड़ और तेज हवा से बिजली गुल

अल्मोड़ा : जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में हुई मूसलाधार बारिश के बाद अधिकांश इलाकों में पिछले 24 घंटों से बत्ती गुल है। ब्लैक आउट की स्थिति बनी हुई है, लेकिन उपभोक्ताओं की शिकायत के बाद भी बिजली विभाग लाइनों में आई खामी को अभी तक दूर नहीं कर सका है। अल्मोड़ा नगर को पानी की सप्लाई करने वाली कोसी नदी में सिल्ट व बिजली की समस्या आने के कारण पेयजल पंपिंग नहीं हो पा रही।

जलभराव का समाधान न होने से व्यापारी नाराज

बागेश्वर : नगर में मामूली बारिश में सड़कों पर पानी फैल रहा है, जिससे व्यापारी व राहगीर परेशान हैं। पानी की तलैया बनने के लिए लोनिवि व नगर पालिका एक-दूसरे को दोषी बता रहे हैं परंतु कोई भी इस समस्या का निदान करने पर गंभीरता नहीं बरत रहा है। स्थानीय व्यापारी मुकेश अरोरा, रफी अहमद, आलोक साह, हरीश चंद्र आदि ने बताया कि स्टेशन रोड में सिद्धार्थ होटल के पास मामूली बारिश में पानी की तलैया बनती है जिससे राहगीर व व्यापारी परेशान होते हैं। इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों से गंदे पानी के छींटे दुकानों व राहगीरों के उपर पड़ रहे हैं जिससे व्यापारियों का सामान खराब हो रहा है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों को भी कई बार अवगत कराया गया परंतु उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। कहा कि यदि शीघ्र बरसात से पूर्व समाधान नहीं हुआ तो वे नगर पालिका चुनाव में मतदान नहीं करेंगे।

गैरसैंण में की जाए हाईकोर्ट की स्थापना: पीसी तिवारी

अल्मोड़ा : उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने उत्तराखंड हाईकोर्ट को गैरसैंण में स्थापित करने की मांग पर जोर दिया है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा उत्तराखंड राज्य बनने के 24 वर्षों बाद स्थाई राजधानी के साथ उत्तराखंड उच्च न्यायालय को लेकर जो उहापोह की स्थिति है। उसके लिए यहां की सरकारों के साथ, राष्ट्रीय दलों की जन विरोधी सोच जिम्मेदार है। जो एक ओर तो बिना स्थाई राजधानी की घोषणा किए देहरादून में अरबों रुपए खर्च कर गैर कानूनी राजधानी चला रहे हैं। वहीं अपनी सीमित और अदूरदर्शी सोच के कारण हिमालय व उसके समाज की तबाही का सामान जुटा रहे हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा इस मामले के सभी हितबद्ध समूहों से उत्तराखंड राज्य आंदोलन की भावनाओं, उसके समृद्ध इतिहास व बेहतर भविष्य के लिए इस पूरे सवाल पर समग्र व व्यापक दृष्टि से विचार कर फैसला लेना चाहिए।

एसएसबी के जवानों ने निकाली जागरूकता रैली

अल्मोड़ा, अमृत विचार : एसएसबी के क्षेत्रक मुख्यालय अल्मोड़ा में शनिवार से स्वच्छता पखवाड़ा शुरू हो गया है। पखवाड़े की शुरूआत के दौरान एसएसबी के जवानों ने नगर के एनटीडी में जागरूकता रैली निकाली। जवानों ने रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों को पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने, प्लास्टिक का प्रयोग न करने और अपने और अपने आसपास के क्षेत्रों में साफ सफाई रखने के प्रति जागरूक किया। जवानों ने इस दौरान लोगों को पर्यावरण को पहुंच रहे नुकसान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पर्यावरण संरक्षण के लिए भी से अपनी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करने की बात कही। जागरूकता रैली के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी मनोज सनवाल, सहायक कमांडेंट फूल सिंह राणा समेत अनेक अन्य अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

सीडीओ ने ताकुला में देखी विकास योजनाओं की प्रगति

▸▸ **अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के दिए निर्देश**

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जिले के विकास खंड ताकुला का भ्रमण यहां संचालित अनेक विकास योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को संचालित विकास योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीणों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए।

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सीडीओ ने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वच्छ भारत अभियान सहित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए मधुमक्खी और गुलाब उत्पादन जैसे क्षेत्रों में आ रही विभिन्न चुनौतियों का विश्लेषण भी किया। मधुमक्खी पालन और गुलाब उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सीडीओ ने मधुमक्खी पालकों और किसानों से मुलाकात की। उन्होंने तकनीकी कौशल, बाजार तक पहुंच, वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण सुविधाओं की कमी जैसी समस्याओं को किसानों से जानकारी लेकर समझा। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए सीडीओ ने मधुमक्खी पालकों को प्रशिक्षण, बाजार संपर्क, वित्तीय सहायता और आधुनिक उपकरण प्रदान करने की योजना बनाए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सीडीओ ने बताया कि ताकुला विकास खंड में विकास कार्यों को गति देने के लिए एक रोडमैप बनाया गया है। जिसमें योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने, नियमित निगरानी और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने, मधुमक्खी पालकों और किसानों को सहायता प्रदान करने और मधुमक्खी पालन और गुलाब उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक रणनीति तैयार करना शामिल है। सीडीओ ने कहा कि विकासखंड ताकुला में विकास कार्यों में तेजी लाना हमारी प्राथमिकता है। इस रोडमैप के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए और विकासखंड के लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी खजान जोशी आदि मौजूद रहे।

ताकुला में विकास कार्यों का जायजा लेतीं सीडीओ आकांक्षा कोंडे। ● अमृत विचार

वर्ग पहेली-67

बाएं से दाएं

1. महीने-महीने, हर महीने, मासिक, प्रतिमास।
3. रोब, रुआब, दबदबा।
6. आसमान में उड़ने वाला जहाज़, वायुयान।
9. बड़े-बड़े टुकड़ों वाला काला नमक।

ऊपर से नीचे

2. बेतार प्रणाली (वायरलैस) द्वारा इंटरनेट के माध्यम से कंप्यूटरों में परस्पर संपर्क स्थापित करने तथा सूचना एवं आँकडों को आदान-प्रदान करने का एक स्थानीय संचार जाल (लोकल एरिया नेटवर्क) जिसके लिए उच्च आवृत्ति की रेडियो तरंगों का प्रयोग किया जाता है।
4. 1. किसी शुभ अवसर पर अथवा किसी अच्छे कार्य के पूर्ण होने पर दिया जाने वाला संदेशा, मुबारकबाद 2. शुभ अवसर पर गाया जाने वाला गाना; मंगलाचार 3. बधावा, उत्सव 4. उक्त शुभ अवसर पर संबंधियों को दिया जाने वाला धन।
5. 1. व्यवस्थापक 2. प्रबंध करने वाला, प्रबंधक 3. एक पदवी।
7. हाथी की पीठ पर रख कर ले जाई जाने वाली पुरानी तोप, गजनाल।
8. 1. स्वर्ग 2. पानी, जल 3. ब्रह्म 4. पृथ्वी 5. सहारा, आश्रय 6. दूध पीने वाला बछड़ा 7. किसी वस्तु को सुरक्षित रखने का स्थान 8. अग्नि 9. संमति।



वर्ग पहेली -66 का हल

	1 सौ				2 जु	
3 जा	र	क		4 अँ	ग	ना
	दि		5 उ		जु	
6 जी	व	नो	प	यो	गी	
	स		जी			7 पू
8 भा			व			र
9 न	वी	नी	क	र	ण	

सुडोकू-146

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

			1			2		3
	2				3			4
	5							7
		3	4					
		8				9		
		1		7	9	6		
6			8				1	
4			9					
7		9						

सुडोकू -145 का हल

9	5	1	2	6	7	4	3	8
2	7	8	3	4	5	6	1	9
6	4	3	9	8	1	2	7	5
3	2	5	1	7	9	8	4	6
4	8	9	6	2	3	1	5	7
7	1	6	8	5	4	3	9	2
5	6	7	4	1	2	9	8	3
1	3	2	7	9	8	5	6	4
8	9	4	5	3	6	7	2	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 12 मई रविवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-पंचमी 13 मई 02.03 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 10.27 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज विवाह से जुड़े मामलों में परिवार में चर्चा हो सकती है। संभव है कि आप परिजनों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाएं। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। व्यवसाय में लाभ तो होगा, लेकिन तनाव भी बढ़ सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

वृष — आज प्रतिद्वंद्वी आपके सामने कमजोर पड़ेंगे। वैवाहिक जीवन की परेशानियों का निवारण होगा। आप घर पर आराम करना पसंद करेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी रुचि लेंगे। अधिकारियों से आपको काफी अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

मिथुन — आज महंगे उत्पादों की खरीदारी में धन खर्च हो सकता है। गुप्त शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों को महत्वपूर्ण कार्यभार मिल सकता है। व्यापार में आपको पार्टनरशिप करनी पड़ सकती है।

कर्क — आज धन की उधारी करने से बचना चाहिए। परिजनों से आप नाखुश हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने से पहले आपको उसकी योजना अच्छी तरह से बना लेनी चाहिए।

सिंह — आज का दिन कार्यक्षेत्र के दृष्टिकोण से भाग्यशाली रहेगा। समाज में आपका यश बढ़ेगा। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपनी कमियों का मूल्यांकन करेंगे जिससे आपके काम की गुणवत्ता में निखार आएगा।

कन्या — आज अटके हुए मामलों को समझदारी पूर्वक सुलझा लेंगे। पिता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। आपकी योजना सफल होगी। वैवाहिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। विदेशों में रह रहे प्रवासियों के लिए दिन शानदार है।

तुला — आज अपनी व्यवसायिक नीतियों में बदलाव ला सकते हैं। आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी, किंतु किसी पुरानी गलती को लेकर पश्चाताप होगा। आपको बोलते समय शब्दों पर नियंत्रण रखना चाहिए। छात्र पढ़ाई को लेकर काफी गंभीर रहेंगे।

वृश्चिक — आज अपनी कार्यप्रणाली में कोई बड़ा बदलाव न करें। गर्भवती महिलाओं को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना होगा। शांत होकर परिस्थितियों का अवलोकन करें। असंतुलित खानपान के कारण गैस और पेटदर्द की समस्या हो सकती है।

धनु — आज राजनेताओं के जनसंपर्क का दायरा विस्तृत होगा। घर में मेहमानों का आगमन होने की संभावना है। योग और मेडिटेशन को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करें। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार देखने को मिलेगा।

मकर — आज गलतफहमी को लेकर रिश्तों में अनबन हो सकती है। भावनाओं में बहकर महत्वपूर्ण बातों को सबके सामने शेयर न करें। व्यवसाय में गति सामान्य रहेगी। आपको कारोबार में बड़े बदलाव करने से बचना चाहिये। माता के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है।

कुंभ — आज सरकारी जॉब कर रहे लोग छुट्टी के लिए विचार कर सकते हैं। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए किसी महंगे सामान की खरीदारी कर सकते हैं। अपने लक्ष्यों को लेकर एकाग्र रहेंगे, लेकिन आप अपनी उपलब्धियों से संतुष्ट नहीं रहेंगे।

मीन — आज युवाओं को अपने करियर की चिंता रहेगी। अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। धार्मिक क्रियाओं में आपका मन लगेगा। पीठ के दर्द से जूझना पड़ सकता है। घर के सदस्यों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया — दोपहर : 12.00
- देवता — रात : 07.48

&pictures
- सर्कस — सुबह : 10.57
- कंजूस मक्खीजूस — रात : 08.00

SONY PIX
- सीजे 7 — सुबह : 11.09
- जस्टिस लीग — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- ब्लैंक — सुबह : 09.10
- भारत — शाम : 04.25

colors CINEPLEX
- रुध्रन — दोपहर : 01.11
- ओएमजी 2 — शाम : 06.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम : 04.25 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है। हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा- मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

लड़के वाले- आपकी लड़की क्या करती है?
लड़की वाले- जी, इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करती है।
लड़के वाले- समझे नहीं।
लड़की वाले- गूगल से शायरियां उठाती है और वाट्सऐप पर चिपकाती है।

पहले दिन देश-विदेश के 29 हजार तीर्थ यात्रियों ने किए केदारनाथ के दर्शन

यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त, सीसीटीवी कैमरों से की जा रही है निगरानी

- 24x7 कंट्रोल रूम से संचालित की जा रही यात्रा व्यवस्था
- हेल्पलाइन पर यात्रियों द्वारा दर्ज समस्याओं का समाधान हो रहा

ब्यूरो, देहरादून


केदारनाथ धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

अमृत विचार : चारधाम यात्रा शुरू होते ही केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री तीनों धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। पहले दिन केदारनाथ धाम में देश-विदेश से रिकॉर्ड संख्या में 29 हजार से अधिक तीर्थ यात्रियों ने दर्शन किए।

केदारनाथ यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर केदारनाथ धाम, हेलीपैड, केदारनाथ पैदल मार्ग और केदारनाथ हाईवे पर श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए बेहतर इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सीसीटीवी कैमरे के साथ ही अलग से यात्रा कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रूम से 24 घंटे यात्रा पर नजर रखी जा रही है। हेल्पलाइन नंबर पर यात्रियों द्वारा दर्ज समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। चारधाम यात्रा के मद्देनजर लगभग सवा सौ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

केदारनाथ में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बीते वर्षों की तुलना में इस वर्ष अधिक सफाई कर्मी इस कार्य के लिए तैनात किए गए हैं। यात्रियों को परेशानी न हो और यात्रा मार्ग पर गंदगी और कचरा न फैले इसका विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह पेयजल की व्यवस्था की गई है। चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के लिए जगह-जगह स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं।

मास्टर प्लान के लिए सत्यापन शुरू

अल्मोड़ा : विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में मास्टर प्लान के तहत होने वाले पहले फेज के कार्यों की स्थिति साफ होने के बाद अब राजस्व और लोक निर्माण विभाग ने यहां मास्टर प्लान के तहत आने वाले भवनों और भूमि के सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया है। उम्मीद है कि पहले चरण के तहत होने वाले अन्य कार्य भी यहां शीघ्र करा लिए जाएंगे। जागेश्वर की महत्ता और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यहां मास्टर प्लान के तहत अनेक कार्य कराए जाने हैं। जो तीन चरणों में सम्पन्न होंगे। मास्टर प्लान की शुरूआत के दौरान यहां सबसे पहले लाइटिंग का काम शुरू किया गया है। साथ साथ पहले चरण के अन्य कार्यों की कवायद भी शुरू की गई है। पहले चरण के तहत लाइटिंग के अलावा यहां टेंपल यूटिलिटी, पब्लिक यूटिलिटी और भंडारा स्थल का निर्माण किया जाना है। विभाग के अधिकारियों की मानें तो दो तीन महीने के बाद इन तीनों स्थानों पर मास्टर प्लान के कार्य शुरू करा लिए जाएंगे।

प्राध्यापक के खिलाफ प्रदर्शन

संवाददाता, टनकपुर

महाविद्यालय में प्राध्यापक के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं।

अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में भूगोल विषय के प्राध्यापक पर छात्रा से अभद्रता करने और छात्र नेताओं के विरुद्ध अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए छात्र-छात्राओं ने शनिवार को महाविद्यालय परिसर में प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

छात्रों का आरोप है कि जब बीए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा खुशी चन्द अपने परीक्षाफल की त्रुटि के निस्तारण के लिए प्राध्यापक चौहान के पास गई तो उनके द्वारा अभद्रता की गई। साथ ही उनके द्वारा छात्र नेताओं को लेकर भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। जिसे लेकर एबीवीपी कार्यकर्ता महाविद्यालय पहुंचे। इस मसले को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं की प्राध्यापक एमएस चौहान से तीखी बहस भी हुई। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने प्राध्यापक चौहान को समस्त दायित्वों से हटाने और दूसरे महाविद्यालय से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। एबीवीपी कार्यकर्ताओं के हंगामे के बीच अन्य संगठनों से जुड़े छात्र नेता भी प्राचार्य कार्यालय पहुंचे और प्राध्यापक एमएस चौहान के विरोध में नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया।

प्राचार्य डॉ अनुपमा तिवारी ने बताया कि छात्र नेताओं और छात्रा की शिकायत पर प्राध्यापक के खिलाफ जांच करने के लिए उच्च शिक्षा निदेशक को पत्र भेज दिया गया है। दूसरी ओर प्राध्यापक चौहान ने उन पर लगे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। प्रदर्शन करने वालों में पूर्व छात्र अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, छात्र नेता मनीष सिंह बिष्ट, छात्र संघ सचिव नेहा महर, खुशी चन्द, पूर्व विश्विद्यालय प्रतिनिधि मयंक पंत, विश्विद्यालय प्रतिनिधि नीरज सिंह, विद्यार्थी परिषद के पूर्व नेता नितिन मंगला, विक्रम सिंह भंडारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एबीवीपी रजत त्रिपाठी, भौमिक बोहरा, कोमल राय, खुशी कुमारी, इशिका, मुकुल सिंह, पवन सिंह, पूर्व छात्र संघ उप सचिव दीपक बेलवाल आदि मौजूद रहे। वहीं राजकीय महाविद्यालय के योग प्रशिक्षक मदन सिंह ने भी प्राध्यापक एम एस चौहान पर कई आरोप लगाए हैं।

पिरुल एकत्रीकरण से बचेंगे जंगल

संवाददाता, चम्पावत

भींगराड़ा में पिरुल को बढ़ावा देने को लेकर ग्रामीणों को किया गया जागरूक।

अमृत विचार : वनाग्नि सुरक्षा की चम्पावत की नोडल अधिकारी व मुख्य वन संरक्षक डॉ. तेजस्विनी पाटिल ने यूकॉस्ट के अधिकारियों और एसएचजी की महिलाओं से संवाद किया। कहा कि पिरुल एकत्रीकरण से न केवल वनाग्नि से बचाव में मदद मिलेगी, बल्कि लोगों की आय का भी जरिया बनेगी।

साथ ही उन्होंने अग्नि काल में चौकसी बरतने के भी निर्देश दिए। इससे पूर्व डॉ. पाटिल ने उत्तरी कुमाऊं वृत्त अल्मोड़ा के वन संरक्षक कोको रोसो, चम्पावत के प्रभागीय वनाधिकारी रमेश चंद्र कांडपाल, एसडीओ नेहा चौधरी व एसीएफ कार्तिकेय ने चम्पावत वन प्रभाग के भिंगराडा वन क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान देहरादून के वैज्ञानिक डॉ. पंकज आर्या के नेतृत्व में पाटी के खंड विकास अधिकारी सुभाष चंद्र लोहनी ने पिरुल से ब्रेकेट्स बनाने के लिए वर्कशाप, ट्रेनिंग व डेमोनस्ट्रेशन किया। वर्कशाप में आईआईपी के निदेशक हरेंद्र सिंह बिष्ट, यूकोस्ट के महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत और पूनम गुप्ता ने वर्चुअल रूप से भिंगराड़ा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उपयोगी जानकारी दी। किसान सभा की ओर से नितिन बख्शी ने मार्केटिंग एवं लॉजिस्टिक की जानकारी दी। यूकॉस्ट जल्द ही भिंगराड़ा में पिरुल का बिकेट्स बनाने की यूनिट लगाएगा। वन क्षेत्राधिकारी हिमालय सिंह टोलिया ने पिरुल एकत्रीकरण में पूरे सहयोग की बात कही गई।

ज्ञान और कौशल ही है सफलता का मंत्र

रानीखेत : नगर में क्रिएटिव उत्तराखंड मेरो पहाड़ की तरफ से तीन दिवसीय किताब कौतिक उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि केआरसी कमांडेन्ट संजय यादव की ओर से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

प्रचार प्रसार कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व लेफ्टिनेंट जरनल एमसी भंडारी एवं अध्यक्षता छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी कृणाल रोहिल्ला रहे। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. बीएस बिष्ट ने कहा कि ज्ञान और कौशल ही सफलता का मंत्र है जो बच्चों में पढ़ने की क्षमता का विकास करती है। इस अवसर पर डॉ. रजनीश कार्की, आयोजित समिति के अध्यक्ष विमल सती, प्रोफेसर जया पांडे, हिमांशु उपाध्याय, हेम पंत, गौरव तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रकृति को नष्ट करना ठीक नहीं : पाठक

- हिमालयी जीवन को गहराई से समझने की जरूरत पर दिया जोर

संवाददाता, अल्मोड़ा

जीबी पंत पर्यावरण संस्थान में व्याख्यान देते अतिथि। ● अमृत विचार

अमृत विचार : गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान कोसी में विशेष व्याख्यान श्रृंखला के आठवें व्याख्यान का आयोजन हाइब्रिड मोड पर किया गया। यह व्याख्यान पद्मश्री प्रो. शेखर पाठक द्वारा यात्राओं के माध्यम से हिमालय को समझना : अस्कोट आराकोट अभियान के अनुभव 1974-2024 विषय पर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रौद्योगिकी संकाय दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व डीन प्रो. केएस राव द्वारा की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल ने क्षेत्रीय इकाइयों द्वारा हिमालयी क्षेत्रों में किए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों और हितधारकों द्वारा लिए जा रहे लाभों से सबको अवगत कराया तथा संस्थान की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। जिसके बाद प्रो. पाठक ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रो. पाठक ने कार्ल मार्क्स के कथन प्रकृति को हम विकास के लिए नष्ट करते जा रहे हैं पर बल देते हुए कहा कि बुनियादी सुविधाओं जैसे स्कूल, कॉलेज, बिजली, संचार और बाजार आदि की कमी के कारण हिमालय में रहने वाले लोगों का जीवन आसान नहीं है। उन्होंने पहाड़ों में लोगों के जीवन का अध्ययन करने और उन्हें बेहतर तरीके से जानने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. पाठक ने इस दौरान 25 मई से शुरू होने वाले छठे अस्कोट आराकोट यात्रा अभियान के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अस्कोट गांव पिथौरागढ़ जिले की नेपाल सीमा पर पड़ता है और आराकोट गांव उत्तरकाशी में समाप्त होता है, जो हिमाचल प्रदेश को छूता है। उन्होंने हिमालय को राष्ट्र के लिए आवश्यक बताया तथा हिमालय को बचाने के लिए उत्तराखंड के सुदूर इलाकों में ट्रेक का आयोजन कर लोगों को एकजुट और जागरूक करने की अपील की। प्रो. पाठक ने इसके अलावा पहाड़ के कुछ प्रमुख कार्यक्रम जैसे चिपको आंदोलन, अस्कोट-आराकोट अभियान, ब्रह्मपुत्र अभियान, नंदी कुंड मार्च, काली कुटी धौली रिवर्स आदि के बारे में भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के पूर्व संयुक्त सचिव निरंजन पंत, प्रो. एसके राव समेत अनेक गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। इस मौके पर अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश

स्नातक में छात्रों को मेजर दो विषयों का करना होगा चयन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2025-25 में स्नातक में प्रवेश लेने वाले छात्रों को मेजर दो विषयों का चयन करना होगा। विश्वविद्यालय ने करीब एक महीने पहले विषय पाठ्यक्रम समिति के सभी संयोजकों को प्रवेश संबंधी 18 बिंदुओं पर निर्देश जारी किए थे, जिसमें चार वर्षीय स्नातक के तहत 15 मई तक पाठ्यक्रमों में संशोधन करने के निर्देश दिए थे। संशोधित पाठ्यक्रमों को विद्या परिषद ओर कार्य परिषद के अनुमोदन के बाद इस सत्र से लागू किया जाएगा।

इस सत्र में प्रवेश के समय छात्र को कला, विज्ञान या वाणिज्य में से एक संकाय का चयन करना होगा। उसे संकाय के दो मुख्य यानी मेजर विषयों का चयन करना होगा और यह उसका अपना संकाय कहलाएगा, जिसका अध्ययन वह तीन वर्ष यानी पहले से छठे सेमेस्टर तक कर सकता है। कला और विज्ञान संकायों के विभाजन को कई विषयों के लिए अलग संकाय माना जाएगा लेकिन छात्रों को डिग्री कला संकाय यानी बीए, विज्ञान संकाय यानी बीएससी की ही मिलेगी।

एक साल बाद ही छात्र विषय परिवर्तन कर सकेगा

छात्रों को विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में विषयों की उपलब्धता के आधार पर नियमानुसार विषय परिवर्तन की सुविधा होगी लेकिन वह एक साल के बाद ही विषय परिवर्तित कर सकेगा। वह एक सेमेस्टर के बाद विषय नहीं बदल सकेगा। चार साल की स्नातक मानद और स्नातक मानद शोध सहित के लिए चतुर्थ वर्ष में छात्र को दो मेजर में से एक विषय का चयन करना होगा और पंचम और षष्टम सेमेस्टर में उसी विषय को पढ़ना होगा। तीसरे गौण यानी माइनर विषय का चयन विद्यार्थी अपने संकाय या बहुविषयकता के लिए किसी भी अन्य संकाय से विश्वविद्यालय या महाविद्यालय में उपलब्धता के आधार पर कर सकता है।

भारतीय या स्थानीय भाषा का सह पाठ्यक्रम अनिवार्य

छात्र को पहले दो साल के प्रत्येक सेमेस्टर में दो क्रेडिट का एक सह पाठ्यक्रम करना अनिवार्य होगा और उसे आठ क्रेडिट अर्जित करने होंगे। तृतीय सेमेस्टर में एक भारतीय या स्थानीय भाषा का सह पाठ्यक्रम अनिवार्य होगा। दो साल के बाद ग्रीष्मावकाश में छात्र अपने चुने हुए दो मुख्य विषयों में से किसी एक विषय से संबंधित तीन क्रेडिट की एक शोध परियोजना करेगा।

संविदा कर्मी की करंट से मौत के बाद हंगामा

संवाददाता, रिठौरा/बरेली

- शटडाउन के बावजूद लाइन चालू करने का आरोप

अमृत विचार : शटडाउन लेकर फाल्ट ठीक करते समय बिजली सप्लाई चालू करने से करंट लगने से संविदा कर्मचारी की मौत हो गई। संविदा कर्मचारियों के साथियों और परिजनों ने हंगामा कर सड़क पर जाम लगा दिया और उपकेंद्र में तोड़फोड़ की कोशिश की। लोगों ने बिजली अधिकारियों का घेराव कर लिया तो पुलिस ने बड़ी मुश्किल से उन्हें बचाया। पुलिस के रिपोर्ट दर्ज करने के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए।

रिठौरा के मोहल्ला नई बस्ती निवासी सुरेश रिठौरा उपकेंद्र पर संविदा पर लाइनमैन था। वह मुड़िया अहमदनगर स्थित एयरपोर्ट पर फीडर का काम देखते थे। वह शनिवार दोपहर में पद्मावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास बिजली का फाल्ट ठीक करने गए थे। परिजनों के अनुसार वह शटडाउन लेकर बिजली के पोल पर चढ़ा थे, लेकिन एक मिनट बाद ही अचानक से बिजली सप्लाई चालू कर दी गई, जिससे सुरेश की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर ही दो घंटे तक लाइनमैन का शव पड़ा रहा, जिसके बाद परिजन और साथ में काम करने वाले अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और हंगामा कर जाम लगा दिया। इज्जतनगर थाना प्रभारी जय शंकर सिंह और बैरियर टू चौकी प्रभारी संजीव कुमार मौके पर पहुंच गए। पुलिस के पहुंचने के बाद बिजली अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

छज्जा गिरने से महिला की मौत

भमोरा(बरेली), अमृत विचार : भमोरा के मजरा भुड़िया में शनिवार सुबह आंधी-पानी से मकान का छज्जा गिर गया। छज्जे के नीचे बैठे महिला समेत पांच लोग दब गए। गांव वालों ने सभी को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां महिला को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। तीन घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। ग्राम पंचायत देवचरा के मजरा भुड़िया में देवेंद्र सिंह अपने भाई सुखबीर सिंह के साथ रहते हैं। शनिवार सुबह आंधी-पानी आने पर देवेंद्र सिंह के बेटे अर्जुन की पत्नी सुधा देवी (35) के साथ सुखबीर की पत्नी संजू, बेटा आकाश और विकास और संजू की गोद में आकाश की छह महीने की बेटी उन्नति दरवाजे के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान छज्जा भरभराकर गिर गया, जिससे पांचों लोग दब गए। शोर सुनकर ग्रामीणों ने छज्जे के नीचे दबे सभी लोगों को बाहर निकाला और बरेली के अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने सुधा देवी को मृत घोषित कर दिया।

दूल्हे की आंख खराब है नहीं करूंगी शादी...

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- फेरे लेते समय दूल्हा देखकर भड़की दुल्हन

अमृत विचार : दूल्हे की आंख में गड़बड़ी देख भड़की दुल्हन ने शादी से इंकार कर दिया। गुस्साए दुल्हन पक्ष ने दूल्हा पक्ष पर अंधेपन की बात छुपाने का आरोप लगाया। काफी मान मनौव्वल के बाद भी बात नहीं बनी। मामला पुलिस तक पहुंच गया। आखिरकार पंचायत में तय हुआ कि दोनों पक्ष एक-दूसरे को दिया सामान लौटा देंगे। इसके बाद दूल्हा बगैर दुल्हन लिए लौट गया।

कासगंज नगर कोतवाली क्षेत्र के नई बस्ती नगला निवासी मुन्नालाल की बेटी अंजलि की शादी नगला बदन निवासी रामप्रसाद के बेटे ताराचंद्र से तय हुई। 10 मई की शाम को बरात आई। लड़की पक्ष ने बरातियों का स्वागत सत्कार किया। घुड़चढ़ी और वरमाला की रस्म हंसी-खुशी से पूरी हुई। शनिवार सुबह फेरे लेते समय दुल्हन की नजर दूल्हे की आंखों पर गई। दूल्हा की आंख खराब देखकर दुल्हन के होश उड़ गए। उसने शादी से इंकार कर दिया। इससे बरात में अफरा-तफरी मच गई। मामला पुलिस तक पहुंच गया। वर और वधू पक्ष में काफी विवाद हुआ। इसके बाद काफी देर तक मान मनौव्वल होती रही लेकिन दुल्हन शादी करने को तैयार नहीं हुई। आखिरकार दुल्हन और दूल्हा पक्ष की पंचायत के बाद एक-दूसरे का सामान लौटा दिया। बारात बैरंग लौट गई। समझौता पत्र कासगंज कोतवाली पुलिस को दिया गया है। इंस्पेक्टर रामवकील ने बताया कि मामला संज्ञान में है। दोनों पक्षों का समझौता हो गया।

परामर्श केंद्र में पहुंचा मामला तो शादी की हामी भरी

बरेली, अमृत विचार : पुलिस लाइन स्थित पारिवारिक परामर्श केंद्र में शनिवार को 11 मामले पहुंचे। इनमें एक मामले में सुलह हो गई। युवक प्रेमिका से शादी करने के लिए तैयार हो गया। सुभाष नगर थाना क्षेत्र की एक युवती का मामला परामर्श केंद्र पहुंचा।

युवती ने प्रेमी पर शादी से मुकरने का आरोप लगाया था। सहमति से उनके बीच संबंध बने थे। काउंसलर हरिंदर कौर ने दोनों पक्षों से बात की। आखिर में दोनों पक्षों के बीच 30 मई को शादी करने पर सहमति बन गई। ऐसे मामले में यदि युवक शादी के लिए राजी नहीं होता तो दुष्कर्म के आरोप में कार्रवाई हो सकती थी। वहीं, भोजीपुरा क्षेत्र की एक महिला का मामला पहुंचा। महिला ने पति पर उत्पीड़न का आरोप लगाया।

पिता-पुत्र पर रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में निर्यातक से रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। रंगदारी के रुपये न देने पर झूठे मामले में फंसा देने की भी उन्हें धमकी मिल रही है। पीड़ित निर्यातक मनीष ढल शांति नगर के निवासी हैं। इस मामले में पुलिस ने निर्यातक की तहरीर पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

निर्यातक ने पुलिस को बताया है कि मझोला क्षेत्र के लाइनपार में उनकी फैक्ट्री थी। जिसे उन्होंने बंद कर दिया और फैक्ट्री की जमीन पर प्लाटिंग कर उसे बेच दिया है। इन भूखंडों में से एक भूखंड 69.67 वर्ग मीटर का मझोला थाना क्षेत्र के लाइनपार बौद्ध विहार निवासी जगदीश सिंह और उनकी पत्नी रामप्यारी ने 6 सितंबर 2016 को 27.87 लाख रुपये में खरीदा था। इसकी रजिस्ट्री भी उन्हें कर दी थी और कब्जा दे दिया था। जगदीश ने इस भूखंड पर अपना मकान भी बना लिया था। आरोप है कि जगदीश और उसके बेटे राकेश ने अवैध उगाही के मकसद से निर्यातक मनीष ढल के ताऊ किशन लाल ढल और तहेरे भाई अरशु ढल के खिलाफ पांच जनवरी 2019 को सिविल लाइंस थाने में धोखाधड़ी समेत अन्य आरोप में एफआईआर दर्ज कराई थी। इस प्रकरण में पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट भी लगा दी थी। मनीष ढल का आरोप है कि इस मुकदमे के जरिए जगदीश सिंह और राकेश कुमार निर्यातक को डरा-धमका कर लाखों रुपये वसूल चुके हैं।

फूड प्वाइजनिंग से बच्चे की मौत

पूरनपुर(पीलीभीत), अमृत विचार : मैगी-चावल खाने से एक ही परिवार के छह लोगों की हालत बिगड़ गई। गांव के ही क्लीनिक में इलाज से कुछ सुधार के बाद सभी घर आ गए। दोबारा तबीयत बिगड़ी और शनिवार को बच्चे की मौत हो गई। जबकि परिवार के पांच अन्य लोगों को इलाज हो रहा है। सभी में फूड प्वाइजनिंग के लक्षण मिले हैं।

पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव राहुल नगर चंदिया हजारा के रहने वाले मनिराज की बेटी सीमा ससुराल देहरादून से करीब एक माह पूर्व अपने बेटे रोहन (12), विवेक, बेटी संध्या के साथ मायके आई थी। गुरुवार शाम मनिराज के घर में मैगी-चावल बने। परिवार के अधिकांश लोगों ने मैगी चावल खाए। कुछ देर बाद सीमा, उसके तीनों बच्चे, बहन संजू, भाभी संजना की हालत बिगड़ गई। शुक्रवार सुबह परिवार वालों ने उन्हें गांव के ही क्लीनिक में दिखाया।

टीवी-फ्रिज के शोरूम में आग, भारी नुकसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- आग लगने की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

अमृत विचार : शनिवार की सुबह बरेली गेट स्थित मैगजीन मोहल्ले में टीवी-फ्रिज के शोरूम में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इसमें करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हो गया। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निशमन अधिकारियों का कहना है कि आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव जुठिया निवासी साजिद अली का बरेली गेट स्थित मोहल्ला मैगजीन में एसएस ट्रेडर्स के नाम से शोरूम है। यहां टीवी-फ्रिज के अलावा शादी में उपहार स्वरूप दिए जाने का सामान भी मिलता है। रोजाना की तरह साजिद अली शुक्रवार की रात शोरूम बंद करके घर चले गए थे। शनिवार की सुबह 8:30 बजे आसपास के लोगों ने शोरूम से आग की लपटें उठती देखीं। इस पर लोग मौके पर एकत्र हो गए।

इसके बाद आसपास के लोगों ने शोरूम स्वामी को सूचना दी। जानकारी मिलते ही वह मौके पर आ गए। उसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड के वाहन मौके पर पहुंचे और आग बुझाई। लेकिन जब तक फ्रिज, एलईडी और गद्दे जलकर राख हो गए। शोरूम स्वामी साजिद अली ने बताया कि आग से करीब 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

शोभायात्रा में युवाओं ने लहराईं तलवारें, वीडियो वायरल

हसनपुर (अमरोहा), अमृत विचार : महाराणा प्रताप की जयंती पर कोतवाली क्षेत्र के गांव में निकाली गई शोभायात्रा में युवाओं ने तलवारें लहराई थीं। किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है। ग्राम धोरिया में गुरुवार को महाराणा प्रताप जयंती पर खड़गवंशी समाज के लोगों ने शोभा यात्रा निकाली थी। इसमें कई गांवों के लोग शामिल हुए थे। डीजे पर युवक डांस कर रहे थे। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल कई युवक तलवार हवा में लहरा रहे थे। दो घंटे तक गांव के मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई। इस बीच किसी ग्रामीण ने शोभायात्रा में तलवारों के प्रदर्शन का वीडियो बनाकर शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। कुछ राजनीतिक लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी राजनीतिक दबाव के चलते वायरल वीडियो पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

जब दरोगा की कटी गर्दन तो चाइनीज मांझा बेचने वाले पांच दबोचे

बरेली, अमृत विचार : शहर में चाइनीज मांझे से आए दिन लोगों की गर्दन कट रही है लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। तीन दिन पहले जब सिविल लाइंस चौकी में तैनात दरोगा महेश चौधरी की कुतुबखाना पुल की चाइनीज मांझे से गर्दन कटी तो पुलिस हरकत में आ गई। कोतवाली पुलिस ने चाइनीज मांझा बेचने और खरीदने वाले पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के पास से चाइनीज मांझा और अन्य सामान बरामद किया है। कोतवाली इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा के निर्देश पर दरोगा राजेंद्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ सुनहरी मस्जिद के पास दबिश देकर चाइनीज मांझा बेचने और खरीदने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आजमनगर निवासी नावेद, शाकिर, इनाम अली, शहराव और अनस अहमद के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि देसी मांझा कच्चा होने के कारण उसके खरीददार कम हैं, जबकि चाइनीज मांझा मजबूत होने के कारण उसकी बाजारों में ज्यादा मांग है। इसलिए सभी चाइनीज मांझा बेचते हैं। आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

भाजपा से लड़ाई में आप-कांग्रेस के सामने वोटों की लंबी चढ़ाई

दोहराना होगा 2014 वाला प्रदर्शन : मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद माहौल बदलने पर टिकी गठबंधन की उम्मीद

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: देश की राजधानी दिल्ली में सभी सात लोकसभा सीटों पर जीत की हैट्रिक लगाने के इरादे से उतरी भाजपा के लिए इस बार परिस्थितियां पहले जैसी नहीं हैं। इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस-आप मिलकर सभी सीटों पर तगड़ी चुनौती देते नजर आ रहे हैं। इस माहौल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अंतरिम जमानत पर बाहर आने से आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश हाई हो गया है। पिछले दो चुनावों में भाजपा, कांग्रेस और आप के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने से भाजपा की जीत की राह आसान रहती थी लेकिन इस बार आमने-सामने का संघर्ष होने से भाजपा के सामने जीत के लिए पिछले चुनाव की तरह 50 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करने की चुनौती है। भाजपा ने 2019 के चुनाव में 56.86 प्रतिशत मत प्राप्त किए थे। पार्टी को हर लोकसभा सीट पर 52 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले थे। इसके मुकाबले कांग्रेस को 22.51 तथा आम आदमी पार्टी को 18.11 प्रतिशत मिले थे। किसी भी सीट पर आप व कांग्रेस के मतों का जोड़ 45 प्रतिशत का आंकड़ा नहीं छू पाया था। इस तस्वीर से साफ है कि भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए कांग्रेस-आप गठबंधन को कम से कम 10-12 प्रतिशत मत बढ़ाने होंगे। हालांकि कांग्रेस-आप गठबंधन को इस कोशिश में 2014 लोकसभा चुनाव के परिणाम हौसला बढ़ाने वाले हैं। 2014 में सभी सातों सीटों पर जीत दर्ज करने के बाद भी भाजपा का मत प्रतिशत किसी भी सीट पर 50 प्रतिशत नहीं पहुंच सका था। भाजपा को कुल मिलाकर 46.60 प्रतिशत मत ही मिले थे, जबकि कांग्रेस और आप के वोट शेयर का जोड़ 48 प्रतिशत था। पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट को छोड़कर किसी भी सीट पर भाजपा को आप और कांग्रेस को मिले कुल मतों से ज्यादा वोट नहीं मिले थे। 2014 में आम आदमी पार्टी को 32.90 प्रतिशत तो कांग्रेस को 15.10 प्रतिशत मिले थे।







07 सीटों पर भाजपा तीसरी बार जीत दर्ज करने की कोशिश में

04 सीटों पर आम आदमी पार्टी चुनाव लड़ रही है

03 सीटों पर कांग्रेस ने उतारे हैं अपने उम्मीदवार

10-12 % प्रतिशत मत बढ़ाने होंगे कांग्रेस-आप गठबंधन को भाजपा का विजय रथ रोकने के लिए

किस लोकसभा सीट पर कितने मतदाता

लोकसभा क्षेत्र	पुरुष मतदाता	महिला मतदाता	थर्ड जेंडर	कुल मतदाता
चांदनी चौक	8,83,760	7,62,030	168	16,45,958
उत्तर पूर्वी दिल्ली	13,26,040	11,36,970	149	24,63,159
पूर्वी दिल्ली	11,51,211	9,69,269	104	21,20,584
नई दिल्ली	8,30,190	6,94,803	78	15,25,071
उत्तर पश्चिम दिल्ली	13,83,711	11,83,450	262	25,67,423
पश्चिम दिल्ली	13,70,398	12,17,448	131	25,87,977
दक्षिण दिल्ली	12,67,484	10,23,944	336	22,91,764

कहां कौन मुकाबले में

सीट	भाजपा	इंडिया गठबंधन (कांग्रेस और आप)
नई दिल्ली	बांसुरी स्वराज	सोमनाथ भारती (आप)
चांदनी चौक	प्रवीण खंडेलवाल	जेपी अग्रवाल (कांग्रेस)
पूर्वी दिल्ली	हर्ष मल्होत्रा	कुलदीप कुमार (आप)
उत्तर-पूर्वी दिल्ली	मनोज तिवारी	कन्हैया कुमार (कांग्रेस)
उत्तर-पश्चिमी दिल्ली	योगेंद्र चंदोलिया	उदित राज (कांग्रेस)
पश्चिमी दिल्ली	कमलजीत सहरावत	महाबल मिश्रा (आप)
दक्षिणी दिल्ली	रामवीर सिंह बिधूड़ी	सहीराम पहलवान (आप)

चुनाव लड़ने का खूब रिवाज

लोकसभा क्षेत्र	2024 में प्रत्याशी	2019 में प्रत्याशी
चांदनी चौक	25	26
उत्तर पूर्वी	28	24
पूर्वी दिल्ली	20	26
नई दिल्ली	17	27
उत्तर पश्चिमी	26	11
पश्चिमी दिल्ली	24	23
दक्षिण दिल्ली	22	27

07 सीटों पर दिल्ली में 162 उम्मीदवार, हर बूथ पर लगेंगी दो-दो ईवीएम

02 बार भाजपा कर चुकी है दिल्ली में क्लीन स्वीप अब हैट्रिक को तैयार

उत्तर पूर्वी सीट: पूर्वांचल व बिहार के चर्चित चेहरे मनोज तिवारी व कन्हैया कुमार में जंग

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर इस बार पूर्वांचल और बिहार से आने वाले दो चर्चित चेहरों के बीच रोचक मुकाबला हो रहा है। यहां से भाजपा सांसद भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी हैं। भाजपा ने उन्हें तीसरी बार चुनाव मैदान में उतारा है, बाकी दिल्ली की छह सीटों पर प्रत्याशी बदल दिए हैं। कांग्रेस से उनके सामने जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार ताल ठोंक रहे हैं। कन्हैया कुमार ढाई साल पहले माकपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। 2019 में कन्हैया ने बिहार की बेगूसराय सीट पर भाजपा के गिरिराज सिंह के सामने चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गए थे। कन्हैया कुमार राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में उनके साथ चले थे। मनोज तिवारी और कन्हैया कुमार दोनों ही नेता अपने दलों की स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं। कन्हैया कुमार को तमाम स्थानीय नेताओं की नाराजगी के बाद भी राहुल गांधी की पसंद के कारण टिकट मिला है। यही नहीं पार्टी ने उनकी जीत सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान के नेता सचिन पायलट को जिम्मेदारी भी दी है। कन्हैया कुमार के साथ युवाओं का एक वर्ग प्रचार में उत्साह से शामिल रहता है। उनके भाषणों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निशाने पर रहते हैं, तो मोदी ने भी उनकी उम्मीदवारी पर कह दिया था कि कांग्रेस पार्टी टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान बनी हुई है। उधर, मनोज तिवारी पूर्वांचल का अपना गढ़ संभालने के साथ बीते दस साल के काम, राम मंदिर और मोदी की गारंटी पर वोट मांग रहे हैं। 2009 में हुए पहले चुनाव में उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर कांग्रेस को जीत मिली थी। कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश अग्रवाल ने भाजपा के बीएल शर्मा प्रेम को 2.22 लाख वोटों से हरा दिया था। 2014 के चुनाव में भाजपा ने मनोज तिवारी को यहां से उम्मीदवार बनाया था। मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी के आनंद कुमार को 1,44,084 वोटों से पराजित कर दिया था। 2019 के चुनाव में मनोज तिवारी और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बीच मुकाबला हुआ था। इसमें शीला दीक्षित को 3,66,102 के बड़े अंतर से हार मिली थी।

पिछली बार इस सीट पर आप को सबसे कम सिर्फ 13 फीसदी वोट मिले थे

2019 में उत्तर पूर्वी दिल्ली सीट पर मनोज तिवारी को 54 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस और आप को मिलाकर 32 फीसदी वोट मिले थे। इस बार दोनों पार्टियां साथ लड़ रही हैं। कन्हैया कुमार के लिए सबसे बड़ी चुनौती वोट प्रतिशत का बड़ा अंतर पाटना है। पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर पूर्वी दिल्ली की सीट पर आप को सबसे कम 13 प्रतिशत वोट ही मिले थे। हालांकि 2014 के चुनाव में आप और कांग्रेस का वोट प्रतिशत करीब 51 प्रतिशत था, जबकि मनोज तिवारी को 45.25 प्रतिशत मत ही मिले थे।

कन्हैया कुमार तथा मनोज तिवारी।

उत्तर पश्चिम सीट: सांसदों से निराश यहां की जनता, तलाश रही विकास का रास्ता

उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भाजपा ने यहां के अपने सासंद हंसराज हंस का टिकट काटकर दलित चेहरे करोलबाग के रैगरपुरा निवासी योगेंद्र चंदोलिया पर दांव लगाया है। कांग्रेस से यहां दलित नेता उदित राज मैदान में उतरे हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में शहरी इलाके के साथ कच्ची कालोनियां और ग्रामीण क्षेत्र जुड़ा है। यहां करीब 125 गांव और 200 से अधिक अनाधिकृत कालोनियां हैं, जो बेहतर बुनियादी सुविधाओं और मेट्रो कनेक्टिविटी की राह देख रही हैं। इस सीट से 2019 में भाजपा के हंसराज हंस जीते थे तो कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज भी 2014 में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। साल 2009 में कांग्रेस की कृष्णा तीरथ ने इस सीट से जीत हासिल की थी। यह संसदीय क्षेत्र दिल्ली के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों में गिना जाता है। कांग्रेस प्रत्याशी उदित राज का पार्टी में ही काफी विरोध हुआ था। बाहरी होने के सवाल पर वह कहते हैं कि मैं 1980 से दिल्ली में हूं। जेएनयू में पढ़ाई की है। यहीं मेरी पोस्टिंग हुई। 2014 में सांसद बना। इसी इलाके में मेरी जमीन भी है, तो मैं बाहरी कैसे हो गया। ऐसे तो आधी से ज्यादा दिल्ली बाहरी हो जाएगी। वह लोगों से बता रहे हैं कि अपने सांसद कार्यकाल में उन्हें दो साल श्रेष्ठ सांसद चुना गया था। वह जनता दरबार लगाकर सबका काम करवाने की कोशिश करते थे। वह अपने बाद बने सांसद बने हंसराज हंस को निशाना बनाते हुए कहते हैं कि अगर मेरा काम अच्छा लगे तो ही मुझे वोट देना। इसके जबाव में भाजपा प्रत्याशी चंदोलिया का कहना है कि उदित राज ने पांच साल के कार्यकाल में कोई काम नहीं किया, सिर्फ जातिवाद की राजनीति की। इस कारण लोग उनसे नाराज हैं। हंसराज हंस सेलेब्रिटी थे, इलाकों में थोड़ा कम गए मगर मोदी सरकार ने क्षेत्र में 2200 करोड़ का एनआईटी बनाया। विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। 50 बेड का होम्योपैथिक अस्पताल दिया। मैं लोगों से साफ कह रहा हूं कि अगर मैं सांसद बनता हूं तो आपको नई दिल्ली नहीं आना पड़ेगा, मैं क्षेत्र में रहूंगा। मैं इस सीट पर अपना वोट ट्रांसफर कर लिया है, किराए पर फ्लैट ले लिया है। 24 घंटे मेरा दफ्तर खुला रहेगा। आम आदमी की वादाखिलाफी से लोग गुस्से में हैं। यहां टैंकर माफिया का राज है। पानी की बड़ी समस्या है। राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड के लिए लोग परेशान हैं।

योगेंद्र चंदोलिया, उदित राज।

जेल, जमानत और जनतंत्र से जीत पाएंगे जनता के जज्बात

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के प्रचार से कितनी बदलेगी चुनावी तस्वीर

राजपुरुष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अक्सर यह आरोप लगाया जाता रहा है कि वह मीडिया में हेड लाइन मैनेजमेंट करने में महारथ रखते हैं, तो इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी कम नहीं है, मीडिया में हाईप पाना और चर्चा में बने रहना उन्हें खूब आता है। अंतरिम जमानत पर बाहर आते ही उन्होंने अपनी इस सियासी कला का नमूना पेश भी कर दिया। दिल्ली में तमाम लोगों ने इसे लेकर कहा कि 'अब रायता फैल गया है'। केजरीवाल का चुनावी प्रचार दिल्ली में जनता के जज्बात पर कितना असर डालेगा और आप-कांग्रेस की जीत की संभावनाओं को कितना बल प्रदान करेगा, यह तो समय बताएगा, लेकिन इतना तय है कि आप कार्यकर्ताओं को बूस्टर डोज वाला टॉनिक जरूर मिल गया है। वर्ना अभी तक केजरीवाल की पत्नी सुनीता जहां सहानुभूति की चादर ओढ़े रोड शो कर रही थीं, वहीं पार्टी के नेता 'जेल का जवाब वोट से' अभियान छेड़े हुए थे। जाहिर है, केजरीवाल के बाहर आने के बाद अब गठबंधन नए सिरे से चुनावी रणनीति बनाने में जुट गया है, जिसका असर अगले दो-तीन दिन में जमीन पर नजर भी आने लगेगा। लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या केजरीवाल 25 मई को होने वाले मतदान से पहले उतने मत प्रतिशतों का इंतजाम कर पाएंगे, जितने दिल्ली में भाजपा को हराने के लिए जरूरी हैं। फिलहाल, केजरीवाल के प्रचार से इंडिया गठबंधन को कुछ फायदा होने की उम्मीद भले लगाई जा रही हो, लेकिन इससे कांग्रेस को पंजाब में नुकसान भी संभावित है, जहां आप और कांग्रेस दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं।



नई दिल्ली सीट: सुषमा स्वराज के संस्कारों की बांसुरी के सामने तीन बार के विधायक सोमनाथ भारती

नई दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा ने अपनी दो बार की सांसद मीनाक्षी लेखी के स्थान पर दिवंगत वरिष्ठ नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को चुनाव मैदान में उतारा है। बांसुरी के सामने मुकाबले में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और तीन बार के विधायक वकील सोमनाथ भारती हैं। अपनी पहली चुनावी लड़ाई के लिए प्रचार कर रही बांसुरी हर भाषण में अपनी मां का जिक्र जरूर करती हैं। वह अपनी सौम्य मुस्कान के साथ मतदाताओं के साथ रिश्ता बनाते समय कहती हैं, मैं सुषमा स्वराज के संस्कारों का प्रतीक हूं, मैं कभी आपको निराश नहीं करूंगी। उधर, सोमनाथ भारती सांसद मीनाक्षी लेखी पर क्षेत्र की अनदेखी करने के साथ केंद्र की भाजपा सरकार को निशाना बना रहा हैं। 2019 के चुनावों में मीनाक्षी लेखी ने लगभग 55% (5.04 लाख) वोट हासिल किए थे। उन्होंने कांग्रेस के अजय माकन और आप के बृजेश गोयल को हराया था। अजय को 2.47 लाख और बृजेश को 1.50 लाख वोट मिले थे। 2014 के चुनाव में मीनाक्षी लेखी ने लगभग 47% (4.53 लाख) वोट पाए थे। उन्होंने कांग्रेस के अजय माकन और आप के आशीष खेतान को हराया था। अजय को 1.82 लाख और आशीष को 2.90 लाख वोट मिले थे, जो कि मीनाक्षी लेखी को मिले मतों से अधिक थे। यहां भी सोमनाथ भारती को जीत के लिए 2014 जैसे वोट शेयर की तलाश है।

बांसुरी स्वराज, सोमनाथ भारती।

पहले आडवाणी फिर शत्रुघ्न सिन्हा से किया था राजेश खन्ना ने मुकाबला

- नई दिल्ली सीट से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी भी 1777 और 1980 में सांसद चुने गए थे। 1991 से 96 के बीच इस सीट पर दो बार चुनाव हुए। भाजपा से लाल कृष्ण आडवाणी के सामने कांग्रेस ने सिने स्टार राजेश खन्ना को उतारा। कड़े मुकाबले में राजेश खन्ना 1589 वोटों से हार गए थे। लेकिन आडवाणी ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था। उन्होंने नई दिल्ली लोकसभा सीट छोड़ दी, इस पर 1992 में उप चुनाव हुआ तो भाजपा ने राजेश खन्ना के सामने शत्रुघ्न सिन्हा को उतार दिया। एक बार फिर बड़ा रोचक मुकाबला हुआ, लेकिन राजेश खन्ना ने जीत हासिल की।

दक्षिण सीट: दो विधायकों के संघर्ष में जाति-बिरादरी का समर्थन पाने के लिए जोर आजमाइश

दक्षिण दिल्ली लोककसभा सीट पर भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद रमेश बिधूड़ी को बदलकर इस बार रामवीर सिंह बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। रामवीर सिंह बिधूड़ी बदरपुर से विधान सभा क्षेत्र से विधायक हैं और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं। वहीं उनके मुकाबले आम आदमी पार्टी ने तुगलकाबाद से दो बार के अपने विधायक गुर्जर नेता सहीराम पहलवान पर दांव लगाया है। सहीराम इससे पहले बसपा में रह चुके हैं और दो बार पार्षद भी चुने गए थे। सहीराम दक्षिण दिल्ली नगर निगम के उप महापौर भी थे। इस बार लोकसभा क्षेत्र में मुकाबला बराबरी का माना जा रहा है। 2019 लोकसभा चुनाव में इस सीट पर भाजपा के रमेश बिधूड़ी ने अपनी जीत कायम रखी थी। उन्होंने आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा को 3,67,043 वोटों के अंतर से हराया था। रमेश बिधूड़ी को 6,87,014 मत मिले थे। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने आम आदमी पार्टी के कर्नल देविंदर सेहरावत को शिकस्त दी थी। इस चुनाव में रमेश बिधूड़ी को 497980 और कर्नल देविंदर सेहरावत को 390980 वोट मिले थे। कांग्रेस के रमेश कुमार 125213 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे।

पश्चिमी सीट: अनुभव और नए चेहरे के बीच नजर आ रही है कड़ी टक्कर

पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर भाजपा नेता प्रवेश वर्मा 2014 में 2.68 लाख और 2019 में 5.78 लाख वोटों के अंतर से चुनाव जीते थे। इसके बावजूद भाजपा ने उनकी जगह पूर्व मेयर कमलजीत सेहरावत को मैदान में उतारा है। आम आदमी पार्टी ने यहां पूर्व सांसद महाबल मिश्रा पर दांव लगाया है। लोकसभा क्षेत्र में शहरी आबादी के साथ झुग्गी बस्तियां भी हैं। महाबल मिश्रा चुनाव प्रचार में भाजपा प्रत्याशी को यह कहकर घेर रहे हैं कि मैं पूर्व सैनिक हूं, पार्षद और तीन बार विधायक तथा एक बार सांसद चुना गया हूं। क्षेत्र में पहले भी काम किया है। इसके मुकाबले भाजपा की प्रत्याशी सहरावत मोदी की गांरटी का जिक्र करते हुए गांवों और अनाधिकृत कालोनियों में पार्क, ओपन जिम, सामुदायिक हॉल बनवाने के साथ बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा कर रही हैं। महाबल इस क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर 2009 में सांसद चुने गए थे। वह पूर्वांचल समाज पर पकड़ रखते हैं। दिल्ली के सीएम केजरीवाल के जमानत पर रिहा होने से पहले तक 'जेल का जवाब वोट से' अभियान चला रहे थे। वह अपनी जीत का आधार क्षेत्र में आने वाली सभी 10 विधानसभा सीटों पर आप पार्टी का कब्जा और जीत का अंतर 2.5 लाख होना बताते हैं। उधर, भाजपा को नया चेहरा होने के बावजूद संगठन पर भरोसा है। प्रवेश वर्मा की ही तरह कमलजीत भी जाट समुदाय से हैं। वह 2017 में पहली बार पार्षद बनीं और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की मेयर रही हैं। वर्तमान में भी पार्षद हैं।

चांदनी चौक : कांग्रेस के सामने यहां भगवा प्रचार से निपटने की चुनौती

चांदनी चौक लोकसभा सीट पर भाजपा-कांग्रेस ने वैश्य समाज के प्रत्याशी उतारकर व्यापारी वर्ग को साधने की कोशिश की है। यहां कांग्रेस के पुराने नेता जेपी अग्रवाल का सामना भाजपा के व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल से है। भाजपा ने दो बार से जीत रहे सांसद डॉ. हर्षवर्धन की जगह खंडेलवाल को मौका दिया है, जबकि कांग्रेस ने 2019 में चुनाव हारने वाले अग्रवाल पर भरोसा कायम रखा है। वह यहां से पहले जीतु के हैं, इसलिए कांग्रेस को उम्मीद है कि इस बार आप का साथ पाकर जीत का परचम फहरा देंगे। कांग्रेस प्रत्याशी को साफ-सुथरी छवि और पुराने रिश्तों का लाभ मिलने के साथ मुस्लिम मतदाताओं का एक मुश्त समर्थन मिलता नजर आ रहा है। दिल्ली सरकार द्वारा चांदनी चौक का विकास कराने का फायदा भी उनके खाते में है। इसके मुकाबले खंडेलवाल बड़े व्यापारी नेता माने जाते हैं। व्यापारियों के विभिन्न मुद्दों पर उन्होंने केंद्र सरकार से समाधान निकालने की कोशिश की है। इस संघर्ष का चुनाव में उन्हें लाभ मिल रहा है। खंडेलवाल ने प्रचार भगवामय कर रखा है। कभी त्रिशूल तो कभी गदा लेकर निकल पड़ते हैं। ढोल की थाप पर जय श्री राम के नारे लगाती भीड़ साथ चलती है। रोड शो व जनसंपर्क में वह मोदी सरकार के कामकाज तथा राम मंदिर की स्थापना को गारंटी बता रहे हैं। 2019 में इस सीट से भाजपा के डॉ. हर्ष वर्धन ने कांग्रेस के जय प्रकाश अग्रवाल को 2.28 लाख वोटों से हराया था।

पूर्वी सीट: मिश्रित आबादी क्षेत्र में वोटों के गणित पर टिका जीत का समीकरण

पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर इस बार कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है। यहां के भाजपा सांसद पूर्व क्रिकेटर ने चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई थी। भाजपा ने यहां हर्ष मल्होत्रा को प्रत्याशी बनाया है वह मेयर रह चुके हैं। आम आदमी पार्टी ने विधायक कुलदीप कुमार को मैदान में उतारा है। इस लोकसभा क्षेत्र में पंजाबी, ब्राह्मण, गुर्जर, दलित और मुस्लिम के साथ उत्तराखंड के लोग बहुतायत में हैं। इस क्षेत्र में पॉश इलाके भी आते हैं, जिनमें विवेक विहार, प्रीत विहार, निजामुद्दीन ईस्ट, न्यू फ्रैंड्स कॉलोनी शामिल हैं। इसके अलावा जेजे क्लस्टर, त्रिलोकपुरी, कल्याणपुरी, खिचड़ीपुर, शाहीन बाग और ओखला जैसे इलाके भी शामिल हैं। भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों दलों के प्रत्याशी जनता से वादा कर रहे हैं कि चुने जाने पर वह क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेंगे। इसके साथ ही दोनों एक-दूसरे के दलों को भी कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी मोदी की गारंटी और योजनाएं लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं तो आप प्रत्याशी बेटा बनकर आत्मीयता जोड़ने के साथ मुख्यमंत्री केजरीवाल को लेकर सहानुभूति बनाने का प्रयास करने में जुटे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर 6,96,156 वोट पाकर जीते थे। कांग्रेस प्रत्याशी अरविंदर सिंह लवली 3,04,934 वोटों के साथ दूसरे स्थान और आप प्रत्याशी आतिशी मार्लेना 2,19,328 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रही थीं।

पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का : शाह

तेलंगाना के विकाराबाद और नागरकुर्नूल की चुनावी रैली में केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस को घेरा

हैदराबाद, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और उसके नेताओं पर तीखा प्रहार करते हुए शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने के डर से सबसे पुरानी पार्टी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहती है। राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार के आखिरी दिन तेलंगाना के विकाराबाद और नागरकुर्नूल में चुनावी रैलियों में शाह ने याद दिलाया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आज ही के दिन 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था और देश को परमाणु शक्ति बनाया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के पास सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले करने का साहस नहीं है। देश पर पाकिस्तानी आतंकवादियों के हमले के दस दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक एवं हवाई हमले किए और आतंकवादियों का खात्मा कर दिया।

● देश की पुरानी पार्टी के पास सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमला करने का साहस नहीं

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर एवं नेशनल कांफ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला के पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने संबंधी बयान पर शाह ने कहा कि वह राहुल गांधी से पूछना चाहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है इसलिए क्या पाक के कब्जे वाले कश्मीर को पड़ोसी देश को दे देना चाहिये। जब तक यहां भाजपा है, ऐसा कभी नहीं हो सकता और पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे। शाह ने कहा कि परमाणु बम के डर से वे पीओके पर हमारा अधिकार छोड़ना चाहते हैं। लेकिन आप चिंता न करें, मोदी जी फिर से प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप से दिया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की कथित टिप्पणी कि तेलंगाना के लोगों का कश्मीर से क्या लेना देना है, शाह ने कहा तेलंगाना के युवा कश्मीर के लिये अपनी जान दे सकते हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की टिप्पणी पर शाह ने कहा कि रेवंत रेड्डी आपका दिमाग ठिकाने पर नहीं है। क्या आपने इसे इटली में रखा है। रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा था कि पुलवामा हमला खुफिया विफलता का नतीजा था। मोदी ने पुलवामा घटना के बाद सर्जिकल स्ट्राइक से राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश की। मेरा मोदी से सवाल है कि आप क्या कर रहे हैं?

आतंकवाद के प्रति कांग्रेस का रुख नरम : सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि आतंकवाद के प्रति उसका रुख नरम रहा है। आपने कांग्रेस की दस साल के शासनकाल के दौरान देखा कि कैसे आतंकवादी हमलों को बर्दाश्त किया गया.... उपयुक्त जवाब नहीं दिया गया। उन्होंने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के युवाओं के साथ संवाद के दौरान कहा कि वे इस हद तक पाकिस्तान को डोजियर भेजने में यकीन करते थे कि आपको स्मरण आएगा कि मुंबई में हमला कराने वालों को दंडित नहीं किया गया। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर 26/11 के आतंकवादी हमले के बाद इस डर से कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया कि उसका 'वोटबैंक' खिसक जाएगा। सीतारमण ने कहा कि भारत उस दौर को कभी नहीं भुला पाएगा जब देश में बार-बार आतंकवादी हमले होते थे और कांग्रेस के नेता आतंकवाद के अपराधियों के साथ बैठा करते थे।

स्पष्ट करें, छेड़खानी के आरोपों पर राज्यपाल को इस्तीफा क्यों नहीं देना चाहिए : ममता

सप्तग्राम (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को राज्यपाल सी वी आनंद बोस पर लगे छेड़खानी के आरोपों को लेकर उनकी आलोचना की और कहा कि उनको यह स्पष्ट करना चाहिए कि उन्हें पद से इस्तीफा क्यों नहीं दे देना चाहिए।

हुगली लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार रचना बनर्जी के समर्थन में चुनावी रैली में मुख्यमंत्री ने कहा कि जब तक बोस राज्यपाल बने रहेंगे तब तक वह राजभवन के अंदर कदम नहीं रखेंगी। तृणमूल प्रमुख ने कहा, राज्यपाल कहते हैं कि दीदीगीरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी... लेकिन, श्रीमान राज्यपाल मैं कहती हूं कि आपकी दादागीरी अब काम नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बोस को साफ करना चाहिए कि उनके खिलाफ इस तरह के आरोप लगाए जाने के बाद उन्हें इस्तीफा क्यों नहीं देना चाहिए। राजभवन की एक संविदा महिला कर्मचारी ने पिछले हफ्ते कोलकाता पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि बोस ने 24 अप्रैल और दो मई को राजभवन में उसके साथ छेड़खानी की थी। बोस ने अपने खिलाफ लगाए आरोपों पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए नौ मई को राजभवन की कई सीसीटीवी फुटेज दिखाई थीं। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्यपाल ने संपादित वीडियो जारी किया। मैंने पूरी फुटेज देखी है।

● 24 अप्रैल और दो मई को महिला कर्मी से छेड़खानी का सीवी आनंद बोस पर लगा आरोप

महिला कर्मचारी से दुर्व्यवहार की मंत्री ने की आलोचना

कोलकाता। प. बंगाल के मंत्री अखिल गिरि ने राजभवन की अस्थायी कर्मचारी से राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा कथित तौर पर दुर्व्यवहार किए जाने की आलोचना की। राज्य के पूर्व मेदिनीपुर जिले के रामनगर में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार उत्तम बारिक के समर्थन में सार्वजनिक रैली में प्रशासनिक सुधार मंत्री गिरि ने कहा कि राज्यपाल बूढ़े हो गए हैं और अत्यधिक गर्मी से अपना आपा खो बैठे हैं। उन्होंने आकर्षित होकर राजभवन की एक महिला कर्मचारी बांहों में खींच लिया होगा। अगर ऐसा है तो उन्हें दक्षिण भारत जाने दें और इस कृत्य को दोहराने दें।

एक नजर

छत्तीसगढ़ सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्ग 43 गुमला-रांची मार्ग पर बतौली थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिपारा के पास दो वाहनों में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गये। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। शव वाहन में फंसे होने की वजह से पुलिस द्वारा गैस कटर मशीन से वाहन को काट शवों को निकाला गया। बतौली पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई थी। बताया जा रहा है कि कार अंबिकापुर से सीतापुर की ओर तथा दूसरा वाहन सीतापुर से अंबिकापुर की ओर आ रहा था तभी यह हादसा देखने को मिला।

दो पक्षों में संघर्ष में दो की मौत, एक दर्जन घायल

भोपाल। मध्यप्रदेश के भोपाल जिले के नजीराबाद थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए संघर्ष में दो लोगों की मौत हो गई और लगभग एक दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नजीराबाद इलाके के शुक्ला गांव में जमीन को लेकर दो परिवारों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। शनिवार सुबह जमीन पर कब्जे को लेकर दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इसी दौरान जसवंत गुर्जर और रंगलाल गुर्जर पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया गया, जिससे उनकी मौत हो गई।

एसआईटी जांच संबंधी याचिका पर जल्द होगी सुनवाई

कोलकाता, एजेंसी

चुनावी बॉण्ड घोटाला

● वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त जज की निगरानी में एसआईटी के गठन की उठाई मांग

वकील प्रशांत भूषण ने चुनावी बॉण्ड को भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए शनिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय उस याचिका पर शीघ्र सुनवाई शुरू करेगा जिसमें कॉरपोरेट संस्थाओं और राजनीतिक दलों के बीच लाभ लेकर फायदा पहुंचाने की कथित व्यवस्था की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया है।

उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में एक स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए। भूषण ने कोलकाता प्रेस क्लब में कहा, शीर्ष अदालत में दायर की गई उस याचिका पर जल्द सुनवाई शुरू होगी जिसमें एसआईटी गठित करने का अनुरोध किया गया है। उच्चतम न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में एक निष्पक्ष एसआईटी का गठन किया जाना चाहिए। एसआईटी में सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को शामिल नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि वे भी इस मामले में आरोपी हैं। भूषण ने कहा कि जांच से पता चलेगा कि चुनावी बॉण्ड घोटाले में कौन शामिल था और राजनीतिक दलों से पैसा कैसे वसूला जा सकता है।

सोरेन के खिलाफ धन शोधन में तीन और गिरफ्तार

नई दिल्ली/रांची, एजेंसी

● संजीत कुमार, मोहम्मद इरशाद और तापस घोष को ईडी ने जालसाजी के आरोप में पकड़ा

ईडी ने शनिवार को कहा कि इसने कथित तौर पर भूमि कब्जा करने से जुड़े धन शोधन मामले के सिलसिले में तीन और गिरफ्तारियां की हैं। मामले में ईडी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कुछ अन्य को गिरफ्तार किया था।

ईडी के अनुसार धन शोधन (निवारण) अधिनियम के प्रावधानों के तहत नौ मई को संजीत कुमार, मोहम्मद इरशाद और तापस घोष को हिरासत में लिया गया था। संघीय एजेंसी ने कहा कि इनको छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत निर्धारित गैर-बिक्री योग्य भूमि के उपयोग की प्रकृति में बदलाव के लिए भू अभिलेखों की जालसाजी, उनमें छेड़छाड़ करने और फर्जी दस्तावेज तैयार करने में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया है। कुमार और घोष रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस में संविदा कर्मचारी हैं। सोरेन सहित, आईएएस अधिकारी छवि रंजन, राजस्व विभाग के पूर्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद और अन्य को ईडी ने जांच के तहत गिरफ्तार किया है। ईडी ने जांच में पाया कि उपरोक्त आरोपियों द्वारा फर्जीवाड़ा और जालसाजी से हासिल की भूमि हेमंत सोरेन के अवैध कब्जे में है।

सेना के जवान की ससुर ने की हत्या

जम्मू-कश्मीर। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में शनिवार को सैनिक की उसके ससुर ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि केम्बल डांगा गांव में विलेज डिफेंस गार्ड (वीडीजी) के सदस्य दौलत राम ने अपने दामाद एवं सेना के जवान अमित सिंह पर कथित तौर पर गोली चलाई, जिससे उनकी मौत हो गई। पनासा गांव निवासी दौलत राम छुट्टी पर आए अपने दामाद अमित से मिलने पहुंचा था। जब दौलत राम को पता चला कि अमित सिंह ने वैवाहिक विवाद को लेकर अपनी पत्नी की पिटाई की है तो उसने गुस्से में आकर गोली चला दी, जिससे अमित घायल हो गए। गोलीबारी की घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचा और अमित सिंह तथा उनकी पत्नी को अस्पताल पहुंचाया। अमित की पत्नी भी पिटाई से घायल हुई हैं।

● वैवाहिक विवाद को लेकर बेटी की पिटाई से नाराज पिता ने गुस्से में मारी गोली

झारखंड के माओवादी क्षेत्र में चुनाव कर्मियों को हवाई मार्ग से पहुंचा रहा निर्वाचन आयोग

रांची। झारखंड में मतदान शुरू होने में 36 घंटे शेष हैं लेकिन नक्सल प्रभावित सिंहभूम क्षेत्र में ट्रेन और हेलीकॉप्टर से चुनाव कर्मियों को भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कई क्षेत्रों में पहली बार या कई दशकों के बाद मतदान होने जा रहा है। सिंहभूम लोकसभा सीट एशिया के सबसे घने साल जंगल 'सारंडा' का भी घर है, जो देश में वामपंथी उग्रवाद से ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में से है। पश्चिमी सिंहभूम के उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी कुलदीप चौधरी ने कहा कि 95 मतदान दलों को शनिवार को चक्रधरपुर से राउरकेला के लिए विशेष ट्रेन से रवाना किया गया। मनोहरपुर, जराइकेला और पोसैता स्टेशन पर पहुंचने के बाद, वे अपने मतदान केंद्रों तक वाहन से या पैदल पहुंचेंगे।

धमतरी-गरियाबंद जिले की सीमा पर मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

रायपुर। छत्तीसगढ़ के धमतरी और गरियाबंद जिलों की सीमा पर शनिवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

धमतरी जिले के पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि यह मुठभेड़ शनिवार दोपहर तब हुई जब धमतरी से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) का एक दल नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। उन्होंने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद सुरक्षाबलों ने एक नक्सली का शव बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मारे गए नक्सली की पहचान अब तक नहीं हो पाई है और आस-पास के इलाकों में अब भी तलाश जारी है।

हैरान हूं, आयोग ने मेरी शिकायतों की अनदेखी की

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि निर्वाचन आयोग ने उनके द्वारा विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं को लिखे पत्र का जवाब देने का तो फैसला किया, लेकिन उनके द्वारा सीधे आयोग में की गई शिकायतों को नजरअंदाज कर दिया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा कि आयोग सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं के दिए घोर सांप्रदायिक और जातिवादी बयानों से निपटने में तत्परता नहीं दिखा रहा है यह हैरान करने वाला है। पहले दो चरणों के मतदान के आंकड़े जारी करने में निर्वाचन आयोग की देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए खरगे द्वारा 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' के नेताओं को लिखे गए पत्र के जवाब में, आयोग ने शुक्रवार को इसे स्पष्टीकरण मांगने की आड़ में पूर्वाग्रहपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास बताया था।

● मुख्य निर्वाचन आयुक्त को कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा पत्र

खरगे ने कहा कि यह स्पष्ट रूप से गठबंधन सहयोगियों को संबोधित एक खुला पत्र था, न कि आयोग को। खरगे ने शनिवार को निर्वाचन आयोग के भेजे अपने पत्र में कहा, आश्चर्य की बात है कि भारत निर्वाचन आयोग इस पत्र का जवाब देना चाहता था, जबकि सीधे तौर पर दी गई कई अन्य शिकायतों को नजरअंदाज कर रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग का पत्र एक तरफ कहता है कि आयोग नागरिकों के सवाल पूछने के अधिकार का सम्मान करता है और दूसरी तरफ, नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह के रूप में धमकाता है। मुझे खुशी है कि आयोग समझता है कि उसे संविधान के तहत निर्बाध, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने का अधिकार है। हालांकि, चुनावी प्रक्रिया को दूषित करने वाले सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा दिए जा रहे घोर सांप्रदायिक और जातिवादी बयानों के खिलाफ कार्रवाई करने में आयोग द्वारा दिखाई गई तत्परता की कमी हैरान करने वाली लगती है।

अगर अंबानी, अडाणी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे तो मोदी सरकार ने कार्रवाई क्यों नहीं की

समस्तीपुर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए सवाल किया कि अगर उनके आरोप के अनुसार उद्योगपति मुकेश अंबानी एवं गौतम अडाणी कांग्रेस को काला धन भेज रहे थे तो उनकी सरकार ने इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की। बिहार के समस्तीपुर में चुनावी रैली में खरगे ने कहा कि मोदी भारत के प्रधानमंत्री केवल इसलिए बन सके क्योंकि कांग्रेस ने इसकी आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री कहते हैं कि हम अंबानी और अडाणी पर चुप हैं, हम चुप नहीं हैं... मैं पूछ रहा हूं कि अगर उनके आरोप के अनुसार, हमें इन उद्योगपतियों से काला धन प्राप्त हुआ तो उनकी सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। क्या ऐसा इसलिए है क्योंकि उन्होंने स्वयं काला धन प्राप्त किया था।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-995 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165
चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग-1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 950

आईआईएचएल की बोली को सैद्धांतिक मंजूरी

नई दिल्ली। बीमा क्षेत्र के नियामक इरडा ने रिलायंस कैपिटल के अधिग्रहण के लिए हिंदुजा समूह की कंपनी इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) की बोली को सशर्त मंजूरी दे दी है। आईआईएचएल के एक प्रवक्ता ने कहा कि हमें अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर 10 मई को इरडा से मंजूरी मिलने की खुशी है। मंजूरी कुछ नियामक, वैधानिक और न्यायिक मंजूरियों/अनुपालनों के अधीन है। प्रवक्ता ने कहा कि आईआईएचएल अधिग्रहण को जल्द पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसका लक्ष्य एनसीएलटी की निर्धारित तिथि 27 मई तक इसे पूरा करने का है। इससे पहले आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने कहा था कि आईआईएचएल इस सौदे के लिए नवंबर से ही भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के संपर्क में है। उन्होंने कहा था कि आईआईएचएल इरडा की मंजूरी के 48 घंटे के भीतर बोली राशि का भुगतान करके सौदा पूरा कर लेगी। आरकैप की 9,650 करोड़ की खरीद के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण की 27 मई की समयसीमा खत्म होने में कुछ दिन बचे हैं।

प्रेस्टीज एस्टेट्स के सीईओ नारायण ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। रियल्टी कंपनी प्रेस्टीज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स के सीईओ वेंकट नारायण ने निजी हितों के लिए कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। वेंकट अगस्त 2017 में प्रेस्टीज एस्टेट्स के सीईओ बने थे। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वेंकट ने 10 मई को सीईओ पद और बोर्ड की समितियों से इस्तीफा दे दिया है। बोर्ड ने शुक्रवार को हुई बैठक में उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। वह 10 अगस्त तक कंपनी से जुड़े रहेंगे।

15 हजार महिलाएं करेंगी ड्रोन से खेती

ड्रोन दीदी योजना के लिए महिंद्रा और कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्रालय ने की साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

कृषि उपकरण निर्माता कंपनी और ट्रैक्टर निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने ड्रोन दीदी योजना के तहत दो पायलट परीक्षण करने के लिए कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के साथ एक समझौता किया है।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इस साल के आरंभ में शुरू की गई इस योजना का लक्ष्य 15,000 महिलाओं को उर्वरक बुआई, फसल निगरानी और बीज बुआई जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन संचालन के लिए प्रशिक्षित करना है, जिससे नई प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में कौशल प्रदान करके महिलाओं के लिए आजीविका के नए अवसर पैदा हो सकें। इस साझेदारी के तहत, महिंद्रा और एमएसडीई हैदराबाद और नोएडा में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (एनएसटीआई) में 500 महिलाओं को कौशल प्रदान करने के लिए दो पायलट कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसमें केवल 20 महिलाओं वाले विशेष बैच होंगे।

● फसल निगरानी और बुआई जैसे कृषि उद्देश्यों के लिए ड्रोन संचालन का दिया जाएगा प्रशिक्षण

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय द्वारा अनुमोदित 15 दिवसीय पाठ्यक्रम इन केंद्रों पर आरपीटीओ (रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन) प्रशिक्षकों के माध्यम से वितरित होगा। महिंद्रा ग्रुप के ग्रुप सीईओ और एमडी डॉ. अनीश शाह ने कहा, हमारे इस उदयोन्मुखी दर्शन के अनुरूप, महिंद्रा ग्रुप महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हें वर्कफोर्स में शामिल होने और आर्थिक स्वतंत्रता हासिल करने के लिए कौशल प्रदान किया जाएगा। एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि हम व्यापक प्रशिक्षण के लिए उनकी कृषि विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। कृषि में ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लक्ष्य के साथ हैदराबाद और नोएडा में दो एनएसटीआई को पायलट कार्यक्रम के लिए चुना गया है। राष्ट्र निर्माण के लिए महिलाओं को कुशल बनाने का हमारा यह मिशन, विशेष रूप से उभरते व्यवसायों में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ड्रोन दीदी कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन के माध्यम से यह सहयोग आगे भी बरकरार रहेगा।

जहीराबाद, तेलंगाना और नागपुर, महाराष्ट्र में दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रशिक्षण केन्द्रों पर एनएसटीआई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने के लिए बुनियादी ढांचा, प्रतिभागियों के लिए छात्रावास सुविधा प्रदान करेगा और भागीदारी बढ़ाने के लिए स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों और गैर सरकारी संगठनों से संपर्क करेगा। महिंद्रा समूह सिमुलेशन मशीनरी/ड्रोन, सिम्युलेटर नियंत्रक, सिम्युलेटर सॉफ्टवेयर, आई5 प्रोसेसर और प्रशिक्षकों के साथ कंप्यूटर के माध्यम से प्रारंभिक सेट-अप सहायता प्रदान करेगा और डीजीसीए लाइसेंस धारक प्रशिक्षकों की लागत सहित पायलट परियोजना की अवधि के लिए परिचालन लागत को पूरा करेगा। देश भर में चिह्नित एनएसटीआई/आईटीआई में ड्रोन दीदी योजना को आगे बढ़ाने में एमएसडीई की सहायता करेंगे। योजना आगे बढ़ाने के लिए, महिंद्रा जल्द ही जहीराबाद, तेलंगाना और नागपुर, महाराष्ट्र में कंपनी के कौशल केंद्रों में महिलाओं के लिए ड्रोन प्रशिक्षण शुरू करेगी।

ऑस्ट्रेलिया में लिथियम संपत्ति का अधिग्रहण करने की तैयारी में खनिज विदेश इंडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

खनिज विदेश इंडिया लिमिटेड (काबिल) को इस साल ऑस्ट्रेलिया में लिथियम ब्लॉक हासिल करने की उम्मीद है। खान सचिव वीएल कांथा राव ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि विदेश में खनिज संपत्तियों की खोज के तहत काबिल पिछले साल से ऑस्ट्रेलिया में काम कर रहा है। राव ने यहां काबिल के पंजीकृत कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर कहा, काबिल के ऊपर अन्य देशों पर ध्यान देने की जिम्मेदारी है। हमें ऑस्ट्रेलिया में अपने प्रयासों को बढ़ाना होगा। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान हम एक और संपत्ति को लक्षित करें।

काबिल का स्वामित्व तीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों नेशनल एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (नाल्को), हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) और मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (एमईसीएल) के पास है। उन्होंने अगले अधिग्रहण के बारे में बताया, मैं उम्मीद कर रहा हूं कि यह ऑस्ट्रेलिया होना चाहिए, क्योंकि हम (वहां) पिछले साल से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के विपरीत, ऑस्ट्रेलिया थोड़ा महंगा होगा, इसलिए काबिल की चुकता पूंजी बढ़ानी होगी।

● खनिज संपत्तियों की खोज के तहत पिछले साल से ऑस्ट्रेलिया में काम कर रहा है काबिल

इस समय काबिल की चुकता पूंजी 100 करोड़ रुपये है। राव ने बताया, हम 500 करोड़ रुपये तक जाने के लिए अधिकृत हैं और हमारे पास 200 करोड़ रुपये तक की मंजूरी है। उन्होंने कहा कि अगले दो से तीन वर्षों में अर्जेंटीना के लिथियम ब्लॉकों में खनन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	86300
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	95000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74700
गिन्नी (प्रति नग)	55650-55850
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	73,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	73,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	84,100
चांदी तैयार	84,000
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	73000
सोना जेवरात गिन्नी	72000
चांदी पक्की	825 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,100
चांदी आभूषण	83,500

एक जून से बेंगलुरु-देवघर के बीच सीधी उड़ान शुरू करेगी इंडिगो

कोलकाता, एजेंसी

इंडिगो ने एक जून से झारखंड के देवघर और बेंगलुरु के बीच सीधी उड़ान शुरू करने की घोषणा की है। सीधी उड़ानें सप्ताह में तीन बार मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होंगी।

एयरलाइन ने बताया कि उड़ान संख्या 6ई 6435 बेंगलुरु से सुबह 10.05 बजे उड़ान भरेगी और दोपहर 12.25 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी की उड़ान 6ई 6437 दोपहर 12.55 बजे देवघर से रवाना होगी और 3.25 बजे बेंगलुरु में उतरेगी। इंडिगो ने कहा कि नया मार्ग भारत के दक्षिणी हिस्से से झारखंड के प्रसिद्ध धार्मिक केंद्रों तक संपर्क बढ़ाएगा। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि बेंगलुरु और देवघर के बीच सीधी उड़ान से न केवल ग्राहकों को झारखंड के पवित्र शहर तक पहुंच मिलेगी, बल्कि छात्रों और रोजगार चाहने वालों को भी सुविधा होगी। देवघर प्रसिद्ध बैद्यनाथ मंदिर है, जो भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में एक है।

गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस का आईपीओ 15 मई को खुलेगा

अहमदाबाद। गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम आईपीओ 15 मई को खुलेगा। कंपनी ने शनिवार को बयान दिया कि आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 15 मई बुधवार को खुलेगा और 17 मई शुक्रवार को बंद होगा। प्राइस बैंड 258 से 272 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तय किया है। निवेशक न्यूनतम 55 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। 55 शेयरों के मल्टीपल यानी गुणक में बोली लगाई जा सकती है। दस रुपये प्रति इक्विटी शेयर की फेस वैल्यू वाला यह ऑफर फ्रेश इश्यू और ओएफएस यानी ऑफर फॉर सेल का मिक्स है।

भारत का कपास निर्यात 27 % बढ़कर 28 लाख गांठ होने का अनुमान

मुंबई, एजेंसी

भारतीय कपास संघ (सीएआई) ने शनिवार को अनुमान लगाया कि 24 सितंबर को समाप्त होने वाले फसल वर्ष 2023-24 के दौरान कपास निर्यात लगभग 27 प्रतिशत बढ़कर 28 लाख गांठ हो जाएगा।

सीएआई ने कहा कि फसल सत्र 2022-23 (अक्टूबर-सितंबर) में कपास का निर्यात 22 लाख गांठ था। एक गांठ 170 किलोग्राम के बराबर होती है। सीएआई के अध्यक्ष अतुल गनात्रा ने बताया कि दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान कीमतें अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में 8-10 प्रतिशत कम होने के कारण भारतीय कपास की मांग बढ़ गई। हमारा कपास मुख्य रूप से बांग्लादेश, चीन और वियतनाम जैसे देशों को निर्यात किया जाता है। सीएआई ने वर्ष 2023-24 के लिए कपास उत्पादन 309.70 लाख गांठ होने का अनुमान लगाया है, जो पिछले महीने के अनुमान के समान है। हालांकि उत्पादन पिछले सत्र के 318.90 लाख गांठ से कम रहने की उम्मीद है।

● अंतर्राष्ट्रीय कीमतों की तुलना में 8-10 प्रतिशत कम होने से भारतीय कपास की मांग बढ़ी

अप्रैल 2024 के अंत तक कुल कपास आपूर्ति 315.86 लाख गांठ होने का अनुमान है। अप्रैल 2024 तक कपास की अनुमानित खपत 192.50 लाख गांठ है जबकि निर्यात 21.50 लाख गांठ आंका गया है।

आज का मुकाबला

चेन्नई सुपरकिंग्स
बनाम
राजस्थान रॉयल्स
दोपहर 3:30 बजे

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स
शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	12	20
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	12	18
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	11	16

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	12	634
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	11	541
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

रॉयल्स को हराकर सीएसके मजबूत करना चाहेगी दावा

चेन्नई, एजेंसी

चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल के प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को मजबूत करने के लिए राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। सुपर किंग्स की टीम अभी 12 मैच में 12 अंक लेकर अंक तालिका में चौथे स्थान पर है लेकिन गुजरात टाइटंस के खिलाफ शुक्रवार को हार के कारण उस पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है और उसे अब बाकी बचे दोनों मैच में जीत दर्ज करने की जरूरत है।

दूसरी तरफ रॉयल्स के 16 अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है लेकिन पिछले दो मैच में सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ हार के कारण उसका मनोबल गिरा है। रॉयल्स की टीम पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर होने का खतरा नहीं मंडरा रहा है लेकिन संजू सैमसन की अगुवाई वाली टीम नॉकआउट चरण से पहले जीत की राह पर लौट के लिए बेताब होगी। सुपर किंग्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सबसे बड़ी निराशा शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों अजिंक्य रहाणे, रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड से मिली। यह तीनों बल्लेबाज रॉयल्स के खिलाफ उसकी भरपाई करना चाहेंगे। डेरिल मिचेल और मोईन अली का अच्छा प्रदर्शन सुपर किंग्स के लिए इस मैच में सकारात्मक पहलू रहा। विश्व कप टीम में चुने गए शिवम दुबे गुजरात के खिलाफ 13 गेंद पर 21 रन ही बना पाए थे।

अब भी प्लेआफ में जा सकती है गुजरात, चमत्कार होते हैं : गिल

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल को उम्मीद है कि उनकी टीम आईपीएल के प्लेआफ में जगह बनायेगी हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स को 35 रन से हराने के बावजूद उसके लिए राह आसान नहीं है।

गुजरात 12 मैचों में 10 अंक लेकर आठवें और चेन्नई 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। गिल ने कहा हमारी क्वालीफाई करने की संभावना 0.1 या 1 प्रतिशत है। हम सभी को लगता है कि हम अभी भी प्लेआफ में जगह बना सकते हैं। क्योंकि मैने देखा है कि इस टीम ने चमत्कार किए हैं और हम फिर कर सकते हैं। चेन्नई के खिलाफ शतक जमाकर टीम को तीन विकेट पर 231 रन तक पहुंचाने वाले गिल का मानना है कि उनकी टीम कुछ रन पीछे रह गई। 15 ओवर में बिना किसी नुकसान के स्कोर 195 रन था और 250 तक पहुंचना चाहिए था।

धीमी ओवरगति के लिए गिल पर लगा जुर्माना

अहमदाबाद। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। यह टीम का इस सत्र में धीमी ओवरगति का दूसरा अपराध था। इसके लिए हर खिलाड़ी पर छह लाख रूपये या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया है।

आरसीबी के लिए दिल्ली से करो या मरो का मुकाबला

बेंगलुरू, एजेंसी

लगातार चार मैच जीतकर प्लेआफ की दौड़ में बनी हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू को अपना दावा बनाए रखने के लिए आज दिल्ली कैपिटल्स को हर हालत में हराना होगा। आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को दो बार हराने के अलावा पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है। गुजरात और पंजाब से आरसीबी को कोई चुनौती नहीं मिली और सनराइजर्स को उसने करीबी मुकाबले में हराया। दूसरी ओर दिल्ली के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी वाली टीम ने 27 अप्रैल को मुंबई इंडियंस पर दस रन से मिली जीत में चार विकेट पर 257 रन बनाये थे तो 29 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी।

आरसीबी 12 मैचों में 10 अंक लेकर सातवें स्थान पर है और अब हारने से उसके लिये रास्ते बंद हो जाएंगे। कोहली के अलावा कप्तान फाफ डु प्लेसी, रजत पाटीदार, कैमरन ग्रीन और दिनेश कार्तिक ने भी अच्छा पारियां खेली हैं। वहीं, दिल्ली के जैक फ्रेसर मैकगुर्क के सामने होगी जो 235.87 के स्ट्राइक रेट से सात मैचों में 309 रन बना चुके हैं। सलामी बल्लेबाज अभिषेक पोरेल ने भी 157 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं पर प्रदर्शन में निरंतरता नहीं दिखी।

खेल डायरी

स्ट्राइक रेट बेहतर करने की जरूरत : यूनिस खान

कराची। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान यूनिस खान ने बाबर आजम, फखर जमां और मोहम्मद रिजवान जैसे अन्य अनुभवी खिलाड़ियों को आधुनिक क्रिकेट की आवश्यकताओं के अनुरूप स्ट्राइक रेट बढ़ाने की सलाह दी है। यूनिस ने कहा कि खिलाड़ियों को टी 20 प्रारूप में किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार रहना चाहिए। इसी तरह गेंदबाजों को दबाव की स्थिति में गेंदबाजी करने के लिए तैयार रहना चाहिए। पाकिस्तान को 2009 में टी20 विश्व कप खिताब दिलाने वाले यूनिस ने कहा मुझे लगता है कि बाबर, रिजवान, फखर जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को स्ट्राइक रेट पर काम करना शुरू करना होगा।

विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में रमित

नई दिल्ली। भारत के रमित टंडन ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के फराज खान को हराकर काहिरा में चल रही विश्व स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 36वें नंबर के खिलाड़ी और इस टूर्नामेंट में सीधा प्रवेश पाने वाले टंडन ने विश्व में 57वें नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी को केवल 13 मिनट में 11-1, 11-3, 11-3 से करारी शिकस्त दी। इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी टंडन का अगला मुकाबला रविवार को इंग्लैंड के सातवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद अल शोरबागी से होगा।

नडाल इटैलियन ओपन में हुर्काज से हारे

रोम। राफेल नडाल डेढ़ साल में पहली बार शीर्ष 10 के खिलाड़ी के सामने थे लेकिन उन्हें इटैलियन ओपन के तीसरे दौर में नौवीं रैंकिंग के हुबर्ट हुर्काज से हार का सामना करना पड़ा। नडाल अपने पसंदीदा क्ले कोर्ट पर हुर्काज से 1-6, 3-6 से हार गए। अब हुर्काजा का सामना टॉमस एचेवेरी से होगा जिन्होंने थियागो सेबोथ को 6-3, 7-5 से मात दी। अगर नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम बार प्रतिस्पर्धी होना चाहते हैं तो उन्हें 26 मई से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट से पहले कड़ा अभ्यास करना होगा। नडाल पहले ही संकेत दे चुके हैं कि यह टूर पर उनका अंतिम सत्र होगा।

धीमी ओवर गति के कारण हुआ पंत का निलंबन

नई दिल्ली। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत आरसीबी के खिलाफ आज के अहम मैच में नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें मौजूदा सत्र में तीन बार धीमी ओवर गति के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सात मई को दिल्ली कैपिटल्स की 20 रन की जीत के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए पंत पर 30 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम इस मैच के आखिरी ओवर में तय समय से 10 मिनट पीछे थी। ऋषभ पंत पर सात मई 2024 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ धीमी ओवर गति के कारण आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया है और उन्हें एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है।

वेस्टइंडीज ने जारी किया वार्षिक कार्यक्रम

मुबंई। वेस्टइंडीज की टीम 23 मई से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 शृंखला खेलेगी। वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने इस साल के अपने घरेलू अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की है जिसके अनुसार टीम मई से दिसंबर के बीच दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और बांग्लादेश के खिलाफ मैच खेलेगी। दक्षिण अफ्रीका सीरीज के तुरंत बाद टी20 विश्व कप की शुरुआत होगी, जिसकी सह मेजबानी अमेरिका के साथ वेस्टइंडीज कर रहा है। विश्व कप के बाद जुलाई में टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज, इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। अगस्त में साउथ अफ्रीकी टीम फिर से वेस्टइंडीज पहुंचेगी, जहां उन्हें दो टेस्ट और तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलना है। टेस्ट सीरीज से पहले दोनों टीमों के बीच टारौबा में चार दिनों का एक अभ्यास मैच भी होगा। नवंबर में फिर से इंग्लैंड की टीम तीन वनडे और पांच टी20 मैचों के लिए कैरेबियन द्वीप का दौरा करेगी।

तीन साल बाद घरेलू दर्शकों के सामने नीरज फेकेंगे भाला

ओलंपिक की तैयारी में जुटे चोपड़ा ने पिछले फेडरेशन कप में जीता था स्वर्ण

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा रविवार से यहां शुरू होने वाली राष्ट्रीय फेडरेशन कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आकर्षण का केंद्र होंगे लेकिन कई अन्य शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के कारण चार दिन तक चलने वाली इस प्रतियोगिता की चमक थोड़ी काम हो गई है।

26 वर्षीय खिलाड़ी तीन साल बाद पहली बार किसी घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इससे पहले चोपड़ा ने फेडरेशन कप में ही 21 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद चोपड़ा ने तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था। वह 2022 में डायमंड लीग और 2023 में विश्व चैंपियन बने। उन्होंने चीन में एशियाई खेलों में अपने खिताब का भी बचाव किया था। चोपड़ा ने इस बीच डायमंड लीग के तीन व्यक्तिगत चरण भी जीते और 2022 में विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक हासिल किया। यह भारतीय खिलाड़ी हालांकि अभी तक 90 मीटर की दूरी को छूने में नाकाम रहा है। उनका सर्वश्रेष्ठ



व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

यह स्टार खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारी में जुटा है और उन्हें उम्मीद है कि वह ओलंपि क खेलों में अपने खिताब का बचाव करने में सफल रहेंगे। उन्होंने इस सत्र की शुरुआत दोहा में डायमंड लीग से की जिसमें वह दूसरे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने लंबे समय बाद भारत में खेलने के संबंध में कहा मेरे लिए मेरा खेल सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। अगर मैं भारत में खेलता हूं तो यह मेरे प्रोफाइल के लिए अच्छा होगा। तोक्यो ओलंपिक से पहले मैं भारत में ही अभ्यास करता था लेकिन अभी मैं केवल अपने खेल पर ध्यान देना चाहता हूं। मैं बाद में भारत में अभ्यास करूंगा। गोला फेंक के एथलीट तेजिंदर पाल सिंह तूर जैसे कुछ खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक के यह क्वालीफाई करने या रैंकिंग अंक हासिल करने की कोशिश करेंगे। दोहा डायमंड लीग में नौवें स्थान पर रहे किशोर जेना भी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ऐसे में सभी की निगाहें पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा पर टिकी रहेंगी।

भाला फेंक में क्वालीफाइंग राउंड 14 मई को और फाइनल 15 मई को होगा। एशियाई खेलों के पदक विजेता अविनाश साबले (पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज़), ज्योति याराजी (महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़), पारुल चौधरी (महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़), अन्नू रानी (महिलाओं की भाला फेंक) और हरमिलन बैंस (महिलाओं की 800 मीटर और 1500 मीटर) उन शीर्ष एथलीटों में शामिल हैं जो विदेशों में अभ्यास करने के कारण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएंगे। फर्राटा धावक मणिकांत होबलीधर (100 मीटर) और अमलान बोरगोहेन (200 मीटर) भी इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं।

16 ओवर का हुआ केकेआर-मुंबई का मैच

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और मुबंई इंडियंस (एमआई) के बीच इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 60वां मुकाबला बारिश की वजह से विलंब से शुरु होने की संभावना है। ईडन गार्डन मैदान पर खेले जाने वाले मैच का टॉस बारिश के कारण नहीं हो सका था। बारिश फिलहाल रुक गई है और गीली आउटफील्ड को सुखाने के लिए ग्राउंड स्टाफ कड़ी मशक्कत कर रहा है। मैदानी अंपायर मैदान का निरीक्षण करने के बाद खेल के शुरु कर दिया है और यह मुकाबला 16-16 ओवरों का हुआ। केकेआर के लिहाज से यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है। अगर यह मैच मेजबान टीम जीतती है तो वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन जाएगी वहीं नौवें स्थान पर काबिज और खिताबी दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी मुबंई इस मैच को जीतकर अपना मनोबल बनाए रखने की पुरजोर कोशिश करेगी। मुबंई ने टॉस जीत कर कोलकाता को पहले बल्लेबाजी का निमंत्रण दिया है।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
कोलकाता	11	8	3	16	+1.453
राजस्थान	11	8	3	16	+0.476
हैदराबाद	12	7	5	14	+0.406
चेन्नई	12	6	6	12	+0.491
दिल्ली	12	6	6	12	-0.316
लखनऊ	12	6	6	12	-0.769
बेंगलुरु	12	5	7	10	+0.217
गुजरात	12	5	7	10	-1.063
मुंबई (बा)	12	4	8	8	-0.212
पंजाब (बा)	12	4	8	8	-0.423

एंडरसन वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट के बाद लेंगे संन्यास

लंदन, एजेंसी

महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने शनिवार को घोषणा की कि इस सत्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू शृंखला का पहला टेस्ट उनके अर्रालाष्ट्रीय करिअर का आखिरी मैच होगा। एंडरसन ने अपने 20 साल के करिअर में 700 टेस्ट विकेट लिए है। 2003 में पदार्पण करने वाले एंडरसन सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज के साथ इस प्रारूप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली सूची में मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वार्न (708) के बाद तीसरे स्थान पर है।

एंडरसन ने अपने इंस्टाग्राम पर

लिखा, सभी को नमस्कार। मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि आगामी घरेलू सत्र में लॉर्डस मैदान पर खेला जाने वाला पहला टेस्ट मेरा आखिरी टेस्ट होगा। जिस खेल को मैं बचपन से पसंद करता था उसमें अपने देश का 20 साल तक प्रतिनिधित्व करना अविश्वसनीय रहा है। इंग्लैंड के लिए खेलने की कमी मुझे बहुत खलेगी।

भारत को ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलेंगे : किम

नई दिल्ली, एजेंसी

मशहूर तीरंदाजी कोच और मेंटोर किम ह्युंग ताक का मानना है कि हाल ही में विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने वाले भारतीय तीरंदाजों को मजबूत तकनीकी अभ्यास का फायदा ओलंपिक में मिलेगा जहां वे स्वर्ण पदक जीत सकते हैं। अभी तक तीरंदाजी में भारत के लिये एकमात्र ओलंपिक कोटा धीरज बोम्मादेवरा ने जीता है। किम ने सोनीपत में भारतीय खेल प्राधिकरण के राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में कोचों के सेमिनार के बाद कहा भारतीय रिकर्व टीम ने काफी दमदार तकनीकी अभ्यास किया है । इससे उन्हें ओलंपिक में अच्छे नतीजे मिलने में मदद मिलेगी। अभ्यास और तैयारियों में निरंतरता बनाये रखने से पेरिस में पदक जीतना संभव है।

भारतीय रिकर्व तीरंदाज तुर्की के अंताल्या में 14 से 17 जून तक होने वाले आखिरी

क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट में टीम कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय और प्रवीण जाधव ने 28 अप्रैल को शंघाई में ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को हराकर 14 साल बाद विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। किम ने कहा कि भारत के सीनियर तीरंदाज युवाओं की मदद करने को तत्पर रहते हैं। दीपिका और तरूणदीप जैसे सीनियर उन्हें मार्गदर्शन देते हैं। इससे टीम बनाने में मदद मिलती है।

मनु और अनीश ओलंपिक चयन ट्रायल में शीर्ष स्थान पर

भोपाल। ओलंपियन निशानेबाज मनु भाकर और अनीश भानवाला शनिवार को राइफल और पिस्टल के लिए ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) में अपनी स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन राउंड में मजबूत स्कोर से शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। अनीश ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में 587 अंक के स्कोर से शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि मनु महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में 585 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। फाइनल आज होगा जिसमें क्वालीफाई करने वाले पांच निशानेबाजों महत्वपूर्ण पोडियम अंक जुटाने होंगे। महिलाओं की पिस्टल स्पर्धा में रिदम सांगवान 586 अंक से शीर्ष पर रहीं जबकि सिमरनप्रीत कौर बराड़ 585 अंक के साथ मनु को पछाड़कर दूसरे स्थान पर रहीं। ईशा सिंह चौथे और अभिदन्या अशोक पाटिल पांचवें स्थान पर रहीं।

ब्राजील की टीम से बाहर हुए नेमार

रियो डी जनेरियो। घुटने की गंभीर चोट से उबर रहे नेमार को कोपा अमेरिका अभियान के लिए ब्राजील की टीम से बाहर कर दिया गया है।अक्टूबर में बाएं घुटने के क्रूसिएट लिगामेंट के टूटने के बाद से नेमार ने नहीं खेला है और 32 वर्षीय खिलाड़ी के अमेरिका में 20 जून से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के लिए फिट होने की बहुत कम संभावना जताई गई थी।मैनचेस्टर यूनाइटेड के मिडफील्डर कासेमिरो और टोटेनहम हॉटस्पर के फॉरवर्ड रिचर्डसन भी टीम में जगह बनाने से चूक गए। दोना अपने-अपने क्लबों में खराब फॉर्म और चोटों से जूझ रहे हैं। मैनेजर डोरिवल जूनियर ने 23 सदस्यीय टीम में पाल्मेरास के किशोर एंड्रिक को नामित किया है। फारवर्ड जुलाई में 18 साल का होते ही रियल मैड्रिड में शामिल हो जाएगा, उन्होने वेम्बली स्टेडियम में इंग्लैंड पर 1-0 की जीत में और मार्च में सैंटियागो बर्नब्यू में स्पेन के खिलाफ 2-2 से ड्रा में ब्राजील के लिए गोल किया था। ब्राजील अपने कोपा अमेरिका अभियान की शुरुआत 24 जून को लॉस एंजिल्स में कोस्टा रिका के खिलाफ करेगा और ग्रुप चरण में पराग्वे और कोलंबिया से भी भिड़ेगा।

बॉलीवुड हलचल

सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं आमिर

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान अपनी सुपरहिट फिल्म सरफरोश के सीक्वल में काम करना चाहते हैं। वर्ष 1999 में प्रदर्शित फिल्म सरफरोश में आमिर खान, सोनाली बेन्द्रे और नसीरउद्दीन साह ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इस फिल्म में आमिर खान ने एक आईएएस ऑफिसर की भूमिका अदा की थी।फिल्म सरफरोश को रिलीज हुए 25 साल पूरे हो गए हैं। फिल्म के 25 साल पूरे होने पर आमिर खान और सरफरोश की टीम ने एक शानदार पार्टी रखी थी और जूहू के पीवीआर में स्पेशल स्क्रीनिंग रखी थी। आमिर खान ने खुलासा किया कि वह इस फिल्म के सीक्वल की तैयारी कर रहे हैं। सरफरोश 2 को लेकर आमिर खान ने कहा, मैं एक बात के बारे में कमिटेड हो सकता हूं, कि हम निश्चित रूप से इसके लिए सही स्क्रिप्ट और सही तरह की फिल्म के साथ आने के लिए वाकई में सीरियस होकर काम करेंगे।

जापान में धूम मचा रही टाइगर 3

मुंबई। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म टाइगर 3, जापान में धूम मचा रही है। यशराज बैनर तले बनी मनीष शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म टाइगर 3 पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। टाइगर 3 में सलमान खान, कैटरीना कैफ और इमरान हाशमी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। फिल्म टाइगर 3 जापान में रिलीज की गई है। जापान में इंडियन फिल्मों का बहुत क्रेज है। जापान में फिल्म टाइगर 3 के रिलीज के एक सप्ताह पूरे हो गए हैं। जापान में फिल्म की रिलीज से पहले सलमान खान ने जापानी फैंस के

लिए एक मैसेज भी छोड़ा था। सलमान खान इस वीडियो में कहते दिख रहे थे कि वह फिल्म टाइगर 3 के जापान में रिलीज होने पर बेहद एक्साइटेड हैं और फिल्म की रिलीज के मौके पर जापान में होना चाहते थे। टाइगर 3 ने जापान में सात दिनों में करीब 15 मिलियन की कमाई कर ली है।

निर्देशन की दुनिया में आए बोमन ईरानी

मुंबई। बॉलीवुड के जाने-माने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने द मेहता बॉयज के साथ निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। बोमन ईरानी एक दशक से अधिक समय से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। वह अब एक फिल्म निर्माता के रूप में, अपनी बहुप्रतीक्षित निर्देशित पहली फिल्म द मेहता बॉयज के साथ चर्चा में हैं। अपने निर्देशन की पहली फिल्म द मेहता बॉयजमें बोमन ईरानी ने अविनाश तिवारी और श्रेया चौधरी के साथ अभिनय किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

एक नजर

शोपियां में दो आतंकवादी सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के दो सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शोपियां पुलिस, सेना की 44 राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 14 बटालियन की संयुक्त टीम ने दोनों आतंकवादी सहयोगियों को मलिक चेक क्रॉसिंग पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि दोनों आतंकवादी सहयोगियों के नाम सुहैब इकबाल मलिक और तुफैल यूसुफ मलिक है और दोनों शोपियां के बाबा मोहल्ला में रहते हैं।

पाकिस्तानी ड्रोन पर जवानों ने की फायरिंग

श्रीनगर। बीएसएफ के सतर्क जवानों ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब मंडरा रहे पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि बीएसएफ के जवानों ने शुक्रवार देर रात सांबा जिले के रामगढ़ सेक्टर के नारायणपुर इलाके में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक पाकिस्तानी ड्रोन देखा। ड्रोन को रोकने के लिए कुछ राउंड गोलीबारी की।

कई रॉकेट को लॉन्च करने वाली प्रणाली का परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया ने एक साथ कई रॉकेट को लॉन्च करने वाली प्रणाली का परीक्षण किया, इस दौरान उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन मौजूद रहे। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। उत्तर कोरिया की समाचार समिति ने कहा कि शुक्रवार के परीक्षण से कई रॉकेट को लॉन्च करने की प्रणाली और उसमें उपयोग किए जाने वाले गोलों तथा उनकी विनाशकारी शक्ति का पता चला। समाचार समिति ने कहा कि इस प्रणाली को 2024 से 2026 तक लड़ाकू इकाइयों में तैनात किया जाएगा।

पाकिस्तान में मुठभेड़ में पांच सैनिक मारे गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शनिवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में पांच सैनिकों की मौत हो गयी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ स्थानीय समयानुसार सुबह पूर्वाह्न 8:30 बजे हुई। प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में बम निरोधक दल को ले जा रहे एक सैन्य वाहन शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण की चपेट में आ गया। जिसके बाद वाहन पर घात लगाकर बैठे आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जवानों ने जवाबी कार्रवाई में गोलियां चलाई और मुठभेड़ शुरू हो गयी। मुठभेड़ में दो सैनिक और दो आतंकवादी घायल भी हुए हैं, जबकि घटना के बाद से एक सैनिक लापता है।

अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़, सात गिरफ्तार

चंडीगढ़। फार्मा ओपियोइड्स को बड़ा झटका देते हुये, स्पेशल टास्क फोर्स (एस टी एफ) ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में एक फार्मा फैक्ट्री से चल रहे अवैध साइकोट्रोपिक पदार्थों और आपूर्ति इकाइयों के निर्माण के एक अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि 70.42 लाख नशीली गोलियां/कैप्सूल, 725.5 किलोग्राम नशीली ट्रामाडोल पाउडर और 2.37 लाख रुपये की नशीली दवाओं की जब्ती के साथ पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में फैले ऑपरेशन चला रहे मास्टरमाइंड सहित सात ड्रग तस्करों/आपूर्तिकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया।

कैमरे में कैद हुईं दुर्लभ तस्वीरें

ऑरोरा की रंग बिरंगी रोशनी से नहाया लदाख का आसमान

संवाददाता, नैनीताल

- दोरजे अंगचुक देश के सर्वश्रेष्ठ एस्ट्रो फोटोग्राफरों में से एक

अमृत विचार : लदाख में दुर्लभ ऑरोरा रंग बिरंगी रोशनी की दुर्लभ खगोलीय घटना देखी गई। लद्दाख वेधशाला के प्रभारी इंजीनियर का दोरजे अंगचुक ने ऑरोरा की तस्वीर कैमरे में कैद की हैं। आने वाले दिनो में भी यह घटना देखी जा सकेगी।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक व सौर विज्ञानी प्रो दीपांकर बनर्जी ने बताया कि लदाख से पिछली बार, लगभग एक वर्ष पूर्व लदाख के हानले स्थित वेदशाला से डिटेक्ट की गई थी। भारत के लदाख में ऑरोरा देखा जाना देश ही नही बल्कि दुनिया के लिए बड़ी खबर है। इनके भविष्य में देखे जाने के संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

मगर यह पृथ्वी की दिशा में आने वाले सौर तूफानों पर निर्भर करता है। उन्होंने बताया कि का दोरजे अंगचुक देश के सर्वश्रेष्ठ एस्ट्रो फोटोग्राफरों में से एक हैं। लदाख में ऑरोरा की तस्वीरें कैमरे मे उतारने के लिए जुटे हुए हैं। यह 25 वा सोलर साइकिल चल रहा है। इन दिनों सूर्य मैक्सिमा यानी अत्यधिक सक्रियता के दौर से गुजर रहा है।

जिस कारण पृथ्वी के ध्रुवीय व चुम्बकीय क्षेत्रों में मनमोहक रंग में ऑरोरा नजर आते रहेंगे। लदाख के का दोरजे अंगचुक से फोन पर हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि बीती रात तीन बजे तक ऑरोरा की तलाश में जुटे रहे। रात दो से तीन बजे के बीच स्याह अंधेरे में ऑरोरा की तस्वीरें कैमरे में कैद करने की सफलता मिल गई। इन दिनों सूर्य बेहद सक्रिय है और सूर्य की सतह से निरंतर सौर भभुकाएँ उठ रही हैं।



उड़ान में अभद्र बर्ताव को लेकर यात्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

मंगलुरु। एअर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल की शिकायत के बाद दुबई और मंगलुरु के बीच उड़ान के दौरान अभद्र व्यवहार करने को लेकर एक यात्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि उड़ान के सुरक्षा समन्वयक सिद्धार्थदास ने बाजपे पुलिस थाने में मोहम्मद बी सी के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी।

घटना 9 मई की सुबह हुई और उसी दिन शाम को प्राथमिकी दर्ज की गई। मोहम्मद ने 8 मई की रात को एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान से दुबई से मंगलुरु की यात्रा की और अगले दिन सुबह 7.30 बजे मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा। विमान के दुबई के लिए उड़ान भरने के बाद उसने चालक दल से कृष्णा नामक व्यक्ति के बारे में पूछा। कृष्णा नाम उस उड़ान के यात्रियों की सूची में नहीं था।

कुवैत के अमीर ने भंग की संसद

राजनीतिक उठापटक के बीच विभाग कंट्रोल में लिए, कहा-देश के लिए मुश्किल फैसला लिया

कुवैत, एजेंसी

तेल की अकूत संपदा से मालामाल खाड़ी देश कुवैत के नए अमीर शेख मिशाल ने संसद को भंग कर दिया है। अमीर ने सरकारी टीवी पर एक संबोधन में इसकी घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने संविधान के कुछ अनुच्छेदों को भी निलंबित कर दिया है। कहा गया है कि ये संविधान पर निलंबन चार साल से ज्यादा नहीं होगा। इस दौरान देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सभी पहलुओं का अध्ययन किया जाएगा। सरकारी टीवी के मुताबिक, इस दौरान नेशनल असेंबली की सभी शक्तियां अमीर और देश की कैबिनेट के पास होंगी।

83 साल के कुवैती अमीर ने कहा कि कुवैत हाल ही में कुछ कठिन समय से गुजर रहा है, जिससे देश को बचाने और अपने उच्चतम हितों को सुरक्षित करने के लिए कड़े फैसले लेने में झिझक या देरी के लिए कोई जगह नहीं बचती है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले कुछ वर्षों राज्य के अधिकांश विभागों में भ्रष्टाचार की पहुंच से कुवैत का माहौल खराब हुआ है। दुर्भाग्य से भ्रष्टाचार सुरक्षा और आर्थिक संस्थानों तक पहुंच गया है। उन्होंने न्याय प्रणाली में भी भ्रष्टाचार होने की बात कही है।

सालों से चल रहा राजनीतिक संकटकुवैत पिछले कुछ सालों से घरेलू राजनीतिक विवादों से घिरा रहा है. देश का वेल्फेयर सिस्टम इस संकट का एक प्रमुख मुद्दा रहा है और इसने सरकार को कर्ज लेने से रोका है. इसकी वजह से अपने तेल भंडार से भारी मुनाफे के बावजूद सरकारी खजाने में पब्लिक सेक्टर के कर्मचारियों को वेतन देने के लिए बहुत कम पैसे बचे हैं. कुवैत में भी दूसरे अरब देशों की तरह शेख वाली राजशाही सिस्टम है, लेकिन यहां की विधायिका पड़ोसी देशों से ज्यादा पावरफुल मानी जाती है।

कुबैत की संसद भंग होने के बाद प्रमुख देश यहां की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

लोकतंत्र के गलत इस्तेमाल की कही बात

कुवैती अमीर ने कहा कि मैं देश को बर्बाद करने के लिए लोकतंत्र के गलत इस्तेमाल की अनुमति कभी नहीं दूंगा। क्योंकि कुवैत के लोगों का हित सबसे ऊपर है। कुवैत ने लंबे समय से चले आ रहे राजनीतिक गतिरोध से बाहर निकलने की कोशिश में इसी अप्रैल में राष्ट्रीय चुनाव करवाए थे, जो पिछले कुछ वर्षों में चौथी बार था। कुवैत में भी अरब देशों की तरह शेख वाली राजशाही व्यवस्था है, लेकिन यहां पर विधायिका पड़ोसियों के मुकाबले अधिक प्रभाव रखती है। पिछले कई वर्षों से कुवैत घरेलू राजनीतिक विवाद में फंसा हुआ है। इस गतिरोध ने शेखशाही व्यवस्था को कर्ज लेने से रोक दिया है। इसके चलते तेल भंडार से अपार धन कमाने के बावजूद कुवैत के खजाने में सरकारी कर्मचारियों को वेतन देने के लिए बहुत कम राशि बची है।

28 सालों में 12 बार कुवैत की संसद भंग हुई है

कतर की संसद में 50 सदस्य होते हैं, जिसका नेता प्रधानमंत्री होता है। ये सारे सदस्य निर्दलीय रूप से चुने जाते हैं, क्योंकि कुवैत में राजनीतिक पार्टियां पर प्रतिबंध है। इसके अलावा 16 सदस्यों की एक कैबिनेट होती है, जिसे पीएम खुद चुनते है। हालांकि प्रधानमंत्री का पद पर नियुक्ति कुवैत के अमीर ही करते है। और संसद पर भी उन्हीं की ही पकड़ होती है।वे जब चाहे संसद को भंग कर सकते हैं। हालांकि असेंबली भंग करने के 2 महीनों के अंदर ही चुनाव करवाने होते हैं। इससे पहले भी कुवैत की संसद कई बार भंग की जा चुकी है। 2006 से 2024 के बीच लगभग 12 बार कुवैत की जनरल असेंबली को भंग किया जा चुका है। बीबीसी के मुताबिक कुवैत के इतिहास में राजनीतिक उठापटक के कारण 4 बार संसद को भंग किया गया है।

आईएमएफ को कर्ज चुकाने की पाकिस्तान की क्षमता पर संदेह

इस्लामाबाद। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने कहा है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वैश्विक वित्तीय निकाय ने नकदी की कमी से जूझ रहे देश की कर्ज चुकाने की क्षमता पर संदेह किया है। एक मीडिया रिपोर्ट में शनिवार को यह जानकारी दी गई। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के बारे में वाशिंगटन स्थित बैंक का आकलन ऐसे वक्त में आया है, जब आईएमएफ सहायता दल शुक्रवार को यहां अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए पहुंचा है। ईएफएफ के तहत नए राहत पैकेज का अनुरोध किया था।

जम्मू-कश्मीर : छह आतंकवादियों के पुलिस ने जारी किए स्केच

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में हुई मुठभेड़ में शामिल छह आतंकवादियों के स्केच जारी किए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, इन आतंकवादियों ने पाकिस्तान से भारतीय सीमा में घुसपैठ की और घने जंगलों में भागने से पहले गोलीबारी में एक गांव के रक्षा गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी।

उधमपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) जोगिंदर सिंह ने आतंकवादियों के एक सहयोगी की गिरफ्तारी के साथ इस मामले में पहली सफलता मिलने की घोषणा की। आतंकवादियों के इस सहयोगी ने सीमा पार से घुसपैठ के बाद आतंकियों को इलाके तक पहुंचने में मदद की थी। एसएसपी सिंह ने कहा कि छह आतंकवादियों के ''स्केच'' विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों, जनता और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के आधार पर तैयार किए गए हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा हमें उम्मीद है कि लोग आगे आएंगे और आतंकवादियों को ढेर करने में सुरक्षा एजेंसियों की मदद करेंगे। ग्राम रक्षक (वीडीजी) मोहम्मद शरीफ 28 अप्रैल को बसंतगढ़ के पनारा गांव में घेराबंदी और तलाशी अभियान के बाद आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे।

सांबा में दो अपराधी गिरफ्तार, मामला दर्ज

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में पुलिस ने शनिवार को दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर एक गैंगस्टर सहित तीन लोगों के खिलाफ सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया।

पुलिस ने बताया कि जिले में आपराधिक गिरोहों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए गटरू गिरोह के दो कुख्यात अपराधियों को हिरासत में लेकर जेल भेजा गया है।

- सार्वजनिक शांति और व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा थे दोनों अपराधी

एक की पहचान गिरोह के मुखिया सुमित जंडियाल उर्फ गटारू के रूप में की गई और उस पर जम्मू-कश्मीर सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत मामला दर्ज किया गया। गैंगस्टर सुमित और गटारू गिरोह के सदस्य सौरव गुप्ता दोनों सांबा जिला के विजयपुर निवासी ओम प्रकाश के पुत्र हैं और इनके खिलाफ संगठित तरीके से आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इस गिरोह के कारण सार्वजनिक शांति और व्यवस्था के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। गैंगस्टर गटारू जिले में अपने भाई सौरव तथा अन्य सदस्यों के साथ मिलकर गटारू गिरोह का संचालन कर रहा है।

दस नेपाली पेशेवर पर्वतारोहियों ने माउंट एवरेस्ट फतह की

काठमांडू, एजेंसी

- इस मौसम में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने वाला पहला अभियान दल

नेपाल के दस पेशेवर पर्वतारोहियों ने शुक्रवार रात को माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफलता हासिल की। यह इस मौसम में दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने वाला पहला अभियान दल है। इस पर्वतारोहण अभियान का आयोजन करने वाले सेवन समिट ट्रैक के कर्मी थानी गुरगैन ने कहा कि डेंडी शेरपा के नेतृत्व में पर्वतारोहियों की टीम शुक्रवार रात सवा आठ बजे 8,848.86 मीटर ऊंची शिखर पर पहुंची।

पर्वतारोही रस्सियां लगाते हुए पर्वत शिखर पर पहुंचे। ये रस्सियां पर्वतारोहियों को पर्वत पर चढ़ने में सुविधा प्रदान करेंगी। पर्यटन विभाग के पर्वतारोहण अनुभाग के एक अधिकारी चुन बहादुर तमांग ने शुक्रवार रात एक नोटिस जारी करते हुए कहा कि रस्सी लगाने का काम पूरा होने के बाद माउंट एवरेस्ट अब नेपाल और विदेशी पर्वतारोहियों की चढ़ाई के लिए खुल गया है। विभाग के मुताबिक एवरेस्ट पर सफलतापूर्वक चढ़ने वाले अन्य पर्वतीय गाइडों में तेनजिंग ग्यालजेन शेरपा, पेम्बा ताशी शेरपा, लकपा शेरपा, दावा रिनजी शेरपा, दावा शेरपा, पाम सोरजी शेरपा, सुक बहादुर तमांग, नामग्याल दोरजे तमांग और लकपा रिनजी शेरपा शामिल हैं। कुल मिलाकर 41 पर्वतारोहण अभियानों से संबद्ध 414 पर्वतारोहियों को इस सीज़न में एवरेस्ट पर चढ़ने की अनुमति मिली है।

आपातकालीन सेवाओं के लिए पूरे साल खुला रहेगा भारतीय वाणिज्य दूतावास

न्यूयॉर्क। यहां भारत के महावाणिज्य दूतावास ने घोषणा की है कि आपात स्थिति के मामले में लोगों की भारत यात्रा में मदद और सुविधा प्रदान करने के लिए यह सभी छुट्टियों सहित पूरे वर्ष खुला रहेगा। वाणिज्य दूतावास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि यह आम जनता की आपातकालीन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शनिवार और रविवार सहित अन्य सार्वजनिक छुट्टियों के दौरान अपराह्न दो बजे से शाम चार बजे तक खुला रहेगा। यह सुविधा वास्तविक आपात स्थिति वाले लोगों के लिए है। उसने आवेदकों को सलाह दी कि किसी भी आपातकालीन सेवा के लिए आने से पहले उन्हें संबंधित सेवा से जुड़े सहायक दस्तावेजों के बारे में पता लगाने के वास्ते दूतावास के आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे अनुरोध आपातकालीन सेवाओं की श्रेणी में आते हैं।

गाजा में इजरायली बमबारी में 31 लोगों की मौत, कई घायल

गाजा, एजेंसी

गाजा पट्टी के विभिन्न इलाकों में इजरायली बमबारी में करीब 31 लोग मारे गये व कई अन्य घायल हो गये। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी। इजरायली लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार को मध्य गाजा पट्टी के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिसमें करीब 24 लोग मारे गए। इसके गाजा के उत्तरी क्षेत्र जबालिया में सात अन्य लोग मारे गये।

मिस्र के काहिरा में गुरुवार को इजरायल-हमास संघर्ष विराम पर आयोजित वार्ता विफल होने के बाद इजराइल ने राफा पर हमले तेज कर दिये हैं। संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कहा कि शहर में इजरायली बमबारी तेज होने के कारण सुरक्षा की तलाश में लगभग 110,000 लोगों को राफा से विस्थापित होना पड़ा। एजेंसी ने बताया कि राफा में 34 यूएनआरडब्ल्यूए चिकित्सा बिंदुओं में से दस को बंद कर दिया गया था और क्षेत्र में इसके तीन परिचालन स्वास्थ्य केंद्र कम क्षमता पर काम कर रहे थे।

पाकिस्तान की शीर्ष अदालत के फैसले के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन ने 27 आरक्षित सीट गंवायी

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पीएमएल-एन की अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन को बड़ा झटका लगा है, क्योंकि प्रांतीय एसेम्बली के अध्यक्ष ने 27 जन प्रतिनिधियों की सदस्यता स्थगित कर दी है। मीडिया ने यह जानकारी दी है। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने एक निचली अदालत के उस फैसले को निलंबित कर दिया जिसमें उसने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल को महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीट में उसका हिस्सा देने से इनकार कर दिया था।

प्रांतीय एसेंबली के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद खान ने आरक्षित सीट पर नियुक्त की गयी महिलाओं और गैर मुसलमानों की सदस्यता स्थगित कर दी। उन्हें पाकिस्तान निर्वाचन आयोग की पिछली अधिसूचनाओं के मार्फत आरक्षित सीट पर नियुक्त किया गया था। एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने यह खबर दी है।

रूस ने उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के पांच गांवों पर नियंत्रण का दावा किया

कीव, एजेंसी

रूस के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दावा किया कि रूसी बलों ने उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के पांच गांवों पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। यूक्रेन के पत्रकारों ने शुक्रवार को बताया कि रूसी सैनिकों ने बोरिसिव्का, ओहिरत्सेव, पिल्ना और स्ट्राइलेचा गांवों पर कब्जा कर लिया है और ये सभी गांव यूक्रेन के खार्किव क्षेत्र में स्थित हैं।

रूसी अधिकारियों ने यह भी दावा किया कि उन्होंने प्रांत पर किए गए हालिया हमले में एक अन्य गांव प्लेटेनिव्का पर भी कब्जा कर लिया है। यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा कि रूसी बलों के हमले के कारण 1,700 से अधिक आम लोगों को क्षेत्र से निकलना पड़ा। खार्किव के गवर्नर ओलेह एस. ने कहा कि हवाई हमलों और बमबारी में 30 से अधिक विभिन्न कस्बों और गांवों को निशाना बनाया गया, जिसमें कम से कम तीन लोग मारे गए और पांच घायल हो गए। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी बलों ने ड्रोन और मिसाइलों से हमले किये। उसने कहा कि हवाई सुरक्षा प्रणाली ने 21 रॉकेट और 16 ड्रोन को नष्ट कर दिया, जो रूस के बेलगोरोद, कुर्स्क और वोल्गोग्राद प्रांत को निशाना बनाकर दागे गए थे।

लुगांस्क पर हमले में तीन लोगों की मौत

लुगांस्क। यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले शहर लुगांस्क के बाहरी क्षेत्र रोवेंकी में एक तेल डिपो पर मिसाइल हमला किया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गये। स्थानीय नेता लियोनिद पासेचनिक ने अपने टेलीग्राम चैनल पर लिखा लुगांस्क के रोवेन्की पर आज का हमला संभवत: क्लस्टर हथियारों से लैस अमेरिकी निर्मित एटीएसीएमएस मिसाइलों के साथ किया गया। हमले से तेल डिपो आग की चपेट में आ गया और इसके आसपास के घर भी क्षतिग्रस्त हो गये।

अगरतला महिला कॉलेज में मोबाइल फोन पर लगा प्रतिबंध

अगरतला। त्रिपुरा के अगरतला में महिला कॉलेज की प्रधानाचार्या ने पढ़ाई में विघ्न पढ़ने के कारण मोबाइल फोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। प्रधानाचार्या सरबरी नाथ ने शनिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा हमारे संज्ञान में आया है कि किशोरियां मोबाइल फोन की आदी होती जा रही हैं और अगर अध्यापिका उनके पास से गुजर भी जाएं तो उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता, यानी कि शिक्षण-अधिगम गतिविधियों को प्रभावित करने के साथ-साथ छात्रों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन जाता है। ज्यादातर विद्यार्थी पूरी तरह से फोन में व्यस्त होते जा रहे हैं, हालांकि उनके आस-पास बहुत सी चीज़ें घटित होती हैं, फिर भी वे ऊपर तक नहीं देखते जो बहुत निराशाजनक है। किशोर और किशोरियां कॉलेज आते हैं और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हैं लेकिन अब कॉलेज परिसर में कोई शोर नहीं है, हर कोई मोबाइल पर व्यस्त है।

एतराज | पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष बोली- प्रशासन ने पुलवामा को लक्षित करके लगाए प्रतिबंध

महबूबा ने चुनाव फिक्सिंग करने का लगाया आरोप

श्रीनगर, एजेंसी

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को पुलवामा जिले में धारा 144 लागू करने पर सवाल उठाया और प्रशासन पर लोकसभा चुनाव को गड़बड़ी करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। महबूबा ने कहा कि अधिकारियों ने दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में अपराध प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत शनिवार शाम 6.30 बजे से 48 घंटे के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। पुलवामा श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है, जहां पर सोमवार को मतदान होना है।

उन्होंने श्रीनगर में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि यह अभूतपूर्व है और ऐसा पहले नहीं हुआ है कि जहां चुनाव होने हैं, वहां प्रतिबंध लगाए गए हैं और वह भी चुनाव प्रचार के समापन के समय में। उन्होंने कहा कि ये प्रतिबंध पुलवामा को लक्षित करके लगाए गए हैं। उधर, महबूबा के आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, पुलवामा के उपायुक्त ने कहा कि चुनाव प्रचार के लिए चुनाव आयोग के पिछले 72 और 48 घंटों से संबंधित विशिष्ट मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत इसे अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि ईसीआई दिशानिर्देश पिछले 72 घंटों और पिछले 48 घंटों के लिए विशिष्ट एसओपी को अनिवार्य करते हैं। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 और धारा 130 और एसओपी संस्करण 2 पैरा 4.1.1, 4.1.2, 4.1.3 के तहत सीआरपीसी की धारा 144 लागू करने का प्रावधान है। ऐसे आदेश अन्य जिलों द्वारा भी जारी किए गए हैं जहां चुनाव हुए थे/चुनाव होने वाले हैं।

मौन अवधि होने के कारण प्रतिबंध अभियान आदि से संबंधित विशिष्ट गतिविधियों पर लागू होते हैं। पुलवामा के उपायुक्त ने एक्स पर कहा कि प्रतिबंध केवल क्रम में निर्दिष्ट बिंदुओं से संबंधित हैं, सामान्य प्रतिबंधों से नहीं वहीं, महबूबा ने कहा कि पीडीपी कार्यकर्ताओं (जो पार्टी के चुनाव अभियान में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं) पुलिस द्वारा बुलाया जा रहा है और चुनाव से पहले हिरासत में भी लिया जा रहा है। उन्होंने कहा यह केवल पुलवामा तक ही सीमित नहीं है। कुछ दिन पहले सुरनकोट पुंछ में हमला हुआ था।

उसके बाद, हमारे 50-60 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है और एक अजीब माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर चुनाव आयोग को 1987 के चुनाव दोहराने हैं, तो चुनाव का यह नाटक क्यों? अगर उन्हें इख्वान (सरकार समर्थक बंदूकधारी) या इख्वानों की पार्टी बनानी है, तो उन्हें ऐसा कहना चाहिए।

पत्रकारों को संबोधित करतीं महबूबा मुफ्ती। ● एजेंसी